रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, रविवार 23 फरवरी 2025 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-183 मूल्य 3.00 ₹

क्विक न्यूज़

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात

नयी दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उनके आवास में भेंट की और दिल्ली में सुशासन और विकास के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के साथ इस भेंट की जानकारी सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट की। रेखा गुप्ता ने कहा, प्रधानमंत्री आवास में प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की।

शक्तिकांत दास प्रधानमंत्री के प्रमुख सचिव-2 नियुक्त

नयी दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर शक्तिकांत दास को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रधान सचिव-2 के रूप में नियुक्त किया गया। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति द्वारा जारी आदेश के अनुसार दास की नियुक्ति प्रधानमंत्री के कार्यकाल के साथ या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, समाप्त हो जाएगी। आदेश में बताया गया है कि दास प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव-1 डॉ. पी. के. मिश्रा के साथ प्रधानमंत्री के निजी सचिव के रूप में काम करेंगे।

टाटा के हाथ में एयर इंडिया बेहतर हुई होगी, यह भ्रम टूट गया : शिवराज

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को भोपाल से नयी दिल्ली के लिए एयर इंडिया की एक उड़ान में अपनी आवंटित सीट टूटी और धंसी मिली और इसको लेकर उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि आज उनका यह भ्रम टूट गया कि टाटा समूह के हाथ में जाने के बाद इस एयरलाइन की सेवा बेहतर हुई होगी। चौहान ने डिजिटल मीडिया मंच एक्स पर हिंदी में एक पोस्ट में लिखा कि उन्हें आज भोपाल से दिल्ली आना था और पूसा में किसान मेले का उद्घाटन, कुरुक्षेत्र में प्राकृतिक खेती मिशन की बैठक और चंडीगढ़ में किसान संगठन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में भाग लेना था। उन्होंने एयर इंडिया की उड़ान संख्या एआई-346 का टिक लिया था। उन्होंने टूटी सीट को लेकर जब विमानकर्मियों से बात की तो उन्हें बताया गया कि इसकी सूचना एयरलाइन के प्रबंधन को पहले ही दी जा चुकी थी और कहा गया था कि उक्त सीट का टिकट न बेचा जाए लेकिन सभी सीटों के टिकट बेच दिए गए थे।

अडानी और हसदेव अरण्य: वन और वन्य जीवों पर मंडराया संकट

जीव-जन्तुओं समेत पेड़ों की 150 से अधिक प्रजातियां हो जाएगी खत्म

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

पायनियर खास

छत्तीसगढ़ का फेफड़ा कहलाने वाला हसदेव अरण्य एक बार फिर उजड़ने जा रहा है। 18 मिलियन के लक्ष्य को पूरा करने के लिए सम्भवतः मार्च-अप्रैल में एनओसी मिलने के बाद फिर लाखों की तादात में पेड़ों की कटाई की जाएगी। अडानी समूह छत्तीसगढ़ में कोल खनन का काम कर रही है। कोल खनन की तैयारी इन दिनों जोरों पर है। दरअसल हसदेव में अडानी समूह को मिले कोल ब्लाक से कोयला निकालने के लिए हसदेव अरण्य के तकरीबन 10 लाख पेड़ काटे जाने हैं। गर्मी आते ही मार्च-अप्रैल में पेड़ों की कटाई शुरु होनी है, जिसकी तैयारियां इन दिनों जोरों पर हैं। कोल खनन को लेकर स्थानीयों के लाख विरोध काम नहीं आये, आखिरकर छत्तीसगढ़ का फेफड़ा कहलाने वाला हसदेव अरण्य उजड़ने ही जा रहा है। हसदेव अरण्य के उजड़ने का दूरगामी प्रभाव क्या होगा? इसको लेकर चारों ओर बहस छिडी हुई है। वहीं कई संगठन इसके विरोध में लगतार प्रदर्शन कर रहे हैं। लेकिन समाजसेवी संगठनों के प्रदर्शन और वन्य जीव, पर्यावरण प्रेमियों की चिंता पर अब तक कोई विचार नहीं किया गया है। निश्चित रुप से हसदेव अरण्य के उजड़ने से वन एवं वन्य जीवों पर एक बार फिर संकट मंडराने लगा है।

हरा-भरा हसदेव अरण्य
फाइल फोटो

आदिवासियों - वनवासियों के जीविका पर भी संकट

इस इलाके के आसपास ज़्यादातर आदिवासी निवासरत है। आम तौर पर आदिवासियों-वनवासियों के जीविकोपार्जन का साधन लघुवनोपाज होता है। निश्चित ही जंगल के उजडने से इस क्षेत्र के आदिवासियों-वनवासियों के जीविकोपार्जन के साथ ही उनके मूल स्वभाव में असर पड़ेगा।

सुप्रीम कोर्ट ने वन क्षेत्र के कम होने पर जताई है नाराज़गी

हाल ही में एक याचिका के दौरान वन क्षेत्रों की कमी पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराज़गी व्यक्त की है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने वन क्षेत्रों को कम ना करने की बात कही है। हालाँकि सुनवाई का संदर्भ अभ्यारण्यों और वन क्षेत्रों की कमी से था। सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों पर नाराज़गी व्यक्त करते हुए साफ तौर पर कहा है कि वन क्षेत्र किसी भी हाल में कम नहीं किए जाने चाहिए। हालांकि इस याचिका का संदर्भ हसदेव अरण्य और कोल खनन से नहीं है।

पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं सरगुजा क्षेत्र के कद्दावर नेता टीएस सिंहदेव ने नई खदानों में कोल खनन को लेकर साफ तौर पर आपत्ति जताई है। पायनियर से चर्चा करते हुए टीएस सिंहदेव ने कहा कि पूर्व में डॉ. रमन सिंह की सरकार के दौरान यूपीए सरकार ने जो खदान स्वीकृत की थी, उसकी अलग स्थति थी। उसमें लोगों को नौकरी इत्यादि की आशा थी। उस प्रकरण की अलग बात है। लेकिन नई खदानों पर खुले तौर पर आपत्ति है, इसके लिए स्थानीय लोग भी विरोध कर रहे है। इसमें दो ब्लॉक है, जिसको लेकर 90 प्रतिशत से अधिक ग्रामीण कोल खनन के लिए सहमत नहीं है। सिंहदेव ने कहा कि वन एवं वन्यजीवों की चिंता के साथ-साथ स्थानीयों की भी चिंता की जानी चाहिए।



पेड़ों प्रजातियां खत्म हो जाएंगी

एक ओर पूरा विश्व ग्रीन लैंड की पहल कर रहा है। दूसरी ओर भारतवर्ष को विरासत में मिला हसदेव अरण्य उजड़ने जा रहा है। इसके लिए केन्द्र और राज्य स्तर पर कोई समाधान नहीं निकाला गया। वन्य जीव एवं पर्यावरण प्रेमियों की माने तो इस निर्णय से आने वाले समय में बुरा असर पड़ सकता है। दरअसल हसदेव अरण्य में पेडों की कटाई में 150 से अधिक प्रजातियां खत्म हो जाएगी।

वन्य जीवों पर संकट के बादल

यह इलाका हाथियों के लिए भी प्रिय रहा है। सम्भवतः इसीलिए इसे 'नो गो' इलाका घोषित किया गया था। कोल खनन और जंगल की कटाई से हाथियों के साथ ही इस क्षेत्र में निवासरत अनेकों वन्यजीवों का रहवास छिन जाएगा। दरअसल वन्यजीव संस्थान के रिपोर्ट के अनुसार तारा, परसा और केते एक्सटेंशन कोयला खदानों के क्षेत्र में स्तनपाई वन्य जीवों की 9 ऐसी प्रजातियां मौजूद हैं, जो अनुसूची -1 में शामिल हैं। जिन्हें विशेष संरक्षित प्रजातियों की श्रेणी में रखा गया है। इन वन्यजीवों पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं।

अन्य प्रजातियों पर भी खतरा

हसदेव अरण्य के उजड़ने से मनुष्य ही नहीं जीव जन्तुओं पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इस क्षेत्र में तकरीबन 23 प्रकार के सरीसृप और 40 से अधिक प्रजाति की तितलियां पाई जाती हैं। इसके साथ ही 30 से अधिक प्रजाति के स्तनपाई जीवों के होने का भी दावा किया जाता है। जिसमें आधा दर्जन से ज्यादा विलुप्त होने के कगार पर है। कुल मिलाकर हसदेव के उजड़ने से मनुष्य के साथ साथ-साथ जीव -जन्तुओं पर भी बुरा प्रभाव पड़ सकता है। इसके बावजूद इसका समाधान नहीं खोजा जा रहा है?

90 से अधिक पक्षियों की प्रजातियां, 6 अनुसूची-1 में शामिल

रिपोर्ट के अनुसार इस क्षेत्र में तकरीबन 90 से अधिक पक्षिओं की प्रजातियों का रहवास है, जिसमें से 6-अनुसूची-1 में शामिल हैं। जिसमें प्रमुख रुप से वजर्ड, ब्लैक सोलजर्स काइट प्रमुख रुप से शामिल हैं। इसके अलावा तितलियों की कई प्रजातियां मौजूद हैं, जिस पर प्रतिकूल प्रभाव पड सकता है।

पीएम मोदी कल भागलपुर से जारी करेंगे पीएम-किसान योजना की 19वीं किस्त

पायनियर संवाददाता ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल बिहार में भागलपुर में एक कार्यक्रम में पीएम किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त जारी करेंगे जिसमें किसानों को 2000 रुपये प्रति किस्त के हिसाब से साल में छह हजार रुपये का प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) किया जाता है। जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार केंद्रीय कृषि मंत्रालय इसके लिए केंद्रीय पशुपालन और डेयरी विभाग (एएचएंडडी), रेल मंत्रालय और बिहार सरकार के समन्वय से वहां उस दिन एक 'किसान सम्मान समारोह' का आयोजन करेगा जिसमें प्रधानमंत्री पीएम- किसान योजना की 19वीं किस्त जारी करेंगे। मोदी रविवार से मध्य प्रदेश , बिहार और असम के तीन दिन के दौरे पर होंगे। कृषि एवं किसान मंत्रालय के अनुसार 19वीं किस्त जारी होने से देश भर में 2.41 करोड़ महिला किसानों सहित 9.8 करोड़ से अधिक किसान लाभान्वित होंगे और उनके खातों में 22,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि पहुंचायी जाएगी। पीएम-किसान) योजना, 24 फरवरी 2019 को शुरू की गई थी। अब तक देश के 11 करोड़ से अधिक किसान परिवारों को 18 किस्तों के माध्यम से 3.46 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि वितरित की जा चुकी है। 19वीं किस्त जारी होने के साथ ही किसानों के खातों में कुल 3.68 लाख करोड़ रुपये पहुंच जाएंगे। मंत्रालय विज्ञप्ति में कृषि एवं किसान मंत्री शिवराज सिंह चौहान के हवाले से कहा गया है कि किसानों का कल्याण मोदी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने बताया है कि अकेले बिहार के किसानों को पिछली किस्तों के माध्यम से 25,497 करोड़ रुपये से अधिक प्राप्त हुए हैं जिससे राज्य के 86.56 लाख से अधिक किसानों को लाभ हुआ है। 19वीं किस्त में बिहार के लगभग 76.37 लाख किसानों को 1,591 करोड़ रुपये से अधिक का लाभ मिलेगा जिससे प्रदेश में लाभार्थियों को हस्तांतरित कुल लाभ राशि लगभग 27,088 करोड़ रुपये हो जाएगी। अकेले भागलपुर में, अब तक पीएम किसान की 18 किस्तों के तहत लगभग 2.82 लाख लाभार्थियों को 813.87 करोड़ रुपये से अधिक हस्तांतरित किए गए हैं। 19वीं किस्त में लगभग 2.48 लाख लाभार्थियों को 51.22 करोड़ रुपये से अधिक का लाभ मिलेगा।

नीति आयोग ने नारायणपुर को दिया 10 करोड़ रुपये का पुरस्कार

पायनियर संवाददाता ‹ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

नीति आयोग ने नारायणपुर को 10 करोड़ रुपये का पुरस्कार दिया है। यह सम्मान जिले को कृषि, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और समग्र विकास में शानदार प्रदर्शन के लिए मिला है। नारायणपुर में खेती को उन्नत बनाने, लोगों को नए रोजगार देने और गांवों में जरूरी सुविधाएं बढ़ाने के लिए खास योजनाएं चलाई जा रही हैं। किसानों को नई तकनीक और संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे उनकी फसल अच्छी हो और आमदनी बढ़े। वहीं, गांवों में सड़कें, बिजली, पानी और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। इस पुरस्कार से नए विकास कार्यों को और गति मिलेगी। अब नारायणपुर में बेहतर योजनाएं लागू होंगी, जिससे गांवों की तरक्की तेज होगी और लोगों का जीवन स्तर ऊंचा उठेगा।

सीएम साय ने प्रसन्नता व्यक्त की

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि नारायणपुर के लोगों की मेहनत और हमारी सरकार की प्रतिबद्धता ने जिले को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। नीति आयोग द्वारा कृषि, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और समग्र विकास में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए नारायणपुर को 10 करोड़ रुपये का पुरस्कार दिया गया है। यह जिले के लोगों की मेहनत का सम्मान है साथ ही सरकार की जनहितैषी नीतियों की सफलता का प्रमाण भी है। खेती को उन्नत बनाने, नए रोजगार अवसर सृजित करने और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के हमारे प्रयास जारी रहेंगे।

2.1 करोड़ डॉलर का मुद्दा ट्रंप ने फिर दोहराया

कांग्रेस की मांग: ट्रम्प के बयान का श्वेतपत्र पर जवाब दे सरकार

वार्ता ‹ नयी दिल्ली/ वाशिंगटन
www.dailypioneer.com

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने लगातार तीसरे दिन 'वोटर टर्नआउट' के लिए कथित रूप से भारत को मिले 2.1 करोड़ डॉलर का मुद्दा उठाया है। ट्रंप का यह ताजा बयान उस रिपोर्ट के बाद आया है जिसमें दावा किया गया है कि 2022 में 2.1 करोड़ डॉलर का अनुदान भारत के लिए नहीं बल्कि बंगलादेश के लिए मंजूर किया गया था। राष्ट्रपति ट्रंप ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मेरे मित्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारत को 'वोटर टर्नआउट' के लिए 2.1 करोड़ डॉलर दिए जा रहे हैं। हम भारत में मतदान के लिए 2.1 करोड़ डॉलर दे रहे हैं। हमारा क्या? मैं भी तो मतदान बढ़ाना चाहता हूं। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में राष्ट्रपति ट्रंप ने बंगलादेश को मिले 2.9 करोड़ डॉलर अमेरिकी मदद का भी जिक्र किया। ट्रंप ने कहा कि बंगलादेश को 2.9 करोड़ डॉलर राजनीतिक परिदृश्य में स्थिरता लाने के लिए दिए गए। उन्होंने कहा, बंगलादेश में 2.9 करोड़ अमेरिकी डॉलर एक ऐसी फर्म को दे दिए गए, जिसके बारे में किसी ने कभी सुना ही नहीं था। उस फर्म में केवल दो लोग काम कर रहे थे। गौरतलब है कि अमेरिकी सरकार की एजेंसी यूएसएड की ओर से कथित रूप से भारत को दिए गए मदद का मुद्दा देश में राजनीतिक टकराव की वजह बन गया है। भारत में इस मुद्दे पर कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के बीच तीखी नोकझोंक चल रही है।

नई दिल्ली। कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के अनुसार यूएसएड से 21 मिलियन डॉलर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मिले हैं तो अब मोदी की जिम्मेदारी है कि वह ट्रम्प के बयान पर देश को जवाब दें। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि अब खुद राष्ट्रपति ट्रम्प ने कह दिया है कि पैसा मोदी को गया है तो मुद्दे को भटकाने की बजाय इस राशि का पाई-पाई हिसाब श्वेत पत्र के माध्यम से देश को देना चाहिए। उन्होंने ट्रम्प का बयान सुनते हुए दावा किया है कि 21 मिलियन डॉलर मोदी को चुनाव प्रभावित करने के लिए दिए गये हैं। खेड़ा ने कहा,'ट्रम्प के इस बयान के बाद आज भाजपा में चारों तरफ चुप्पी है लेकिन हम मोदी से जानना चाहते हैं कि ये पैसा कहां गया। ट्रम्प के बयान से साफ है कि 21 मिलियन डॉलर यानी करीब 181 करोड रुपये मोदी को दिया गया है। यह फंड चुनावों को प्रभावित करने और वोटर टर्नआउट बढ़ाने के लिए दिए। हम लगातार वोटर टर्नआउट के बारे में सरकार से सवाल कर रहे हैं और अब पूछ रहे हैं कि क्या इसी पैसे से वोटर टर्न आउट बढ़ रहा है। कितना भी विदेशी फंड आए वह भारत के लोकतंत्र को कमजोर नहीं कर पाएगा।' उन्होंने कहा,' वर्ष 2001 से 2024 तक भारत को 2.1 अरब डॉलर मिले हैं। इस राशि का 44.4 प्रतिशत मोदी सरकार बनने के बाद आया है और 40 प्रतिशत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार के समय आया गया था इसलिए इस मामले में श्वेत पत्र जारी किया जाना चाहिए।

साय कैबिनेट में कई अहम फैसले

धान की शेष राशि का भुगतान : 3300 करोड़ रूपए की अनुमति का अनुमोदन किया गया

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

शनिवार को मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित साय कैबिनेट में कई अहम फैसले लिए गए। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-2025 के तृतीय अनुपूरक अनुमान का विधानसभा में उपस्थापन के लिए छत्तीसगढ़ विनियोग विधेयक-2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। मंत्रिपरिषद द्वारा बजट अनुमान वर्ष 2025-2026 का विधानसभा में उपस्थापन के लिए छत्तीसगढ़ विनियोग विधेयक-2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। मंत्रिपरिषद द्वारा राज्य के किसानों को नवीन उन्नत किस्मों और गुणवत्ता युक्त बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य भण्डार क्रय नियम-2002 के नियम 4 में छूट प्रदत्त संस्थाओं की सूची में विस्तार करने का निर्णय लिया गया। जिसके तहत सर्वप्रथम बीज का उपार्जन बीज निगम द्वारा राज्य के पंजीकृत बीज उत्पादक किसानों से किया जाएगा। इसके पश्चात आवश्यकता की पूर्ति के लिए राज्य की बीज उत्पादक सहकारी समितियों, भारत सरकार एवं राज्य सरकार के बीज उत्पादन करने वाले उपक्रमों, नाफेड, म.प्र. बीज महासंघ की समितियां, भारत सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं में इम्पैनल्ड सेंट्रल नोडल सीड एजेंसी के रूप में चयनित संस्थाओं को बीज निगम द्वारा जारी ऑफर लेटर में से न्यूनतम मूल्य प्रस्तुत करने वाली संस्था या एजेंसी से किया जाएगा। छत्तीसगढ़ लोकतंत्र सेनानी सम्मान विधेयक-2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। छत्तीसगढ़ के षष्ठम् विधान सभा के पंचम सत्र माह फरवरी-मार्च 2025 हेतु राज्यपाल के अभिभाषण का मंत्रिपरिषद द्वारा अनुमोदन किया गया। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए समर्थन मूल्य पर किसानों से उपार्जित धान की शेष राशि का भुगतान करने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य विपणन संघ को स्वीकृत अतिरिक्त शासकीय प्रत्याभूति राशि 3300 करोड़ रूपए की अनुमति का अनुमोदन किया गया। मंत्रिपरिषद द्वारा बैंक गारंटी से संबंधित विलेखों पर स्टाम्प शुल्क की दरों के निर्धारण के लिए भारतीय स्टाम्प अधिनियम-1899 (छत्तीसगढ़ संशोधन) विधेयक-2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।

आईएफएस सुनील मिश्रा, आलोक कटियार, अरूण पाण्डेय और प्रेम कुमार पीसीसीएफ प्रमोट

मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ़ कैडर के भारतीय वन सेवा के 30 वर्ष की अर्हकारी सेवा पूर्ण कर चुके 1992 से 1994 बैच तक के अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक के पद पर पदस्थ अधिकारियों को गैर कार्यात्मक आधार पर यथास्थान प्रधान मुख्य वन संरक्षक के समकक्ष स्केल प्रदाय करने हेतु आवश्यक पद सृजन का निर्णय लिया गया। पीसीसीएफ प्रमोट होने वाले अफसरों में आईएफएस आलोक कटियार, सुनील मिश्रा, अरूण कुमार पाण्डेय, प्रेम कुमार समेत अन्य के नाम शामिल है।

भारतीय सैन्य दल का जापान के साथ सैन्य अभ्यास 'धर्म रक्षक' के लिए प्रस्थान

वार्ता ‹ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

भारतीय सेना का एक दल जापान में द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास 'धर्म रक्षक' के लिए प्रस्थान किया जिसमें 120 सैन्य कर्मी शामिल हैं। रक्षा मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार यह अभ्यास सोमवार 24 फ़रवरी से 09 मार्च तक पूर्वी फ़ूजी युद्धाभ्यास प्रशिक्षण क्षेत्र में संचालित किया जाएगा। इस दल में मुख्य रूप से मद्रास रेजिमेंट की एक बटालियन के सैनिक हैं। यह वार्षिक सैन्य अभ्यास एक दूसरे के यहां बारी-बारी से आयोजित किया जाता है और इस बार इसकी छठी कड़ी जापान में आयोजित की गयी है। पिछला 'धर्म रक्षक' अभ्यास गत वर्ष फ़रवरी-मार्च में राजस्थान में हुआ था। इस बार इसमें जापानी सेना का प्रतिनिधित्व उसकी 34वीं पदाति रेजिमेंट के सैनिक करेंगे। इस बार के अभ्यास का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित निर्देशों के अनुसार नगर-क्षेत्र के युद्धों और आतंकवाद विरोधी अभियानों के लिए दोनों सेनाओं के बीच अच्छे से अच्छा पारस्परिक समन्वय बढ़ाना है। भारत के थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पिछले वर्ष 14 से 17 अक्टूबर तक जापान की यात्रा की थी। रक्षा मंत्रालय का कहना है कि धर्म रक्षक अभ्यास दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और मजबूत करेगा।

पहचान की पुष्टि होने के बाद पनामा में निर्वासित भारतीयों को वापस लाया जायेगा: भारत

नयी दिल्ली। विदेश मंत्रालय ने अमेरिका की ओर से भारतीयों सहित अवैध प्रवासियों को पनामा और कोस्टा रिका में निर्वासित करने के बीच कहा कि भारतीय नागरिकों की पहचान की पुष्टि हो जाने के बाद उन्हें स्वदेश वापस लाया जाएगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक ब्रीफिंग में कहा, एक बार उनकी पहचान साबित हो जाने के बाद और हमें पूरा यकीन हो जाने के बाद कि वे भारतीय नागरिक हैं, उनके दस्तावेज तैयार किये जाएंगे और उनके घर लौटने के लिए संबंधित अधिकारियों द्वारा व्यवस्था की जाएगी। उम्मीद है कि यह जल्द ही हो जायेगा। निर्वासित लोगों को मध्य अमेरिकी देशों में क्यों भेजा जा रहा है, यह पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि यह 'अमेरिका और संबंधित सरकारों के बीच एक ब्रिज व्यवस्था' के अनुसार किया गया है। कोस्टा रिका और पनामा दोनों ने निर्वासित लोगों के लिए पारगमन देश के रूप में सेवा देने पर सहमति व्यक्त की है, जबकि अमेरिका अभियान की सभी लागतों को वहन करेगा। उन्होंने कहा, हमारे पास कुछ भारतीय नागरिक हैं और समूह में हमारा मिशन तथा पनामा में हमारा मिशन, जो कोस्टा रिका से भी मान्यता प्राप्त है, स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में हैं। पनामा के मामले में, हम इस बात की पुष्टि कर रहे हैं कि संबंधित व्यक्ति भारतीय नागरिक हैं या नहीं। एक बार जब सत्यापन विवरण पूरा हो जायेगा, तो इन भारतीय नागरिकों की घर वापसी की व्यवस्था की जायेगी।

दुनिया के 50 फीसदी से अधिक सनातनियों ने लगाई त्रिवेणी में पुण्य की डुबकी

एजेंसी ◄ महाकुंभनगर
www.dailypioneer.com

मानव इतिहास का सबसे बड़े आयोजन महाकुंभ में दुनिया के 50 फीसदी से अधिक सनातन धर्मावलंबियों ने संगम में स्नान किया। दुनिया का पहला आयोजन जहां 60 करोड़ से अधिक सनातनी बने सबसे बड़े आयोजन के गवाह बने। प्रयागराज की धरती पर बीते 13 जनवरी से आयोजित हो रहे दिव्य-भव्य और सांस्कृतिक समागम महाकुंभ ने शनिवार को नया इतिहास रच दिया है। यहां अब तक 60 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में सनातन आस्था की पावन डुबकी लगाकर धार्मिक और सांस्कृतिक एकता की अद्वितीय मिसाल कायम कर दी है। किसी भी धार्मिक, सांस्कृतिक अथवा सामाजिक आयोजन में मनुष्य के अब तक के इतिहास की 60 करोड़ से अधिक की यह संख्या सबसे बड़ी सहभागिता बन चुकी है। एक अनुमान के मुताबिक दुनिया में कुल 120 करोड़ सनातनी हैं। इस लिहाज से महाकुम्भ में दुनिया के आधे से अधिक सनातनी त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी लगाकर पुण्य फल प्राप्त कर चुके हैं। 26 फरवरी को शिवरात्रि के अंतिम स्नान पर्व तक यह संख्या 65 करोड़ से भी ऊपर पहुंच सकती है। भारत की इस प्राचीन परंपरा ने अपनी दिव्यता और भव्यता से पूरी दुनिया को मंत्रमुग्ध कर दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहले ही अनुमान जताया था कि इस बार स्नानार्थियों की संख्या का नया रिकॉर्ड स्थापित करेगा। उन्होंने शुरुआत में ही 45 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना जताई थी। बता दें कि उनका यह आंकलन बीते 11 फरवरी को ही सच साबित हो गया था। वहीं शनिवार (22 फरवरी) को यह संख्या 60 करोड़ से भी ऊपर पहुंच गई है। अभी महाकुम्भ के समापन में 05 दिन शेष हैं और महत्वपूर्ण महाशिव रात्रि का स्नान पर्व बचा है।

पूरी उम्मीद है कि स्नानार्थियों की यह संख्या 65 करोड़ के ऊपर जा सकती है। महाकुभ के महाआयोजन में 73 देशों के राजनयिक और भूटान नरेश नामग्याल वांगचुक समेत तमाम देशों के अतिथि यहां अमृत स्नान करने पहुंचे। यही नहीं, मां जानकी के मायके नेपाल के 50 लाख से अधिक लोग अब तक त्रिवेणी के पवित्र जल में स्नान कर महाकुम्भ के साक्षी बन चुके हैं। भारत एक धार्मिक देश है। यहां एक नहीं, बल्कि कई धर्मों को मानने वाले लोग एक साथ मिलकर रहते हैं।

कानून सीखने के लिये स्थानीय भाषाओं की समझ जरूरी: डॉ सिंह

श्रीगंगानगर। डॉ राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो अमरपाल सिंह ने कहा है कि कानून को कक्षा में पढ़ाये ज्ञान से नहीं सीखा जा सकता और सीखने के लिए केवल अंग्रेजी का ज्ञान नहीं बल्कि स्थानीय भाषाओं की समझ भी जरूरी है। डॉ सिंह शनिवार को यहां टांटिया विश्वविद्यालय के विधि संकाय की ओर से आयोजित 'प्रथम डॉ. एस.एस. टांटिया मूट कोर्ट प्रतियोगिता-2025' के उद्घाटन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एक अधिवक्ता या न्यायाधीश के रूप में हम कई अलग-अलग तरह की स्थितियां देखते हैं। हम कर्म करते समय परिणाम पर ध्यान देते हैं, तो कर्म को प्रभावित कर लेते हैं। समारोह में विशिष्ट अतिथि डॉ भरत ने कहा कि एडवोकेट को ईमानदार, चतुर, साहसी, उद्यमी, न्यायपूर्ण और सहयोगी होने के साथ-साथ व्यवहार कुशल होना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि उनके सामने जिस तरह के भावी अधिवक्ताओं के चेहरे हैं, इससे लगता है कि भारत निश्चित रूप से 2047 तक विकसित और विश्व गुरु बनेगा। विशिष्ट अतिथि आरजेएस राजेश कुमार ने कहा कि कानून और न्यायतंत्र में हम जो सीखें उसे भूलें नहीं। उन्होंने कहा कि मूट कोर्ट में शामिल लोग भविष्य में अधिवक्ता बनेंगे। ऐसे में उन्हें हाल ही में लागू हुए कानूनों को भी समझना होगा। कुलपति डॉ सक्सेना ने सीमावर्ती श्रीगंगानगर इलाके में इस तरह के भव्य आयोजन की सराहना की। उन्होंने कहा कि आयोजन में विभिन्न राज्यों की भागीदारी अच्छा संकेत है।

'हमारा लक्ष्य डबल इंजन सरकार का सफाया': अखिलेश प्रसाद सिंह

एजेंसी ◄ पटना
www.dailypioneer.com

बिहार कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि बिहार में उनकी पार्टी का लक्ष्य डबल इंजन सरकार का सफाया करना है। डॉ. सिंह ने चंपारण दौरे की शुरूआत करने से पहले कहा, हमने 50 सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है, जो कठिन जरूर है लेकिन नामुमकिन नहीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस बार चौंकाने वाले नतीजे देगी और पूरी ताकत के साथ चुनावी जंग में उतरेगी। उन्होंने कहा कि बिहार में बदलाव की लहर है और कांग्रेस इस बार जनता की उम्मीदों पर खरा उतरेगी। बिहार कांग्रेस आगामी विधानसभा चुनाव के लिए पूरी तरह से सक्रिय हो चुकी है। पार्टी ने पिछली गलतियों से सबक लेते हुए समय से पहले चुनावी मोड में आने का फैसला किया है। चुनावी रणनीति तैयार होने के बाद अब इसे जमीनी स्तर पर लागू करने की शुरुआत कर दी गई है। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सिंह ने अपने समर्थकों के साथ चंपारण दौरे की शुरुआत कर दी है। महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा वैशाली पहुंच चुकी हैं जबकि पार्टी के प्रभारी सचिव शाहनवाज आलम अररिया, पूर्णिया और बेगूसराय के दौरे पर हैं। सोशल मीडिया और मीडिया के जरिए पार्टी की विचारधारा को प्रचारित करने की योजना बनाई गई है और वार रूम का पुनर्गठन भी तेजी से जारी है। कांग्रेस के नवनियुक्त बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावारू 24 फरवरी को पटना दौरे पर आएंगे। इस दौरान पटना, बेगूसराय, भोजपुर और मुजफ्फरपुर सहित विभिन्न जिलों में पार्टी नेताओं, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं की मैराथन बैठकें होंगी, जिसमें चुनावी तैयारियों की समीक्षा की जाएगी। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के जमीनी हालात जानने के बाद पार्टी नेतृत्व आगे की रणनीति तय करेगा।

मीरवाइज ने शराब से बचने संबंधित साइनबोर्ड को जब्त करने पर नाराजगी जताई

एजेंसी ◄ श्रीनगर
www.dailypioneer.com

कश्मीर के मुख्य मौलवी एवं हुर्रियत प्रमुख मिरवाइज़ उमर फारूक ने शनिवार को कहा कि यह अजीब और दुर्भाग्यपूर्ण है कि श्रीनगर के लाल चौक में व्यापारी संघ द्वारा लगाया गया साइनबोर्ड, जिसमें पर्यटकों से शराब से बचने के लिए कहा गया था, को अधिकारियों ने जब्त कर लिया है। मीरवाइज ने नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने वाले साइनबोर्ड को हटाने पर सवाल उठाया। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, इस साइनबोर्ड को क्यों जब्त किया गया? पर्यटकों से स्थानीय संस्कृति का सम्मान करने, शराब और नशीली दवाओं के इस्तेमाल से बचने और शहर को साफ रखने का आग्रह करने में आखिर क्या गलत है? लाल चौक के दुकानदारों ने मुझे इस बारे में बताया। उन्होंने कहा कि क्या कश्मीर में नैतिक मूल्यों और शालीनता को बढ़ावा देना अब अपराध है? श्रीनगर के लाल चौक में व्यापारियों के संगठन ने पर्यटकों से शराब पीने से बचने के लिए साइनबोर्ड लगाए। साइनबोर्ड पर लिखा था, हमारी संस्कृति और परंपराओं का सम्मान करें! हमारे आकर्षक शहर में खुश रहें और समय का आनंद लें। शराब, ड्रग्स, सड़कों पर थूकने और धूम्रपान से बचें। हुर्रियत प्रमुख ने कहा, इस तरह की नागरिक पहल समय की मांग है और दूसरों को भी इसका अनुसरण करना चाहिए, खासकर होटल और पर्यटन उद्योग से जुड़े लोगों को, क्योंकि ये जगहें बुराइयों को बढ़ावा देने का बहाना प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को अपने समाज के नैतिक और सांस्कृतिक चरित्र को बनाए रखने तथा पर्यावरण को बचाने में सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए।

यादव ने मोदी के आगमन की तैयारियों को लेकर सभागार का किया निरीक्षण

एजेंसी ◄ भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन की तैयारियों को लेकर कुशाभाऊ ठाकरे सभागार और मानव संग्रहालय का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डॉ. यादव ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का मध्यप्रदेश से विशेष लगाव है और वे एक बार फिर मध्यप्रदेश के प्रवास पर आ रहे हैं, जो हमारा सौभाग्य है। मैं आशा करता हूं कि प्रधानमंत्री का दौरा मध्यप्रदेश के विकास और प्रगति के लिए ऐतिहासिक होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी 23 फरवरी को मध्यप्रदेश आ रहे हैं और बागेश्वर धाम के कार्यक्रम के बाद भोपाल में रात्रि विश्राम करेंगे। इस दौरान वे कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में सांसदों, विधायकों का मार्गदर्शन भी करेंगे। 24 फरवरी को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के शुभारंभ के बाद प्रधानमंत्री दिल्ली रवाना होंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत की तैयारियां चल रही हैं। प्रधानमंत्री का यह कार्यक्रम पूरी तरह सफल रहे और प्रधानमंत्री यहां से मधुर स्मृतियां लेकर जाएं, इसके लिए प्रदेश सरकार और भाजपा का संगठन दोनों ही तैयारियों में लगे हैं। इसी कड़ी में आज कुशाभाऊ ठाकरे सभागार और मानव संग्रहालय का दौरा किया है, जहां प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियां चल रही हैं। डॉ. यादव ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट मध्यप्रदेश के आर्थिक विकास के लिए आवश्यक है। मध्यप्रदेश की आकर्षक निवेश नीति एवं संस्कृति और संस्कार से मेहमानों का दिल जीतने का प्रयास करेंगे। 24 एवं 25 फरवरी को प्रदेश के लिए ऐतिहासिक होगी और नया रिकॉर्ड बनाएगी। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से युवाओं, महिलाओं सहित सभी वर्गों के जीवन में बदलाव लाने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही राज्य आर्थिक समृद्धशाली बनकर देश का नंबर वन राज्य बने इसका प्रयास भी हो रहा है। रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की तरह जिला स्तर पर कॉन्क्लेव का आयोजन हो इसका प्रयास किया जाएगा। इस दौरान प्रदेश शासन के मंत्री विश्वास सारंग, प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी, विधायक रामेश्वर शर्मा, महापौर मालती राय, भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह, संगठन महामंत्री हितानंद, प्रदेश मंत्री राहुल कोठारी, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल सहित पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

नासा विज्ञान को चंद्रमा की सतह पर पहुंचाने के लिए चंद्र मिशन शुरू करेगी इंट्यूटिव मशीन

लॉस एंजिल्स। अमेरिकी कंपनी इंट्यूटिव मशीन इस महीने के अंत में नासा विज्ञान को चंद्रमा की सतह पर पहुंचाने के लिए अपना दूसरा चंद्र मिशन शुरू करेगी। नासा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस मिशन का कोडनेम आईएम-2 है। यह बुधवार 26 फरवरी को फ्लोरिडा में नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से स्पेसएक्स फाल्कन 9 रॉकेट पर उड़ान भरेगा।

नासा के अनुसार प्रक्षेपण के बाद इंट्यूटिव मशीन का चंद्र लैंडर, एथेना, गुरुवार 06 मार्च से पहले चंद्रमा की सतह पर उतरने से पहले लगभग एक सप्ताह चंद्रमा पर पारगमन में बिताएगा।

इराकी सेना ने आईएस के पच्चीस ठिकानों को नष्ट किया

बगदाद। इराक की सेना ने उत्तरी इराक के पहाड़ी इलाके में इस्लामिक स्टेट (आईएस) आतंकवादियों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले 25 ठिकानों को नष्ट कर दिया है। सेना ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इराकी संयुक्त अभियान कमान से संबद्ध मीडिया आउटलेट सिक्योरिटी मीडिया सेल के एक बयान के अनुसार इराक की आतंकवाद निरोधी सेवा के बलों ने नीनवे की प्रांतीय राजधानी मोसुल से लगभग 100 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में मखमौर क्षेत्र में एक अभियान चलाया और आईएस के 18 ठिकानों और सात सुरंगों को नष्ट कर दिया। बयान में कहा गया है कि बलों को मानव अवशेष, साथ ही विस्फोटक उपकरण, गोला-बारूद, दो ड्रोन, एक मोटरसाइकिल और अन्य रसद सामग्री भी मिली है। हालांकि मानव अवशेषों के बारे में अधिक जानकारी नहीं दी गई है।

औन ने सेना के लिए अमेरिकी समर्थन का आग्रह किया

बेरूत। लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ औन ने शुक्रवार को अमेरिका से सेना को उपकरण और संसाधनों के साथ समर्थन जारी रखने का आह्वान किया ताकि वह अपने राष्ट्रीय सुरक्षा कर्तव्यों को पूरा करने में मदद कर सके खासकर दक्षिणी लेबनान में। लेबनान के राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार औन ने बेरूत में कांग्रेसी डेरेल इस्सा के नेतृत्व में अमेरिकी कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक के दौरान वाशिंगटन से दक्षिणी लेबनान में अपने कब्जे वाले पांच शेष बिंदुओं से इजरायल की वापसी को पूरा करने के लिए दबाव डालने का भी आग्रह किया।

बयान में कहा गया है कि इस्सा ने औन को उनके चुनाव पर बधाई दी और विभिन्न क्षेत्रों में लेबनान का समर्थन करने के लिए वाशिंगटन की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि वह लेबनान की इजरायल की पूरी तरह वापसी की मांग को पूरा करने के लिए अमेरिकी प्रशासन और कांग्रेस के साथ काम करेंगे।

प्रदूषणमुक्त बिजली के साथ हजार करोड़ का मुनाफा दे रहा एनटीपीसी प्लांट: बेहेरा

औरंगाबाद। बिहार में औरंगाबाद जिले के नवीनगर प्रखंड में स्थित एनटीपीसी का सुपर क्रिटिकल पावर प्लांट लगभग शून्य प्रदूषण से उत्पन्न बिजली के साथ लगभग 1000 करोड़ रुपए का मुनाफा प्रतिवर्ष दे रहा है। एनटीपीसी नवीनगर के मुख्य महाप्रबंधक-सह-परियोजना प्रमुख एल.के.बेहेरा ने शनिवार को बताया कि अत्याधुनिक तकनीक से निर्मित इस बिजली घर से उत्पादित बिजली लगभग प्रदूषण मुक्त है। उन्होंने बताया कि यह प्लांट अपनी लगभग संपूर्ण क्षमता से संचालित हो रहा है फिर भी इसकी चिमनियों से धुआं निकलता नहीं देखा जा सकता, यानी कार्बन उत्सर्जन की मात्रा अत्यधिक कम कर दी गई है। उन्होंने बताया कि यह प्लांट प्रतिदिन अपनी संपूर्ण उत्पादन क्षमता से संचालित हो रहा है जिसकी कुल उत्पादन क्षमता 1980 मेगावाट है। चूंकि यह सुपर क्रिटिकल तकनीक से बना अत्याधुनिक पावर प्लांट है इसलिए यहां उत्पादित बिजली भी काफी सस्ती है। बेहेरा ने बताया कि प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में इस प्लांट को एक और उपलब्धि हासिल हुई है । यहां प्रतिवर्ष 34 लाख टन राख उत्पन्न होता है।

एलएचएस कार्य होने से 23 फरवरी को ट्रेनों के परिचालन में बदलाव

एजेंसी ◄ हाजीपुर
www.dailypioneer.com

पूर्व-मध्य रेल (ईसीआर) के मालदा मंडल में नाथनगर-अकबरनगर और अकबरनगर-सुल्तानगंज रेलखंड के बीच एलएचएस कार्य होने के कारण 23 फरवरी को ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया गया है। ईसीआर के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि नाथनगर-अकबरनगर और अकबरनगर-सुल्तानगंज रेलखंड के बीच समपार फाटकों के स्थान पर एलएचएस (लो हाइट सबवे) कार्य किए जाने के कारण 23 फरवरी 2025 को सुबह 09:15 बजे से दोपहर 15:15 बजे तक पावर और ट्रैफिक ब्लॉक लिया जाएगा। इस वजह से कुछ ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया गया है। चंद्र ने बताया कि इस ब्लॉक के चलते गाड़ी संख्या 63423-63424 (जमालपुर-किउल-जमालपुर मेमू पैसेंजर) को 23 फरवरी को रद्द कर दिया गया है। वहीं, गाड़ी संख्या 13334 (पटना-दुमका एक्सप्रेस) को परिवर्तित मार्ग से चलाया जाएगा, जो पटना से किउल-झाझा-जसीडीह-दुमका के रास्ते पहुंचेगी। मुख्य जसंपर्क अधिकारी ने बताया कि इसके अलावा गाड़ी संख्या 13409-13410 (मालदा टाउन-किउल-मालदा टाउन एक्सप्रेस) का आंशिक समापन और प्रारंभ भागलपुर में किया जाएगा।

इसी तरह गाड़ी संख्या 13242 (राजेन्द्रनगर-बांका एक्सप्रेस) का 22 फरवरी को आंशिक समापन किउल में होगा जबकि 23 फरवरी को किउल से ही यह ट्रेन गाड़ी संख्या 13241 (बांका-राजेन्द्रनगर एक्सप्रेस) के रूप में राजेन्द्रनगर के लिए रवाना होगी।

हेमन्त सोरेन से शिव बारात आयोजन महासमिति पहाड़ी मंदिर के एक प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

एजेंसी ◄ रांची
www.dailypioneer.com

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में शिव बारात आयोजन महासमिति, पहाड़ी मंदिर रांची के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सोरेन को प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने आगामी 26 फरवरी 2025 को महाशिवरात्रि पूजा के अवसर पर आयोजित शिव बारात में सम्मिलित होने हेतु सादर आमंत्रित किया। मौके पर मुख्यमंत्री सोरेन ने प्रतिनिधिमंडल से महाशिवरात्रि के अवसर पर आयोजित होने वाले शिव बारात के आयोजन को लेकर महासमिति द्वारा की जा रही तैयारियों की जानकारी ली। मौके पर शिव बारात आयोजन महासमिति पहाड़ी मंदिर के सदस्यों ने मुख्यमंत्री से सपरिवार शिवबारात में सम्मिलित होने का विनम्र आग्रह किया। इस अवसर पर शिव बारात आयोजन महासमिति पहाड़ी मंदिर के संस्थापक अध्यक्ष राजेश साहू सहित दयाशंकर शर्मा, राजकुमार तनेजा, दीपक नंदा, राजीव वर्मा, शुभाशीष चटर्जी, राम सिंह, बादल सिंह एवं अन्य उपस्थित थे।

इंटरनेट के सदुपयोग से ही बनेगा विकसित भारत: आरपीएन सिंह

एजेंसी ◄ कुशीनगर
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में उदित नारायण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पडरौना में आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को टैबलेट और स्मार्टफोन वितरित किए गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं कॉलेज के प्रबंधक, राज्यसभा सांसद कुंवर आरपीएन सिंह, और विशिष्ट अतिथि कुंवर अनिल प्रताप नारायण सिंह ने विद्यार्थियों को डिजिटल युग के सही उपयोग की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में 86 छात्रों को टैबलेट और 283 विद्यार्थियों को स्मार्टफोन प्रदान किए गए, जिससे वे अपनी शिक्षा को डिजिटल माध्यम से और अधिक प्रभावी बना सकें। सांसद आरपीएन सिंह ने विद्यार्थियों को नसीहत देते हुए कहा कि तकनीक का उपयोग केवल ज्ञानवर्धन और आत्म-विकास के लिए करें। उन्होंने इस पहल को उत्तर प्रदेश सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना बताते हुए कहा कि यह छात्र-छात्राओं को वैज्ञानिक सोच विकसित करने और आधुनिक तकनीक से जोड़ने में मदद करेगी। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की वंदना के साथ हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि आरपीएन सिंह व विशिष्ट अतिथि कुंवर अनिल प्रताप नारायण सिंह ने दीप प्रज्वलित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। अपने प्रेरक संबोधन में राज्य सभा सांसद आरपीएन सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिजिटल इंडिया पहल की सराहना करते हुए कहा कि तकनीक का सदुपयोग ही भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में सहायक होगा। उन्होंने विद्यार्थियों से इस डिजिटल उपकरण का सार्थक उपयोग करने का आह्वान किया, ताकि वे शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर सकें। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य प्रो. ममता मणि त्रिपाठी ने अतिथियों का स्वागत किया जबकि नोडल अधिकारी डॉ. विजय निषाद ने आभार व्यक्त किया। संचालन शांता सुरज्या ने किया। इस अवसर पर शिक्षणेत्तर कर्मचारी समशेर मल्ल, आशुतोष सिंह, प्रदीप वर्मा, प्रदीप मोदनवाल, प्रिंस प्रताप सिंह, मनीष सिंह, आचार्य डॉ. संजय सिंह, डॉ. अरुण, अनूप पटेल, डॉ. अश्विनी, मुकेश यादव, विशम्भर प्रजापति, शिवप्रकाश पांडेय, डॉ. श्याम कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

महाशिवरात्रि के पहले भारी भीड़ के कुशल प्रबंधन के लिए तैयारियां तेज

एजेंसी ◄ महाकुंभनगर
www.dailypioneer.com

महाकुंभ का दिव्य, भव्य आयोजन अब अपने आखिरी पड़ाव 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के आखिरी स्नान पर्व की ओर अग्रसर है जिसके लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी है। जिलाधिकारी रवीन्द्र मांदड़ ने शनिवार को बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन अनुसार,महाकुंभ में 50 करोड़ से अधिक श्रद्धालु देश-दुनिया से आकर पुण्य की डुबकी लगाएंगे, ऐसे में उनकी यह यात्रा सुखद रहे इस बात को सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक स्तर पर तमाम तरीके के प्रयास किए जा रहे हैं। आखिरी स्नान पर्व को देखते हुए इन प्रयासों में तेजी लाई जा रही है जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो । इसके लिए विधिवत प्लान तैयार कर धरातल पर उतारा जा रहा है। इसे समुचित तरीके से लागू करने और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े इस बात को सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों ने खुद मोर्चा संभालते हुए ग्राउंड जीरो पर अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। रवीन्द्र मांदड़ के अनुसार, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए की गई तैयारियों को सुनिश्चित करने के लिए लगातार सभी अधिकारी-कर्मचारी ऑन फील्ड रहकर मॉनिटर कर रहे हैं। उनके अनुसार, हम लोग लगातार प्रयास कर रहे हैं कि श्रद्धालुओं के फीडबैक के अनुसार उस पर काम करके श्रद्धालुओं को लाभ पहुंचाया जाए। वीकएंड्स, पीक डे व अवकाश के दिनों में ट्रैफिक डायवर्जन की स्कीम को पुलिस लगाती है। इसके लिए पुलिस के अधिकारियों को भी ब्रीफकरके सचेत किया गया है। उनके अनुसार, जहां पर भी समस्या आ रही है उसके निराकरण के प्रयास जारी हैं। स्थानीय लोगों, श्रद्धालुओं सभी का अनुभव अच्छा रहे इसके लिए खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं। शहर के सभी बॉर्डर्स पर जिलों के साथ अच्छा समन्वय व तालमेल स्थापित किया जा रहा है। मांदड ने बताया कि कहीं पर भी डायवर्जन को लागू करने के लिए डीएम, एसपी से भी लगातार संवाद बना हुआ है।

आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का केंद्र महाकुंभ: आर एन रवि

एजेंसी ◄ महाकुंभनगर
www.dailypioneer.com

तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन. रवि ने महाकुंभ में पुण्य की डुबकी लगाने के बाद कहा कि महाकुंभ केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारत के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का केंद्र है। उन्होंने कहा कि यह दिव्य और भव्य महाकुंभ सनातन संस्कृति की जीवंत अभिव्यक्ति है, जो भारत की अखंडता, आध्यात्मिकता और सांस्कृतिक गौरव को दर्शाता है। राज्यपाल ने कहा कि इस ऐतिहासिक पर्व में अब तक लगभग 60 करोड़ से अधिक श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा चुके हैं, जो 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के संकल्प को सुदृढ़ करता है। उन्होंने महाकुंभ में भाग लेकर तमिलनाडु के भाई-बहनों की सुख-समृद्धि, शांति और उन्नति के लिए विशेष प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि भारत की आत्मा इसकी सनातन संस्कृति में बसती है। यह महाकुंभ उस अखंड सनातन परंपरा का प्रतीक है, जो हमें एक-दूसरे से जोड़ती है और हमें अपने सांस्कृतिक मूल्यों की याद दिलाती है। राज्यपाल ने कहा कि महाकुंभ केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारत के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का केंद्र है। यह पर्व भारत की गहराई से जुड़ी आध्यात्मिक चेतना को प्रकट करता है, जहाँ करोड़ों लोग एक ही लक्ष्य 'आत्मिक शुद्धि और विश्व कल्याण' के लिए संगम तट पर एकत्र होते हैं।

पार्षद पद में जीत के बाद कांग्रेस नेत्री इला पटेल ने शीतला माता मंदिर में कराया भंडारा

पायनियर संवाददाता ॥ किरंदुल
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य की सबसे अमीर नगर पालिका में सुमार किरंदुल नगर पालिका परिषद के लिए आखिरकार किरंदुल की जनता ने मतदान के जरिये नगरीय सरकार के लिए अध्यक्ष और 18 वार्डो के लिए 18 पार्षदो का चयन कर ही लिया। 11 फरवरी को हुए निकाय चुनाव के बाद 15 फरवरी को एनएमडीसी के अम्बेडकर भवन में किरंदुल पालिका के अध्यक्ष पद और 18 पार्षदो के लिए पुलिस की भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतगणना का कार्य चालू हुआ। मतदान गणना के पश्चात किरंदुल नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद पर भाजपा की रूबी शैलेंद्र सिंह ने कब्जा जमाया। जीत हासिल करने के बाद पालिका अध्यक्ष और जीते हुए पार्षद अपने अपने तरीके से

जीत का जश्न मना रहे हैं। इस जीत हासिल करने की कड़ी में वार्ड नं 15 से तीसरी बार पार्षद पद हासिल करने वाली कांग्रेस नेत्री इला पटेल ने वार्ड नं 15 में स्थित शीतला माता मंदिर में महाभण्डारा का आयोजन किया। जिसमें वार्ड वासियों के साथ साथ नगर की सभी सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं के साथ जनप्रतिनिधियों ने भी पूजा अर्चना करने के बाद प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान किरंदुल थाना प्रभारी प्रहलाद साहू, समाज सेवक रविंद्र सोनी, इंटक के सचिव ए के सिंह, एनएमडीसी एससी एसटी कर्मचारी संघ के पतिराम बघेल, छत्तीसगढ़ संघ के अध्यक्ष लोकनाथ चुरेन्द्र, पूर्व पालिकाध्यक्ष अनिल राजी मोल, बैलाडीला प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजेन्द्र सक्सेना, कार्यालय सचिव शेखर दत्ता, शीतला माता मंदिर के अध्यक्ष रामा दिन पटेल, सचिव दिनेश साहू विशेष रूप से मौजूद रहे। बैलाडीला प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजेन्द्र सक्सेना और कार्यालय सचिव शेखर दत्ता ने प्रेस क्लब की ओर से नव निर्वाचित घोषित पार्षद इला पटेल का शाल और श्रीफल भेंट कर सम्मान किया।

फर्जी नियुक्ति पत्र बांटने वाला मास्टरमाइंड गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ॥ बस्तर
www.dailypioneer.com

जिले में शिक्षा विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर 2 युवकों से 6 लाख 60 हजार रुपए की ठगी हुई है। पुलिस ने इस मामले के फरार एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले अन्य 2 की गिरफ्तारी हो चुकी है। इन्होंने फर्जी नियुक्तिपत्र बनवाकर युवकों को दिया था। मामला जिले के भानपुरी थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, देवड़ा के दिलीप कुमार कश्यप और कांवड़गांव के चुम्मन राम बघेल की सोनारपाल के नारायण बघेल के साथ जान पहचान थी। वहीं नारायण बघेल ने इन्हें भरोसा दिलाया था कि शिक्षा विभाग में नौकरी लगा दूंगा। लेकिन इसके लिए पैसे लगेंगे। जिसके बाद दोनों युवक नौकरी लगाने के लिए पैसे देने मान गए। जिसके बाद नारायण बघेल ने अपने दो साथी प्रमोद मौर्य और अभिजीत प्रताप सिंह के साथ मिलकर शिक्षा विभाग में नौकरी लगाने के लिए फर्जी दस्तावेज तैयार किए। उन्होंने दिलीप कुमार कश्यप से 3 लाख 40 हजार और चुम्मन राम बघेल से 3 लाख 20 हजार रुपए लिए। जिसके बाद एक फर्जी दस्तावेज और नियुक्तिपत्र बनवाकर उन्हें दिया गया। कहा कि अब नौकरी लग गई है, सारी तकलीफ और समस्या दूर हो जाएगी। जब दोनों युवक शिक्षा विभाग के दफ्तर पहुंचे तो पता चला न ही कोई वैकेंसी थी और न ही उनकी जॉब लगी। जिसके बाद उन्हें पता चला कि उनके साथ धोखा हुआ है। उन्होंने अपने पैसे मांगे। जब पैसे नहीं दिए गए तो दोनों युवकों ने पुलिस थाने में स्रढ्ढक्र दर्ज करवा दी। जिसके बाद पुलिस ने अभिजीत प्रताप सिंह और प्रमोद मौर्य को गिरफ्तार कर लिया था। वहीं मुख्य आरोपी नारायण बघेल फरार था। पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। वहीं करीब 6 से 7 महीने बाद उसे गांव के ही नजदीक से पकड़ा गया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि, आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेशकर जेल भेज दिया गया है।

महापौर संजय पाण्डे ने मुख्यमंत्री विष्णदेव साय एवं अन्य वरिष्ठ भाजपा नेताओं से की मुलाकात

पायनियर संवाददाता ॥ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

नवनिर्वाचित महापौर संजय पाण्डे ने रायपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री निवास में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर उन्हें जन्मदिवस की शुभकामनाएं दी। साथ ही निकाय चुनाव में जीत के बाद उनसे आशीर्वाद लेकर मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस अवसर पर संजय पाण्डे ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। राज्य और जनता के प्रति आपका समर्पण और सेवा भाव हम सभी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। प्रवास के दौरान भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर रायपुर में महापौर संजय पाण्डे ने भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय से भेंट कर उनका आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया।इस दौरान दोनों भाजपा नेताओं ने उन्हें जीत की बधाई देकर क्षेत्र के विकास को पहली प्राथमिकता देने की सलाह दी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्रीद्वय अरूण साव, विजय शर्मा, पूर्व संगठन महामंत्री रामप्रताप सिंह, विधायक धरमलाल कौशिक, पुरंदर मिश्रा, चंद्रशेखर वर्मा सहित अन्य भाजपा नेता उपस्थित थे।

शादी का झांसा देकर पीड़िता के साथ अनाचार करने वाला आरोपी गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता ॥ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

आरोपी मन्नू नेताम भीरागांव निवासी के द्वारा पीडिता के साथ मैं तुमसे प्यार करता हूं तुमसे शादी करना चाहता हूं बोलकर शादी का प्रलोभन देकर, पीड़िता के साथ उसकी इच्छा के विरूद्ध लगातार शारीरिक संबंध बनाकर अनाचार किया। पीड़िता की लिखित रिपोर्ट पर थाना कोंडागांव में अपराध क्रमांक 38/2025 धारा 376, 376(2)(ढ) का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोंडागांव पुलिस अधीक्षक के द्वारा तत्काल आरोपी को गिरफ्तार करने निर्देश प्राप्त होने पर फरार आरोपी मन्नू नेताम के संबंध में पता तलाश किया गया, जो रिपोर्ट दिनांक से फरार हो गया था, जिस संबंध में पुलिस टीम के द्वारा लगातार पता तलाश करने पर जानकारी प्राप्त हुआ आरोपी सरगीपाल पारा में छुपा हुआ हैं, जिसे अभीरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर, आरोपी ने पीड़िता के साथ अनाचार करना स्वीकार किया, जिस पर आरोपी को को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष न्यायिक रिमांड हेतु प्रस्तुत किया गया। न्यायिक रिमांड प्राप्त कर आरोपी को जेल में भेजा जा रहा है।

बस्तर में 50 साल पुराना रेडियो टावर गिरा, बड़ा हादसा टला

पायनियर संवाददाता ॥ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

बस्तर जिले के तेली मारेगा में स्थित आकाशवाणी केंद्र के 150 मीटर ऊंचे टावर के गिरने से बड़ा हादसा होते-होते बच गया। यह टावर करीब 50 साल पहले स्थापित किया गया था और जर्जर स्थिति में था। दोपहर अचानक टावर गिर गया, हालांकि उस समय आसपास कोई कर्मचारी या ग्रामीण मौजूद नहीं थे, जिसके चलते कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई। बताया जा रहा है कि इस प्रसारण केंद्र की स्थापना 1970 में हुई थी, और तब से यह टावर आकाशवाणी और दूरदर्शन के प्रसारण के लिए इस्तेमाल हो रहा था। टावर की हालत इतनी खराब हो चुकी थी कि प्रशासन ने न तो उसे हटाया और न ही उसकी मरम्मत कराई। इसका नतीजा यह हुआ कि यह टावर अचानक गिर पड़ा। टावर गिरते वक्त तीन हिस्सों में टूटकर गिरा, जिससे नजदीक की बाउंड्रीवॉल का एक हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया। इस घटना के बाद इलाके में रेडियो प्रसारण पूरी तरह से बंद हो गया है, जिससे स्थानीय लोग प्रभावित हो रहे हैं।

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन : छिन्दगढ़ विकासखंड में द्वितीय चरण में कुल 76.08 प्रतिशत मतदान

सुकमा। त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के अंतर्गत जिले के छिंदगढ़ विकासखण्ड में गुरुवार को द्वितीय चरण का मतदान बिना किसी अवरोध के कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। छिंदगढ़ में औसत 76.08 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया जिसमें 77.34 प्रतिशत पुरूष मतदाता एवं 74.98 प्रतिशत महिला मतदाता शामिल हैं। जनपद पंचायत छिंदगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायतों में 165 मतदान केन्द्रों के माध्यम से 70 हजार 220 मतदाता में से कुल एक लाख 53 हजार 421 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया जिसमें पुरुष मतदाता 25 हजार 269, महिला मतदाता 28 हजार 152 शामिल हैं।

अंतिम चरण का मतदान सम्पन्न कराने अंतागढ़-कोयलीबेड़ा के लिए दल रवाना

पायनियर संवाददाता ॥ कांकेर
www.dailypioneer.com

त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन-2025 के तहत जिले में तीसरे और अंतिम चरण का मतदान जिले की जनपद पंचायत अंतागढ़ और कोयलीबेड़ा में रविवार को सुबह सात बजे से दोपहर 02 बजे तक मतदान होगा। सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील माने जाने वाले कोयलीबेडा और अंतागढ़ ब्लॉक में निवासरत 01 लाख 66 हजार 563 ग्रामीण मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर जिला पंचायत, जनपद पंचायत और ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों का चुनाव करेंगे। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार यहां सुरक्षा के कड़े और पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। तीसरे चरण में निर्धारित निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान संपन्न कराने मतदान दलों को अंतागढ़ स्ट्रांग रूम से सामग्री वितरण उपरांत अपर कलेक्टर बी.एस. उईके द्वारा हरी झण्डी दिखाकर मतदान दलों को रवाना किया गया। इसके लिए अंतागढ़ ब्लॉक में 116 और कोयलीबेड़ा में 199, इस प्रकार कुल 315 मतदान केन्द्र स्थापित किए गए हैं, जहां 1260 मतदान कर्मी चुनाव सम्पन्न कराएंगे। रिटर्निंग ऑफिसर ने बताया कि जनपद पंचायत अंतागढ़ की 56 ग्राम पंचायतों के लिए 116 मतदान केन्द्र तथा 14 सेक्टर बनाए गए हैं, इनमें 48326 मतदाता वोट करेंगे।

जनपद पंचायत केशकाल और बड़ेराजपुर में आज होगा मतदान

पायनियर संवाददाता ॥ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन-2025 के अंतिम एवं तृतीय चरण में जिले के जनपद पंचायत केशकाल और बड़ेराजपुर में आज मतदान होगा। मतदान दलों को जनपद पंचायत मुख्यालयों में मतदान सामग्री के वितरण पश्चात उनके निर्धारित मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया गया। जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई ने मतदान दलों के वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर एसडीएम केशकाल अंकित चौहान उपस्थित रहें। उल्लेखनीय है कि, जनपद पंचायत केशकाल में 127 मतदान केंद्र हैं और कुल मतदाताओं की संख्या 62749 है। इसके अंतर्गत 65 सरपंच, 330 पंच, 17 जनपद सदस्य और 2 जिला पंचायत सदस्य का निर्वाचन होना हैं। जनपद पंचायत केशकाल के कुल 69 सरपंच में से 4 निर्विरोध और कुल 805 पंच में से 474 निर्विरोध तथा 01 वार्ड से कोई नाम निर्देशन प्राप्त नहीं हुआ। इसी प्रकार जनपद पंचायत बड़ेराजपुर में 147 मतदान केंद्र हैं और कुल मतदाताओं की संख्या 65894 है। इसमें 43 सरपंच, 379 पंच, 17 जनपद सदस्य और 2 जिला पंचायत सदस्य का निर्वाचन होना हैं। बड़ेराजपुर में कुल पंच 637 में से 258 निर्विरोध और 44 सरपंच में से 01 निर्विरोध चुने गए हैं।

केंद्र एवं प्रदेश सरकार के कार्यो से प्रभावित होकर 6 ग्रामीणों ने विधायक के समक्ष थामा भाजपा का दामन

पायनियर संवाददाता ॥ किरंदुल
www.dailypioneer.com

केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी कार्यों एवं भारतीय जनता पार्टी के रीति नीति से प्रभावित होकर कोड़ेनार पंचायत के 06 ग्रामीण अंजली गांगुली, पूर्णिमा गांगुली, अहिल्या मरकाम, पार्वती नाग, मुक्ता बाग, सुहागो बाई ने शनिवार दोपहर 02 बजे विधायक दंतेवाड़ा चैतराम अटामी के समक्ष भाजपा का दामन थामा। इस अवसर पर विधायक ने भाजपा का पट्टा पहनाकर सभी मातृशक्तियों का स्वागत किया एवं विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी में शामिल होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

बच्चों का भविष्य संवारने का काम कर रहे हैं जिला शिक्षा अधिकारी बघेल

पर्यटन ग्राम घुड़मारास को शिक्षा के क्षेत्र में भी अग्रणी बनाने प्रयासरत हैं डीईओ बलिराम बघेल

पायनियर संवाददाता ॥ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एस. हरीश के मार्गदर्शन मे जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल शिक्षा को नई ऊंचाई देने की दिशा में निरंतर प्रयासरत हैं। इसी क्रम में उन्होने संवेदनशील विकासखंड दरभा की कुटुमसर पंचायत के घुड़मारास की प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला का निरीक्षण किया। वहां उन्होंने बच्चों के शिक्षा के स्तर को परखने ने के लिए स्वयं क्लासरूम मे जाकर पढ़ाया और छठवी कक्षा के छात्र धनीराम नाग से अंग्रेजी के कुछ प्रश्न पूछे जिसका छात्र ने बडी सहजता से उत्तर दिया। जिला शिक्षा अधिकारी बघेल ने छात्र धनीराम नाग की पीठ थपथपाई और सभी छात्रों को प्रोत्साहित किया। जिला शिक्षा अधिकारी ने छात्रो की उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश दिए और कहा बच्चों के घर-घर जाकर पालकों को समझाने की कोशिश सभी शिक्षक करें। घुड़मारास को पर्यटन के क्षेत्र में वर्ल्ड रैंकिंग मिली हुई है कुछ समय पूर्व केंद्रीय टीम द्वारा जब इस गांव का भ्रमण किया गया था, तब वहां वक्त शाला भवन का निर्माण नहीं हुआ था। शाला की कक्षाएं वह किराए के भवन में संचालित हो रही थीं। कलेक्टर ने हालात को संज्ञान में लेते हुए बहुत ही कम समय में पंचायत के माध्यम से घुड़मारास में शाला भवन का निर्माण करवा दिया। वर्तमान में शाला भवन जर्जर होने के कारण मुख्यमंत्री अधो संरचना मद से दो अतिरिक्त कक्ष स्वीकृत हुए हैं और कलेक्टर हरिस एस. द्वारा अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार को निर्देशित कर जल्द अतिरिक्त कक्ष बनवाने और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु इस्टीमेट तैयार करने को कहा गया है। भवन के शौचालय निर्माण व अतिरिक्त कक्ष के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी के साथ जिला शिक्षा समन्वयक अखिलेश मिश्रा, खंड शिक्षा अधिकारी जगदीश पात्र, बीआरसी समलू कश्यप व अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल पर्यटन के क्षेत्र में अग्रणी घुड़मारास गांव को शिक्षा के क्षेत्र में भी अग्रणी बनाना चाहते हैं। यही वजह है कि वे वहां के बच्चों का भविष्य संवारने की दिशा में पूरी लगन से काम कर रहे हैं।

कोड़ेनार पंचायत में विधायक चैतराम अटामी ने किया चुनावी प्रचार

पायनियर संवाददाता ॥ किरंदुल
www.dailypioneer.com

त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के तृतीय एवं अंतिम चरण में रविवार को कुआकोंडा ब्लॉक में चुनाव सम्पन्न होने हैं। इस बीच शनिवार दोपहर 1:30 बजे दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी ग्राम पंचायत कोड़ेनार पहुंचे एवं चुनावी प्रचार किया। इस अवसर पर विधायक ने कोड़ेनार के शुकरु कैम्प में घर घर जाकर भाजपा समर्थित सरपंच प्रत्याशी मीना मंडावी को फलों सहित नारियल छाप में मुहर लगाकर विजयी बनाने हेतु आग्रह किया। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय सोढ़ी, महामंत्री संजीव दास, भावना सक्सेना एवं पार्टी के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

किरण देव से मिले नए पंचायत प्रतिनिधि

जगदलपुर। बस्तर एवं जगदलपुर विधानसभा क्षेत्रों की विभिन्न पंचायतों से चुनकर आए भाजपा समर्थित जनप्रतिनिधियों ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव से उनके जगदलपुर स्थित कार्यालय में मुलाकात की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने सभी पंचायत क्षेत्रों के विजयी जनप्रतिनिधियों को जीत की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

तेज रफ्तार कार पलटी, एक गंभीर

जगदलपुर। लामनी पार्क के पास शुक्रवार सुबह एक तेज रफ्तार कार माइलस्टोन से टकराते हुए सड़क से नीचे गडडे में जा पलटी। इस हादसे में कार सवार ओजस मिश्रा को गंभीर चोट आई है। जिसका उपचार जारी है। घटना इतनी जबरदस्त थी कि कार का चारों पहिया ऊपर हो गया था। कार का सामने हिस्सा माइल स्टोन से टकराने की वजह से क्षतिग्रस्त हो गया था, आस-पास के लोगों ने इसकी सूचना बोधघाट पुलिस को दी। मिली जानकारी के अनुसार लामनी पार्क मार्ग पर बालाजी वार्ड जगदलपुर निवासी ओजस मिश्रा नानगुर स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ है, जिनकी ड्यूटी चुनाव में लगी थी, नानगुर से वापस आते वक्त सड़क पर पशु के आने से कार अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे गडडे में पलट कर गिर गई, जिसमें ओजस मिश्रा को गंभीर चोट आई है, जिसका उपचार जारी है।

राजिम कुंभ कल्प में संत समागम का उद्घाटन : मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह

पायनियर संवाददाता ❮ राजिम
www.dailypioneer.com

तीर्थ नगरी राजिम के त्रिवेणी संगम में विराट संत समागम का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह मौजूद थे। संत समागम में मुख्य अतिथि डॉ. रमन सिंह सहित साधु संतों एवं महात्माओं ने मंच में स्थापित भगवान श्री राजीव लोचन की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्जवलित कर पूजा अर्चना की। सभी ने भगवान श्री राजीव लोचन से प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी विशोकानंद महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी प्रेमानंद गिरी, महामंडलेश्वर नवल गिरी महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी शैलेशानंद महाराज, महामंडलेश्वर मनमोहनदास महाराज, ब्रह्मचारी डॉ. इंदुभवानंद महाराज, दंडी स्वामी सच्चिदानंद तीर्थ महाराज, संत द्वारकेश महाराज, संत गुरुशरण महाराज (पंडोखर सरकार), महंत नरेन्द्रदास महाराज, स्वामी राजीव लोचनदास महाराज, रामबालक दास महाराज, साध्वी महंत प्रज्ञा भारती सहित विशिष्ट साधु-संतों का सानिध्य एवं आशीर्वचन श्रद्धालुओं को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि ये हमारा सौभाग्य है कि यहां पर हमें संतों के आशीर्वाद और उनका दर्शन लाभ मिल रहा है। डॉ. सिंह ने मंच पर ब्रह्मलीन संत कवि पवन दीवान की पुण्यतिथि पर नमन करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि विराट संत समागम में संत छत्तीसगढ़ में मौजूद हैं। ये हमारा सौभाग्य है कि प्रयागराज महाकुंभ स्नान के बाद राजिम पहुंचे हैं। हम प्रयागराज को यहां नहीं ला सकते है, लेकिन संतों की उपस्थिति से राजिम कुंभ कल्प का महत्व बढ़ा है। चित्रोत्पला का उल्लेख पुराणों में है। श्रृंगी ऋषि द्वारा महानदी का उद्गम हुआ। मेरे मुख्यमंत्रीत्व काल में 2005-06 में साधु-संतों की उपस्थित में राजिम में कुंभ का आयोजन करने का मुझे सौभाग्य प्राप्त हुआ। मैं धन्यवाद देना चाहूंगा समस्त संतों को जिनकी जागृति से सनातन धर्म आगे बढ़ रहा है। हमारा प्रयास होगा कि संतों को जो गौरवशाली स्थान रहा है उसे हम आगे बढ़ाने का काम किया जाएगा। आप सभी संत राजिम आते रहें और आपकी गरिमामय उपस्थिति में राजिम की शोभा बढ़ती रहे। आचार्य महामंडलेश्वर विशोकानंद महाराज ने छत्तीसगढ़िया सबसे बढ़िया का नारा दिया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में माता कौशल्या का जन्म हुआ है, यहां अनेक मंदिर है। छत्तीसगढ़ सबसे बढ़िया है क्योंकि भारत के अनेक राज्य जो नहीं कर सके वो कार्य इन्होंने किया है। छत्तीसगढ़ ने प्रयागराज को हाइजैक करके यहां ले आए। तीर्थ प्रयागराज छत्तीसगढ़ नहीं आ सकता पर छत्तीसगढ़ियों ने इन महात्माओं को जो तीर्थ प्रयागराज के प्रतिनिधि है उनको यहां पर विराजमान किया है। महाराज ने कहा कि सरकार के प्रयास से यहां पर फिर से राजिम कुंभ प्रारंभ हुआ है। इसलिए हम यहां पर एक भावना करते हैं कि प्रयागराज में जो कुंभ स्नान करके पुण्य कमाया है उसका फल इस प्रदेश को भी प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि आपको एक निश्छल मन से कह रहा हूं 1974 में पहला कुंभ मैं हरिद्वार किया था।

राजिम कुंभ मेला में कोसा की प्रदर्शनी आकर्षण का केन्द्र ग्रामोद्योग विभाग द्वारा लोगों को दी जा रही जानकारी

पायनियर संवाददाता ❮ राजिम
www.dailypioneer.com

राजिम कुंभ कल्प मेला में गरियाबंद जिले के विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी में ग्रामोद्योग विभाग के रेशम प्रभाग का स्टाल लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इस स्टाल में किसानों, महिलाओं और आम नागरिकों को कोसा उत्पादन की प्रक्रिया की जानकारी दी जा रही है। अब तक हजारों लोग इस स्टाल पर पहुंचकर कोसा उत्पादन की जानकारी प्राप्त कर चुके हैं। कोसा उत्पादन किसानों के लिए न केवल आय का एक अतिरिक्त जरिया बन सकता है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी सशक्त बनाने में मददगार होगा। स्टाल प्रभारी राम गोपाल चौहान ने बताया कि कोसा उत्पादन वन एवं कृषि आधारित रोजगार का एक बेहतरीन जरिया है, जिससे गांवों में ही आजीविका प्राप्त की जा सकती है। छत्तीसगढ़, जो हरितिमा से आच्छादित राज्य है, में खेतों के किनारे अर्जुन के पेड़ लगाकर कोसा उत्पादन किया जा सकता है। अर्जुन पेड़ों की पत्तियों पर कोसा कीड़े तीस दिन में कोसा फल तैयार कर देते हैं, जिसे किसान आसानी से बाजार में बेच सकते हैं। कोसा उत्पादन कृषि के लिए भी लाभदायक है, क्योंकि इसका पालन खेतों में बायो-फर्टिलाइजर के रूप में भी उपयोगी होता है। प्रति अर्जुन वृक्ष 50 से 60 कोसा फल उत्पन्न होते हैं, जो बाजार में एक से दो रुपये प्रति फल की दर से बिकते हैं। इस प्रक्रिया में 70 प्रतिशत कोसा फल तोड़कर बेचा जाता है, जबकि 30 प्रतिशत को प्राकृतिक वंश वृद्धि के लिए पेड़ों पर ही छोड़ना आवश्यक होता है, जिससे आगे कोसा तितलियां विकसित होकर उत्पादन की श्रृंखला को बनाए रखें।

स्वयं पहुंचकर एडीएम ने जाना स्कूलों का हाल, अलग-अलग चार स्कूलों का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ❮ धमतरी
www.dailypioneer.com

एडीएम धमतरी इंदिरा सिंह ने अलग-अलग चार स्कूलों का निरीक्षण कर व्यवस्था का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। कलेक्टर नम्रता गांधी द्वारा जिले के स्कूलों के शैक्षणिक गुणवत्ता और अन्य व्यवस्था का निरीक्षण करने अधिकारियों को दायित्व सौपा गया है। धमतरी ब्लाक में एडीएम इंदिरा सिंह द्वारा उमावि देमार, हाईस्कूल गुजरा, हाईस्कूल कुरमातराई एवं माध्यमिक शाला देमार का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उमावि देमार में विद्यार्थियों से पाठ्यक्रम पूर्णता, रिविजन, उपचारात्मक कक्षा, बोर्ड एवं जिला स्तर पर तैयार किये गये प्रश्न बैंक की तैयारी के संबंध में जानकारी ली गई। कई स्कूलों की शैक्षणिक व अन्य व्यवस्था बेहतर होने पर अधिकारी द्वारा प्रशंसा की गई, वहीं अव्यवस्था और शिक्षकों की लापरवाही दृष्टिगत होने पर नाराजगी जतायी गई। शासकीय माध्यमिक शाला देमार में अव्यवस्था पायी गई। शिक्षिका आरती सिन्हा के बिना सूचना के अनुपस्थित पाये जाने पर डीडीओ को कार्यवाही करने के निर्देश दिये है। निरीक्षण के दौरान सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी धमतरी कमलेश कुमार ध्रुव, देवनाथ साहू प्राचार्य उमावि देमार उपस्थित थे।

नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति भानु चंद्राकर ने निकाली विजय रैली

पायनियर संवाददाता ❮ कुरूद
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत चुनाव में भाजपा की जीत के बाद नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति भानु चंद्राकर ने शहर में आभार सभा और विजय रैली का आयोजन किया। यह रैली भाजपा कार्यालय से शुरू होकर कॉलेज रोड, खेल मैदान, कारगिल चौक, पुराना बस स्टैंड, सरोजिनी चौक, पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक, मां चंडी मंदिर, प्राचीन श्री राम मंदिर होते हुए मुख्य कार्यक्रम स्थल पहुंची। इस दौरान कुरूद विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि भाजपा की जीत लोकतंत्र और जनता की आस्था का प्रतीक है। भूपेश बघेल सरकार की कार्यशैली पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में छत्तीसगढ़ में कोई ठोस विकास के कदम नहीं उठाए गए। प्रदेश के विकास के बजाय सत्ता का दुरुपयोग किया गया। कुरुद क्षेत्र में अब नए नेतृत्व से विकास की उम्मीद है और मैं नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों से यह अपील करता हूं कि वे अपने वादों को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करें। चन्द्राकर ने कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि रायपुर स्मार्ट सिटी के निर्माण को लेकर कांग्रेस ने इसे सिर्फ एक दिखावे के रूप में पेश किया है, जबकि इसके पीछे उनके निजी स्वार्थ छिपे हुए हैं। कांग्रेस ने स्थानीय संस्थाओं को जन सेवा का माध्यम न बनाकर एक लूट के साधन के रूप में तब्दील कर दिया है। उन्होंने इसे संगठित तरीके से इस प्रकार चलाया है कि उनका मुख्य उद्देश्य जनता की भलाई नहीं, बल्कि सत्ता का दुरुपयोग करके अपने निजी लाभ को बढ़ाना था। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस ने जो ताकत और शक्तियां जनता से प्राप्त की हैं, उनका दुरुपयोग किया और जनहित के कार्यों की बजाय उसे सिर्फ लूटने के लिए इस्तेमाल किया। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी अब केवल तीन महिला और तीन पुरुष नेताओं तक सीमित रह गई है, और बाकी पूरी पार्टी का प्रभाव समाप्त हो चुका है। जो पार्टी खुद को स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ी और राष्ट्रीय पार्टी मानती है, उसकी इतनी दुर्दशा उन्होंने पहले कभी नहीं देखी। उन्होंने कांग्रेस के नेताओं से अपील करते हुए कहा कि अब राष्ट्र सेवा का समय समाप्त हो चुका है और वे अपने अखंड भक्ति और श्रद्धा को जन सेवा में बदलें। इस अवसर पर एलपी गोस्वामी निरंजन सिन्हा मालक राम साहू त्रिलोकचंद जैन सुरेश अग्रवाल भानु चंद्राकर भुपेन्द्र चंद्रकर प्रमोद शर्मा सत्यप्रकाश सिन्हा केवल चंद्राकर कमल शर्मा नवनिर्वाचित पार्षद सितेश सिन्हा मिथलेश बैस रवि प्रकाश मानिकपुरी कविता चंद्राकर राजकुमारी ध्रुव, अनुराधा साहू विनोद चंद्राकर उत्तम साहू कमलेश ध्रुव योगेश चंद्राकर विकास अग्रवाल सुरेंद्र चंद्राकर पालेश्वरी देवांगन भूमिका सिन्हा धनेश्वरी निर्मलकर मिथला साहू चित्ररेखा टंडन आदि उपस्थित थे। मंच प्रभात संचालन बैस कार्यक्रम का अभार प्रदर्शन भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत साहू ने किया।

अवैध शराब और नशे के खिलाफ होगा कड़ा रुख

नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति भानू चंद्राकर ने सभा में जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा यह मेरी जीत नहीं, बल्कि आप सभी की जीत है। आप सभी के समर्थन ने मुझे इस जिम्मेदारी का अवसर दिया। हम सभी मिलकर नगर पंचायत के हर नागरिक के उत्थान और विकास के लिए काम करेंगे। अगर कोई भी कर्मचारी, पार्षद या अध्यक्ष आपसे ऊपर से पैसे की मांग करता है, तो कृपया सीधे मेरी तक शिकायत पहुंचाइए। हम तुरंत कार्रवाई करेंगे। ज्योति चंद्राकर ने अवैध शराब, नशा और नशे के कारोबारियों के खिलाफ सख्त कदम उठाने की घोषणा की। उन्होंने कहा नगर पंचायत में नशा, शराब और अवैध कारोबार के लिए कोई जगह नहीं है।

मिशन क्लीन सिटी के तहत कार्यरत स्वच्छता दीदियों और सफाई मित्रों के लिए सरकार ने खोला राहत का पिटारा

पायनियर संवाददाता ❮ रायपुर
www.dailypioneer.com

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने मिशन क्लीन सिटी के अंतर्गत नगरीय निकायों में कार्यरत स्वच्छता दीदियों और सफाई मित्रों के लिए राहत का पिटारा खोला है। राज्य शासन द्वारा उनके लिए आठ घंटे की कार्यावधि निर्धारित करने के साथ ही साप्ताहिक अवकाश और महीने में एक दिन का सवैतनिक आकस्मिक अवकाश प्रदान करने के संबंध में नए दिशा-निर्देश सभी नगरीय निकायों को जारी किए हैं। साथ ही सभी स्वच्छता दीदियों और सफाई मित्रों का श्रम विभाग में पंजीयन कराकर विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान करने के भी निर्देश दिए हैं। नगरीय प्रशासन विभाग ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए नगरीय निकायों में लागू मिशन क्लीन सिटी के तहत निर्मित अधोसंरचना तथा स्वसहायता समूहों के संचालन एवं संधारण के लिए वर्ष 2016 में जारी निर्देशों को संशोधित कर नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। ये नए दिशा-निर्देश रायपुर, भिलाई और रिसाली को छोड़कर शेष सभी नगर निगमों तथा सभी नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में लागू होंगे। निकायों में कार्यरत् विभिन्न स्वसहायता समूहों की मांगों पर संवेदनशीलता से विचार करते हुए उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने नगर निगम आयुक्तों तथा नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को इस संबंध में परिपत्र जारी कर नए निर्देशों का कड़ाई से पालन करने को कहा है। सभी क्षेत्रीय संयुक्त संचालकों को समय-समय पर निकायों का भ्रमण कर इन निर्देशों का पालन किया जाना प्रतिवेदित करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी परिपत्र के अनुसार स्वच्छता दीदियों/सफाई मित्रों की कार्यावधि आठ घण्टे निर्धारित की गई है। निकाय सुविधानुसार प्रातः छह बजे से दोपहर तीन बजे (एक घण्टे का भोजन अवकाश मिलाकर) या प्रातः सात बजे से शाम चार बजे तक कार्यावधि निर्धारित कर सकते हैं। विशेष अवसरों के अतिरिक्त निर्धारित कार्यावधि से अधिक कार्य कराया जाना प्रतिबंधित होगा। निकायों में प्रत्येक स्वच्छता दीदी/सफाई मित्र का कार्य रोस्टर स्वसहायता समूह द्वारा इस प्रकार तैयार किया जाएगा कि प्रत्येक सदस्य को रोटेशन आधार पर एक साप्ताहिक अवकाश अनिवार्यतः प्राप्त हो सके। नगरीय निकायों को इस बात का ध्यान रखने कहा गया है कि सभी सदस्यों का साप्ताहिक अवकाश एक ही दिन न पड़े, जिससे डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण एवं निपटान का कार्य प्रभावित न हो, तथा मणिकंचन केन्द्र में कचरे का जमाव न होने लगे।

अन्तिम् चरण के चुनाव प्रचार के आख़री दिन नवीन मिश्रा के सभा मे उमड़ा जन सैलाब

पायनियर संवाददाता ❮ लवन
www.dailypioneer.com

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तीसरे व अंतिम चरण का चुनाव प्रचार थम गया। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 10 के भाजपा समर्थित प्रत्याशी नवीन मिश्रा का अंतिम चुनावी सभा ग्राम दोपहर में दोपहर 3.00 रखी गई थी, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल उपस्थित हुए और जनता से नवीन मिश्रा को गाड़ी छाप मुहर लगाकर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की।सभा मे छत्तीसगढ़ी फिल्म के हीरो एव धरसींवा विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा शामिल होने वाले थे, किन्तु स्वास्थ्य खराब होने के कारण नहीं आ सके और फोन के माध्यम से लोगों को सम्बोधित किए साथ ही नहीं पहुंच पाने के कारण क्षमा मांगे। गौरीशंकर अग्रवाल ने लोगो को गारंटी दिए कि देश, प्रदेश, नगरीय निकायों में भाजपा की सरकार बन गई है अब गांव, जनपद और जिला मे भाजपा सरकार बनानी है। जिला पंचायत क्र 10 से नवीन मिश्रा को जितावें और सभी समस्याओं का निदान पावें। पूरी सरकार नवीन मिश्रा के साथ खड़ी है। सभा को जिलाध्यक्ष आनंद यादव, बलौदाबाजार के पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा एवं प्रत्याशी नवीन मिश्रा ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या मे कार्यकर्ता, नेता एवं आस पास के ग्रामीण उपस्थित हुए थे।

13 सरपंच, 1 जनपद सदस्य एवं 1058 पंच चुने गए थे निर्विरोध

सलडीह पंचायत के सरपंच का लाटरी निकालकर सीमा पटेल हुई निर्वाचित

पायनियर संवाददाता ❮ सरायपाली
www.dailypioneer.com

विकास खंड सरायपाली में पंचायत चुनाव सम्पन्न होने के बाद पंच, सरपंच, जनपद सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्यों के अंतिम परिणाम आ चुके हैं। सरपंच के लिए 94, पंच के लिए 337 और जनपद सदस्यों में 24 क्षेत्रों के लिए चुनाव हुआ है। नामांकन वापसी के बाद 13 सरपंच, 1058 पंचऔर 1 जनपद सदस्य पहले से ही निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं। ग्राम सलडीह में सरपंच पद के प्रत्याशियों के समान मत पाने के कारण परिणाम टाई हो गया था, जिसमें लॉटरी के माध्यम से सीमा पटेल सरपंच निर्वाचित किए गए। देर रात सभी के परिणाम घोषित हो चुके थे। वहीं जिला पंचायत में क्षेत्र क्रमांक 13 से लोकनाथ बारी, 14 से कुमारी भास्कर एवं 15 से मोंगरा पटेल जिला पंचायत सदस्य चुने गए हैं। चुनाव के ही सभी मतदान केन्द्रों में हुए गणना के आधार पर पीठासीन अधिकारियों द्वारा प्रत्याशियों के एजेन्टों को जानकारी दे दी गई थी, जिसमें पंच एवं सरपंच के नतीजे स्पष्ट हो चुके हैं। जनपद सदस्य निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 01 से मीना बसंत, क्षेत्र क्रमांक 02 से कुन्तीबाई लीलाम्बर, क्षेत्र क्रमांक 03 से उषा तेजराम पटेल, क्षेत्र क्रमांक 04 से आरती डोलचंद, क्षेत्र क्रमांक 05 से गौरी बाई पटेल, क्षेत्र क्रमांक 07 से लक्ष्मी हरिशचन्द्र पटेल, क्षेत्र क्रमांक 08 से दमयंती सुनील साहू, क्षेत्र क्रमांक 09 से रतिराम चौहान, क्षेत्र क्रमांक 10 से यशोदा वेदप्रकाश नायक विजयी रहे। इसी तरह क्षेत्र क्रमांक 11 से रूश्बो बरिहा, क्षेत्र क्रमांक 12 से पूजा निलेश तिवारी, क्षेत्र क्रमांक 13 से जानकी बरिहा, क्षेत्र क्रमांक 14 से दीनता कुम्हार, क्षेत्र क्रमांक 15 से शिवानी सिदार, क्षेत्र क्रमांक 16 से पद्मिनी प्रदीप कुमार भोई, क्षेत्र क्रमांक 17 से से धर्मेन्द्र (मुकेश) चौधरी, क्षेत्र क्रमांक 18 से सुमित्रा भोई, क्षेत्र क्रमांक 19 से बालमोती रेशमलाल पटेल, क्षेत्र क्रमांक 20 से गिरजा शंकर (राजेश) मेहेर, क्षेत्र क्रमांक 21 से उद्धव नंद, क्षेत्र क्रमांक 22 कुमुदिनी प्रबोध भोई, क्षेत्र क्रमांक 23 से उद्धव भोई, क्षेत्र क्रमांक 24 से राधिका रूपलाल नन्द एवं क्षेत्र क्रमांक 25 से अनिता पटेल विजयी रहे। इसी प्रकार नवनिर्वाचित सरपंचों की सूची के अनुसार राफेल में सपना चौहान, पतेरापाली में प्रभात पटेल, मल्दामाल में लुभावंती वृंदावन पटेल, घुंचापाली में विषया विशाल, छुईपाली में बलराम पटेल, अंतर्ला अजय जगत, कलेण्डा छिबर्रा में देवकी विरोद्र सिदार, कुटेला में सत्यवान सिदार, केजुवां में चैतन्य नायक, तोषगांव में मोहित रौतिया, सानपंधी में वर्गे, जंगलबेड़ा में मधुबन भोई, गोहेरापाली में मंदाकिनी शरद साहू, सराईपाली में मंजूलता यादव, राजाडीह में चितरंजन प्रधान, सेमलिया में गुलशन विभार, पझरापाली में हरिशंकर नेटी, सिरपुर में सच्ची नायक, अमरकोट में पदमा प्रदीप पटेल, भुधिया में गोकुल भोई, लांती में संतोषिनी नवीन साहू, मोहदा में हेमसागर पटेल, बानीगिरोला में सावित्री दास, नवरंगपुर में गौरी पटेल, पाटसेन्द्री में तरूण पटेल, बाराडोली में कैलाश साहू, बिरकोल में ललित पटेल, तोरेसिंहा में सुनीता कुम्हार, रक्शा में अरबीना चौहान, रूढ़ा में रेशमलाल पटेल, बटकी में सुनीता बिहारी नायक, बांझापाली में सैन्धो विशाल, पंडरीपानी में प्रवीण बरिहा, बैदपाली में आरती प्रधान, चारंभांटा में चंद्रशेखर नायक, लमकेनी में जगदीश सिदार, कसलबा में मंजूलता भोई, नूनपानी में पूरन सिदार, कोटद्वारी में पूर्णा चौधरी, बनोभांटा में निलान्द्री साहू, बरिहापाली में सावित्री चौधरी, बंदलीमाल में जानकी बरिहा, पुटका में सुशीला बिशी, अंतरझोला में गजानन सेठ, कुसमीसरार में निलांचल भोई, टेमरी में अनिता चौहान, कलेण्डा सिंघोड़ा में पार्वती विजय सिंह बरिहा, दर्राभांटा पु. में रमुला बरिहा, दर्शभांटा बी में भुमिसुता देहरी, छिबर्रा पु. में सुरूची अश्विनी पवार, गेर्रा में सफेदलाल डेहरी, खोखेपुर में लक्ष्मीबाई धनीराम पटेल, डुमरपाली में लक्ष्मी महापात्र, सिंघोड़ा में रश्मि तन्मय पंडा, रिमजी में उरकुली शुभनाथ चौहान, भगत सरायपाली में हिमा धवल, छिबर्रा नया में बरसा जशावंत बरिहा, पैकिन में गीतिका छत्रे, भोथलडीह में समारू सिदार, लिमगांव में हरि भोई, बैतारी में अनिल मुन्ना, परसकोल में मनोज पटेल, दमोदरहा में ताराबाई चौहान, जलगढ़ में रेखा साहू, छिंदपाली में संतोषिनी बारिक, चट्टीगिरोला में रेखा नूतन चौधरी, इच्छापुर में युगल साहू, कसडोल में पद्मिनी मांझी, किसड़ी में नीलमणी रात्रे, केना में मालती भोई, खैरझिटकी में जेमा मनबोध भोई, देवलभांठा में त्रिपुरा चित्रसेन बिशी, माधोपाली में मालती गिरी, अर्जुण्डा में सविता नंद, केन्दुढार में पूर्णिमा रोहित साहू, चकरदा में कौशल्या सिदार, कनकेवा में नकुल चौहान, बालसी में राधा सुकलाल राय, परसदा में संजय चौधरी, प्रेतेनडीह में दीपक ओगरे, मोखापुटका में लोचन भावना पटेल, बोड़ेसरा में फगुलाल चौहान, नवागढ़ में टेकलाल पटेल, बिजातीपाली में हेतकुमारी पटेल, केदुवां में आनंदकुमार बेहरा, रिसेकेला में रामबाई पटेल, जम्हारी में सुनीता निरंजन निषाद, डुडुमचुवाँ में मालती सिदार, कोसमपाली में भुवनेश्वरी गोपीनाथ दीवान, बेहेरापाली में घसनिन समूल सिंह, आंवलाचक्र I में हेमवती सरपंच चुने गए हैं। परिणामों की घोषणा के बाद सभी निर्वाचित सरपंचों को जनपद पंचायत कार्यालय से प्रमाण पत्र भी दिया गया।

ग्राम पंचायत काण्डेकेला में डिलेन्द्री मांझी सरपंच निर्वाचित

पायनियर संवाददाता ❮ मैनपुर/काण्डेकेला
www.dailypioneer.com

गरियाबंद जिला के जनपद पंचायत मैनपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत काण्डेकेला में पंचायत चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। इस चुनाव में सरपंच पद के लिए जबरदस्त मुकाबला देखने को मिला। इस पंचायत में दो ही प्रत्याशी सरपंच पद के लिए दावेदार थे, जिसमें डिलेन्द्री मांझी ने भारी मतों से विजय प्राप्त कर ग्राम पंचायत के सरपंच निर्वाचित हुए। वहीं वार्ड पंच के लिए 20 वार्डों में से 16 वार्ड में निर्विरोध पंच चुने गए, शेष 4 वार्ड के लिए मतदान किया गया। यहां मतगणना देर रात लगभग डेढ़ बजे तक चलता रहा और लोग चुनाव परिणाम जानने के उत्सुकता में देर रात तक सैकड़ों की संख्या में मतगणना स्थल पर डटे रहे। सरपंच चुनाव परिणाम आने के बाद डिलेन्द्री मांझी को सरपंच चुने जाने से उनके समर्थकों ने गांव में आतिशबाजी करते हुए जमकर खुशियां मनाए। साथ ही दूसरे दिन समर्थकों के साथ आभार रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए और डीजे की धुन में जमकर थिरकते नजर आए। नवनिर्वाचित सरपंच डिलेन्द्री मांझी ने आभार रैली के दौरान आम जन से आशीर्वाद ली। साथ ही उन्होंने बताया कि जनता जिस उम्मीद के साथ सरपंच पद पर मुझे चुना है, हम उन सभी समस्याओं के समाधान के लिए भरसक प्रयास करेंगे और जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी पहली प्राथमिका रहेगी। शासन-प्रशासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ यहां के जनता को दिलाया जाएगा। ज्ञात हो इसके पहले भी मांझी परिवार से तीन सरपंच रह चुके हैं, जिसमें नवनिर्वाचित सरपंच डिलेन्द्री मांझी की सास हीराबाई मांझी, चाची सास देवन्ती मांझी और उनके पति प्रमोद मांझी सरपंच रह चुके हैं। वहीं अपने कार्यकाल में प्रमोद मांझी ने पूरे गांव में शराब बंदी कर समाज सुधार का कार्य किया था, जिसे आज भी लोगों द्वारा काफी सराहा जाता है।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव निष्पक्षता से सम्पन्न कराने के लिए एसपी ने दिए आवश्यक निर्देश

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शान्ति पूर्ण एवं पारदर्शिता के साथ निर्विघ्न चुनाव संपन्न कराने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिये आचार सहिता लगने के बाद स्थानीय स्तर पर तैयारी की गई है। थाना सिटी कोतवाली /कंट्रोल रूम बेमेतरा परिसर से बेमेतरा जिले में द्वितीय चरण एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए तृतीय चरण विकासखंड बेरला एवं साजा के चुनाव को लेकर, पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू ने पेट्रोलिंग में तैनात अधिकारी एवं कर्मचारियों व अन्य चुनाव कार्य में लगे समस्त पुलिस अधिकारियों को फॉलिंग, ब्रीफिंग कर रवाना किया गया। जिसमें चुनाव आयोग द्वारा जारी नियमों की जानकारी दी जाकर त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव निष्पक्षता से सम्पन्न करने हेतु अपनी जवाबदारी एवं भूमिका का कुशल निर्वहन करने, त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को ध्यान में रखते हुये आदर्श अचार सहिता का पालन करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। उन्होने सुरक्षा व्यवस्था पर जोर देते हुए सभी पुलिसकर्मियों को कहा कि निर्वाचन के दौरान किसी भी तरह की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया की शुरुआत से लेकर समाप्ति तक सुरक्षा में कोई कमी नहीं होनी चाहिए, और सभी मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखा जाए। उन्होने सभी पेट्रोलिंग पार्टी के अधिकारी एवं पुलिस जवानों को लगातार पेट्रोलिंग कर फ्लैग मार्च करने और शांति व सुरक्षा व्यवस्था के लिए चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु, पुलिस जवानों को ग्रामों के गली मोहल्लो एवं प्रमुख मार्गो में फ्लैग मार्च निकाल कर आम जन को आश्वस्त करने, कि चप्पे-चप्पे पर उनकी सुरक्षा के लिए हम तैनात हैं। आम जन को किसी भी के प्रलोभन में न आकर निर्भीकता से मतदान देने के लिए जागरूक करने। यदि किसी के द्वारा प्रलोभन दिया जाता है तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दे। उन्होने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से यह सुनिश्चित करने की अपील कि मतदान प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी और निष्पक्ष हो। उन्होंने कहा कि चुनावी प्रक्रिया का सुचारू संचालन लोकतंत्र की मजबूती का प्रतीक है और इसके लिए सभी अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि वे अपना कार्य पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करें। साथ ही मतपेटी सुरक्षा एवं संचार उपकरण की जांच कराकर सुनिश्चित कर ले कि सभी उपकरण ठीक स्थिति में है यदि कनेक्टिवीटी में कोई समस्या हो तो अभी से संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर दुरूस्त कराने, असामाजिक तत्वों तथा निगरानी बदमाशों, गुण्डों, शराब पीकर हुल्लड/मारपीट करने वालों के विरूद्ध ठोस प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला विनय कुमार, रक्षित निरीक्षक कृष्णकांत सिंह एवं जिले के चुनाव पोट्रोलिंग में लगे सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें। आप को बता दे कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए तृतीय चरण में ज़िले के दो विकासखंड बेरला एवं साजा के निर्वाचन को लेकर 39 पेट्रोलिंग पार्टी एवं मतदान केन्द्रों में मतदान दल के साथ जिला पुलिस बल, नगर सेना एवं कोटवार के साथ लगभग 1,200 सुरक्षा कर्मी की डियुटी लगाई गई है। पेट्रोलिंग पार्टी लगातार अपने निर्धारित मतदान केन्द्रों में पेट्रोलिंग कर सुरक्षा व शांति व्यवस्था बनाये रखेंगें। इसके अलावा जिले के राजपत्रित अधिकारियों अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला विनय कुमार, डीएसपी कौशिल्या साहू के साथ 04 पेट्रोलिंग पार्टी तैनात किया गया है जो लगातार पेट्रोलिंग कर चप्पे-चप्पे पर अपनी पैनी नजर रखकर कानून व सुरक्षा व्यवस्था को बनाये रखेगें। मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण मतदान के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है, साथ ही सभी केंद्रों पर आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं। जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने मिलकर शांतिपूर्ण और सुरक्षित चुनाव सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किया है।

नवनिर्वाचित सरपंच परमेश्वर साहू ने मंत्री बघेल व विधायक साहू से मुलाकात कर जताया आभार, गांव में 24 घंटे सेवा का लिया संकल्प

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव मे ग्राम पंचायत से तुमा से नवनिर्वाचित सरपंच पद पर विजयी हुए परमेश्वर साहू ने जीत के कैबिनेट मंत्री दयालदास बघेल एवं बेमेतरा विधायक दीपेश साहू से शिष्टाचार भेंट मुलाकार कर आभार व्यक्त किया और गांव के विकास के लिए अपने संकल्प को दोहराया। उन्होंने कहा कि वे 24 घंटे जनता की सेवा में तत्पर रहेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी व्यक्ति शासन की योजनाओं से वंचित न रहे।

सरपंच परमेश्वर साहू ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य गांव में सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करना है।

साथ ही, वे शासन द्वारा संचालित सभी योजनाओं को ज़रूरतमंदों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे।गांव वासियों ने भी सरपंच से उम्मीद जताई कि वे अपने वादों को पूरा करेंगे और पंचायत को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।

इस दौरान बिरेंद्र साहू, जीतू साहू, दुखु साहू, महेश साहू, दिलीप निर्मलकर, सत्रुहन साहू, रोहित साहू, प्रहलाद सेन, मोहित साहू, फुसकर साहू प्रभु साहू, भोला साहू, उदे निसाद, डॉ प्रेमलाल साहू, डॉ आत्मा राम साहू, नरसिंग साहू, रूपेन्द्र गोलू, साहू राजेंद्र साहू, ठाणेश्वर साहू सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

विजय संकल्प रैली की ऐतिहासिक सफलता जनसमर्थन ने दिखाया अपार उत्साह

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 14 में भाजपा द्वारा अधिकृत प्रत्याशी कल्पना योगेश तिवारी के नेतृत्व में आयोजित विजय संकल्प मोटर साइकिल रैली चण्डी मंदिर, नेवनारा से निकली और अपार जोश, उत्साह एवं जनसमर्थन के साथ संपन्न हुई। इस ऐतिहासिक रैली को क्षेत्र के 32 गांवों के कार्यकर्ताओं का समर्थन मिला, जिससे यह स्पष्ट हो रहा था कि जनता का आशीर्वाद और सहयोग भारतीय जनता पार्टी के साथ मजबूती से खड़ा है। रैली के दौरान सड़कों पर जनसैलाब उमड़ पड़ा, युवा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने पूरे जोश और उमंग के साथ भाजपा की विचारधारा एवं विकास योजनाओं का प्रचार किया। विभिन्न गांवों में जनता ने फूल मालाओं, जयकारों और गर्मजोशी से रैली का स्वागत किया, इस विजय संकल्प रैली ने यह संदेश दे दिया है कि जनता विकास और सुशासन की नीति को अपनाते हुए भाजपा के पक्ष में मजबूती से खड़ी है। यह चुनाव केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के उज्जवल भविष्य, बेहतर बुनियादी सुविधाओं और मजबूत प्रशासनिक व्यवस्था का चुनाव है। भाजपा प्रत्याशी ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे आगामी 23 फरवरी 2025 को अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें और ईवीएम में 1 नंबर बटन दबाकर 'दो पति छाप' को विजयी बनाएं। भाजपा प्रत्याशी कल्पना योगेश तिवारी ने इस ऐतिहासिक रैली को सफल बनाने वाले सभी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों, समर्थकों और आम जनता का हृदय से आभार व्यक्त किया और कहा कि आपका विश्वास हमारी ताकत है। यह चुनाव केवल जीत का नहीं, बल्कि आपके अधिकार, क्षेत्र के विकास और सुशासन की स्थापना का है। मेरा आप सभी से निवेदन है कि अपने अमूल्य वोट का प्रयोग करें और भाजपा को विजयी बनाकर क्षेत्र के विकास को नई गति दें।आपका एक-एक वोट विकास, सुशासन और समर्पित सेवा की दिशा में एक बड़ा कदम होगा मोटर साइकल रैली में हज़ारों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

शहर में जल संकट, शपथ ग्रहण से पहले नवनिर्वाचित अध्यक्ष विजय ने ली अधिकारियों की मैराथन बैठक

विभिन्न वार्डों का अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंच किया निरीक्षण, नागरिकों किया आश्वस्त, अधिकारियों दिया निर्देश

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

गर्मी की शुरुआत में ही शहर में जल संकट का दौर शुरू हो गया। हर वार्ड में पानी की किल्लत उत्पन्न हो रही है,बोर पंप फेल होते जा रहे हैं। शहर में पानी की संकट और आमजनों की समस्याओं देखते हुए नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने शपथ ग्रहण करने पहले ही जल संकट दूर करने और आम नागरिकों को जल पूर्ति हो सकें को लेकर शनिवार नगर पालिका एवं पी.एच.ई. अधिकारियों के साथ मैराथन बैठक लेकर शहर के विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण जायजा लिया और अधिकारियों को त्वरित जल सप्लाई का निर्देश दिए। साथ ही इस दौरान सिन्हा ने निरीक्षण के वक्त मौजूद नागरिकों से चर्चा करते हुए कहा कि शहर में पानी की किल्लत नहीं होगी साथ ही उन्होंने अपील करते हुए कहा कि आमजन भी जल का अनावश्यक दुरुप्रयोग न करे। नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा के साथ नपा व पीएचई अधिकारीयों के साथ साथ पार्षद पंचू साहू, नीतू कोठारी, रवि मुलानी, आकीब मलकानी, गौरव साहू, राजकुमार ख़ाडे, भानु साहू, मिंटा नामदेव मौजूद रहे।

जल संकट है, शीघ्र ही समाधान किया जाएगा : सिन्हा

अधिकारियों के साथ मौके निरीक्षण पश्चात नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने मीडिया से कहा कि जल आपूर्ति को सुचारु बनाने के लिए सम्बंधित विभाग से लगातार संपर्क में हूं ।बेमेतरा की जनता को आश्वस्त करता हूं कि समस्या का समाधान जल्द किया जाएगा। पानी की समस्या की जानकारी मिलते ही पीएचई व नगर पालिका अधिकारी के साथ शहर के वार्डों में जाकर वास्तविक जानकारी लिया गया है। आगे ओर गर्मी तेज होगी जिस पर सुचारू तौर पर आम नागरिकों को जल सप्लाई हो जिस पर पानी की समस्या को हल करने की दिशा में बड़ा कदम उठाने निर्देश दिया गया है।

शक्ति जिले के सबसे कम उम्र के सरपंच अभिषेक

जैजैपुर। छत्तीसगढ़ राज्य में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव चल रहा है। जिसमें प्रथम एवं द्वितीय चरण का चुनाव हो चुका है। जहां पर जनपद पंचायत जयजयपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत पाड़ा हरदी के 21 वर्ष 7 माह सबसे कम उम्र के सरपंच अभिषेक भारद्वाज ने कहा कि हम मूलभूत सुविधाओं के साथ अपने गांव के विकास के लिए जो अभी सड़क निर्माण, पानी की व्यवस्था, महिलाओं को बैठने के लिए मकान तथा अनेक मुददाओं को लेकर ग्राम विकास के लिए कार्य किया जाएगा। यह छत्तीसगढ़ का शायद ऐसा सरपंच है जो सबसे कम उम्र का सरपंच अभिषेक भारद्वाज जो ग्राम पंचायत पाड़ा हरदी के शिक्षित सरपंच चुनाव जीतकर आए हैं। सबसे कम उम्र के सरपंच विजय होने पर रिटर्निंग ऑफिसर ने बधाई देते हुए उनकी उज्जवल भविष्य की कामनाएं की। वहीं पर ग्राम वासियों भी अपने नवनिर्वाचित सरपंच पाकर गदगद दिखाई दे रहे हैं। उनसे अनेक आशाएं ग्राम वासियों की बंधी हुई है।

मनेन्द्रगढ़, द्वारा महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य मे एक अनोखी भव्य अमरनाथ की झांकी का आयोजन

मनेन्द्रगढ़। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, मनेन्द्रगढ़, द्वारा महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य मे एक अनोखी भव्य अमरनाथ की झांकी का आयोजन किया जा रहा है। महाशिवरात्रि के शुभ अवसर परपर्वतों पर गुफा में वसे बर्फानी बाबा अमरनाथ के दर्शन साथ ही अन्य जोर्तिलिंगो के भी दर्शन होंगे। उपरोक्त आयोजन 24 फरवरी सोमवार से 27 फरवरी 2025 गुरुवार तक प्रतिदिन प्रातः 8 से 1 बजे तक एवं संध्या 5 से 9 बजे तक होगा। ब्रह्माकुमारीज, शिवस्मृति भवन, मनेन्द्रगढ़ में होने वाले इस धार्मिक आयोजन में प्रवेश निःशुल्क होगा। आयोजित को नहीं समझ क्षेत्र वासियों से इस अवसर पर सपरिवार उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने का आग्रह किया है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में 21 फरवरी को संपन्न हुई लीगल सर्विस यूनिट की अहम बैठक

पायनियर संवाददाता ∢ सक्ती
www.dailypioneer.com

एक दिवसीय नालसा (बच्चों के लिए बाल एवं मैत्रीपूर्ण विधिक सहायता) योजना 2024 के तहत गठित बच्चों के लिए लीगल सर्विस यूनिट एवं नालसा (मानसिक रूप से बीमा एवं बौद्धिक दिव्यांग लोगों के लिए) योजना 2024 के तहत गठित लीगल सर्विस यूनिट का ओरिएंटेशन ट्रेनिंग न्याय सदन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर में आयोजित किया गया, जिसमें उक्त दोनों लीगल सर्विस यूनिट के सदस्यों एवं प्रतिभागी ऑफलाइन एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े, जिसमें सर्वप्रथम गजेंद्र सिंह जायसवाल जिला एवं बाल संरक्षण अधिकारी जांजगीर द्वारा नालसा बच्चों के लिए बाल एवं महत्वपूर्ण विधिक सहायता योजना 2024 के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए बच्चों के संबंध में समस्त योजनाएं, स्पॉन्सरशिप योजना, बच्चों के प्रति ध्यान देने वाली बटन एवं अन्य बच्चों से संबंधित कानून की जानकारी दिया गया। डॉक्टर इकबाल द्वारा उपस्थित लोगों को मानसिक रूप से बीमार एवं बौद्धिक दिव्यांग लोगों के लिए योजना 2024 के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए मानसिक रूप से बीमार व्यक्तियों के संबंध में योजनाओं एवं उनके लिए की जिला अस्पताल एवं अन्य जगह पर जो विशेष व्यवस्था बनाया गया है। उसके संबंध में विस्तृत जानकारी व कानूनी प्रावधान का जानकारी दिया गया। कविता ठाकुर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जांजगीर द्वारा बच्चों के अपराधों के संबंध में शुरुआती जांच के प्रावधानों एवं जांच में दी जाने वाली विशेष बातों के संबंध में वह प्रावधानों के संबंध में विस्तृत जानकारी दिया गया। उषा शांडिल्य पैनल अधिवक्ता एवं सदस्य द्वारा उपस्थित लोगों को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम एवं किशोर न्याय अधिनियम के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी दिया गया साथ ही बच्चों के मामले के संबंध में जांच एवं सुनवाई के दौरान ध्यान देने वाली आवश्यक बातें एवं दस्तावेज के संबंध में जानकारियां दी गई। गणेश प्रसाद शर्मा अध्यक्ष बाल कल्याण समिति जांजगीर द्वारा उपस्थित लोगों को नल सब बच्चों के लिए बाल एवं मैत्रीपूर्ण विधिक सहायता योजना 2024 एवं नालसा मानसिक रूप से बीमा एवं भौतिक दिव्यांग लोगों के लिए योजना 2024 दोनों विषयों पर विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए लोगों को अधिक से अधिक इन योजनाओं के बारे में जानकारी देने एवं लोगों की सहायता करने के संबंध में जानकारी दिया गया। इस कार्यक्रम में लीलेश्वर रत्नाकर डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल जांजगीर, बी.एम. बेक उपसंचालक समाज कल्याण विभाग जांजगीर, सर्विस यूनिट के समस्त सदस्य पैनल अधिवक्ता, डॉ अमित मिरी एवं सभी सदस्य पैरा लीगल वालंटियर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर वर्चुअली एवं ऑफलाइन माध्यम से जुड़े।

नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय में संपन्न हुआ युवा उत्सव आयोजन

पायनियर संवाददाता ∢ सक्ती
www.dailypioneer.com

शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय सक्ति में संपन्न हुआ युवा उत्सव,शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय सक्ति में युवा उत्सव के रूप में 3 दिन तक विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें खोखो, कबड्डी, रस्साकस्सी, चेस, कैरम,100 मीटर दौड़, रिले रेस, बोरा दौड़, अल्पना, रंगोली, कबाड़ से जुगाड, प्रश्न मंच, वादविवाद, पाक कला, सलाद सज्जा, जैसे विभिन्न शारीरिक और बौद्धिक प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता के प्रारंभ में प्राचार्य विजय देवांगन द्वारा छात्रों का उत्साहवर्धन किया गया प्रतियोगिता का प्रारंभ 100 मीटर दौड़ से हुआ। युवा उत्सव का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ संपन्न होगा। आयोजन में छात्रों में छुपी विभिन्न प्रतिभा निखर के सामने आ रही है जो युवा पीढ़ी के लिए बहुत ही अनिवार्य है।

गुंडरदेही और गुरुर ब्लॉक के कुल 550 मतदान केन्द्रों में होगा मतदान, 157 संवेदनशील मतदान केंद्रों में रहेंगे पुलिस के जवान तैनात

जिला पंचायत के 21, जनपद सदस्य के 149, सरपंच के 785 एवं वार्ड पंच हेतु कुल 3,868 प्रत्याशियों के भाग्य का होगा फैसला

पायनियर संवाददाता ∢ बालोद
www.dailypioneer.com

जिले में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तीसरे और अंतिम चरण का मतदान आज संपन्न होगा। जिसकी प्रशासनिक तैयारी भी पूरी कर ली गई है। जिले के गुंडरदेही और गुरुर ब्लॉक के कुल 194 पंचायत के 550 मतदान केन्द्रों में आज रविवार को मतदान संपन्न होगा। कुल 2 लाख 78 हजार 188 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। गुंडरदेही और गुरुर ब्लॉक में कुल 194 सरपंच, 2 हजार 868 पंच पद के लिए एवं 44 जनपद सदस्य और 7 जिला पंचायत सदस्य पद के लिए मतदान होगा। हालांकि गुंडरदेही में 24 और गुरुर में 21 यानि कुल 45 जनपद सदस्य पद है। लेकिन गुरुर जनपद अंतर्गत के एक महिला सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हुई हैं। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा मतदान एवं मतगणना कार्य को सुचारू रूप से एवं सफ्लतापूर्वक संपन्न कराने हेतु सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

हरी झंडी दिखाकर मतदान दलो को किया गया रवाना

रविवार को होने वाले तीसरे चरण के मतदान के लिए मतदान अधिकारियों को गुंडरदेही ब्लॉक के शासकीय आईटीआई खलारी एवं गुरूर ब्लॉक के शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से मतदान दलों को मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया गया है। गुंडरदेही ब्लॉक के मतदान सामग्री वितरण स्थल शासकीय आईटीआई खलारी से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने मतदान दलों के वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल एवं एसडीएम प्रतिमा ठाकरे झा ने मतदान दलों को निर्वाचन कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की। इसी प्रकार गुरुर मुख्यालय स्थित शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बनाए गए सामग्री वितरण केंद्र से जिला पंचायत के सीईओ एवं रिटर्निंग आफिसर डॉ. संजय कन्नौजे ने मतदान दलों के वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर सीईओ डॉ. सजंय कन्नौजे और एसडीएम प्राची ठाकुर ने मतदान दलों को मिठाई खिलाकर एवं गुलाब का फूल भेंटकर कर निर्वाचन कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की।

पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी और सेक्टर मजिस्ट्रेट की टीम करेगी पेट्रोलिंग

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के निर्देशानुसार गुंडरदेही और गुरुर ब्लॉक के 550 मतदान केन्द्रों के लिए मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारियों के अलावा जोनल अधिकारी, कार्यपालिक दण्डाधिकारी तथा सुरक्षा बल के जवान आदि की तैनातगी सुनिश्चित की गई है। संवेदनशील मतदान केंद्रों में पुलिस सुरक्षा बल तैनात किए गए है, तो वही सामान्य केंद्रों में कोटवार व फॉरेस्ट गॉर्ड की तैनाती की गई हैं। संवेदनशील मतदान केंद्रों में पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी और सेक्टर मजिस्ट्रेट की टीम पेट्रोलिंग करेगी। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के तृतीय चरण के अंतर्गत 23 फ़रवरी को संपन्न होने वाले मतदान के तहत मतों की गणना मतदान समाप्ति के पश्चात् संबंधित मतदान केन्द्रों में ही की जाएगी।

117 पंचायत में 305 मतदान केंद्र बनाए गए

त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के अंतर्गत आज गुंडरदेही ब्लॉक के 5 जिला पंचायत क्षेत्र के लिए 17 एवं जनपद पंचायत सदस्य के 24 निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 89 प्रत्याशी, 111 ग्राम पंचायतों में सरपंच पद के लिए होने वाले निर्वाचन के लिए कुल 475 और 988 वार्डों में पंच पद हेतु 2 हजार 262 प्रत्याशी अपना भाग्य आजमा रहे है। 5 ग्राम पंचायत में सरपंच पद और 695 वार्ड पंच पद के लिए निर्विरोध निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न हो चुकी है। गुंडरदेही ब्लॉक में 117 ग्राम पंचायत में कुल 305 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें 113 केंद्र संवेदनशील है। गुंडरदेही ब्लॉक में 82 हजार 126 पुरूष, 83 हजार 216 महिला एवं 4 अन्य मतदाता है। कुल एक लाख 65 हजार 346 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

245 में 44 मतदान केंद्र संवेदनशील

वहीं गुरुर ब्लॉक के 3 जिला पंचायत क्षेत्र के लिए सात प्रत्याशी एवं जनपद पंचायत सदस्य के 20 निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 60 प्रत्याशी, 74 ग्राम पंचायतों में सरपंच पद के लिए होने वाले निर्वाचन के लिए कुल 310 प्रत्याशी और 710 वार्डो में पंच पद हेतु 1 हजार 606 प्रत्याशी मैदान में है। एक जनपद सदस्य के पद, 2 ग्राम पंचायत में सरपंच पद और 468 वार्ड पंच पद के लिए निर्विरोध निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न हो चुकी है। गुरुर ब्लॉक अंतर्गत 77 ग्राम पंचायत में 245 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें 44 केंद्र संवेदनशील हैं। गुरुर ब्लॉक में 55 हजार 406 पुरूष, 57 हजार 436 महिला मतदाता है। कुल एक लाख 12 हजार 842 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

फैक्ट फाइल

गुंडरदेही ब्लॉक
कुल ग्राम पंचायत- 117
कुल वार्ड- 1,689
कुल जनपद क्षेत्र- 24
कुल जिला पंचायत क्षेत्र- 5
पुरूष मतदाता- 82,126
महिला मतदाता- 83,216
अन्य- 04
कुल मतदाता- 1,65,346

गुरुर ब्लॉक
कुल ग्राम पंचायत- 77
कुल वार्ड- 1,179
कुल जनपद क्षेत्र- 21
कुल जिला पंचायत क्षेत्र- 3
पुरूष मतदाता- 55,406
महिला मतदाता- 57,436
अन्य मतदाता- 0
कुल मतदाता- 1,12,842

संपादकीय

रेखा गुप्ता दिल्ली की मुख्यमंत्री

रेखा गुप्ता को दिल्ली की मुख्यमंत्री बना कर भाजपा ने ऐतिहासिक कदम उठाया है क्योंकि वे वर्तमान समय में किसी भाजपा शासित राज्य में पहली महिला मुख्यमंत्री होंगी। रेखा गुप्ता को दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई गई। यह एक महत्वपूर्ण कदम है क्योंकि वे राष्ट्रीय राजधानी में इस उच्च पद पर पहुंचने वाली चौथी महिला हैं। उनका पद पर आसीन होना न केवल भारतीय जनता पार्टी-भाजपा के लिए महत्वपूर्ण है जो दिल्ली में 27 साल बाद सत्ता में आई है, बल्कि यह शहर के राजनीतिक परिदृश्य में भी परिवर्तनकारी बदलाव है। रेखा गुप्ता की नियुक्ति इसलिए भी ऐतिहासिक है क्योंकि वे भाजपा-शासित राज्य में नेतृत्व करने वाली पहली महिला हैं। उनके नेतृत्व से दिल्ली के प्रशासन में नया दृष्टिकोण आने की उम्मीद है जो समावेशन और विकास पर ध्यान देगा। 19 जुलाई, 1974 को हरियाणा के जुलाना में जन्मी रेखा गुप्ता ने दिल्ली में शिक्षा पाई। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के अंतर्गत दौलतराम कालेज से स्नातक उपाधि पाई और 2022 में एलएलबी किया। अपनी विधिक पृष्ठभूमि के कारण राजनीतिक और प्रशासनिक जटिलतायें समझने में उनका आधार मजबूत है। उनके राजनीतिक कॅरियर की शुरुआत 1992 में दिल्ली विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद-एबीवीपी से जुड़ाव से हुई। जल्द ही उनके नेतृत्वकारी गुणों की पहचान हो गई और वे 1996-97 के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ-डूसू की अध्यक्ष चुनी गईं।

उन्होंने 2007 और 2012 में उत्तर पीतमपुरा से पार्षद के रूप में अपनी राजनीतिक पहचान और मजबूत की जहां उन्होंने अनेक सामुदायिक विकास योजनायें शुरू कीं।

जनता की सेवा तथा प्रभावी प्रशासन के प्रति प्रतिबद्धता के चलते वे 2025 में शालीमार बाग से विधायक चुनी गईं जहां उन्होंने 'आप' की वंदना कुमारी को भारी मतों से पराजित किया। रेखा गुप्ता एक सम्मानित परिवार से आती हैं जिसमें सामुदायिक सेवा और शिक्षा को अत्यधिक महत्व दिया जाता है। उनके पिता भारतीय स्टेट बैंक में अधिकारी थे और जब वे दो साल की थीं तभी उनका परिवार दिल्ली में बस गया था। नई मुख्यमंत्री के रूप में रेखा गुप्ता को अनेक बड़ी चुनौतियों का सामना करना होगा। दिल्ली में निरंतर जारी वायु एवं नदी प्रदूषण पर फौरन ध्यान देना तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए लगातार हस्तक्षेप जरूरी है। इसके साथ ही शहर को अनेक ढांचागत कमियों का सामना करना पड़ रहा है जिसमें परिवहन व सार्वजनिक सुविधायें शामिल हैं। नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता बेहतर बनाने के लिए इसमें सुधार जरूरी है। प्रचार अभियान में किए वादों के अनुसार रेखा गुप्ता का लक्ष्य सरकारी स्कूलों में सुधार कर सबके लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना है। दिल्ली की विविधतापूर्ण जनसंख्या की आवश्यकतायें पूरी करने के लिए मुफ्त एवं सक्षम स्वास्थ्यरक्षा तक पहुंच का विस्तार करना जरूरी है। आर्थिक रूप से गरीब महिलाओं को मासिक भत्ता देने की प्रतिबद्धता सामाजिक समता के लिए जरूरी है। मुख्यमंत्री के पद पर रेखा गुप्ता का पहुंचना अनुभव, प्रतिबद्धता तथा दिल्ली के प्रगतिशील भविष्य के दृष्टिकोण का मिश्रण है। उनके नेतृत्व से उम्मीद है कि वह राजधानी के प्रशासन की जटिलतायें सुलझाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर टिकाऊ विकास तथा समावेशी प्रगति सुनिश्चित करेगा। अब देश की राजधानी में 'डबुल इंजन' की सरकार बन गई है, ऐसे में दिल्लीवासी शहर में आमूल परिवर्तनों की उम्मीद कर रहे हैं। इसके पहले दिल्ली की अवस्थापना का केन्द्र सरकार से टकराव जारी था और इस कारण अनेक नीतियों व कार्यक्रमों का क्रियान्वयन कठिन हो गया था। इसका कारण केन्द्र और राज्य सरकार के बीच टकराव था। अब यह स्थिति दूर हो गई है।

भारतीय राजनय की परीक्षा

यमन में हत्या की आरोपी निमिषा प्रिया की किस्मत अधर में लटकी है। यह विदेशों में अपने नागरिकों की रक्षा करने में भारतीय राजनय की परीक्षा है।

संतोष मैथ्यू
(लेखक, ऐसोसिएट प्रोफेसर हैं)

यमन की राजधानी सना में भारतीय नागरिक निमिषा प्रिया को जटिल परिस्थितियों में एक यमनी नागरिक की हत्या का आरोप झेलना पड़ रहा है। आरोप गंभीर है, पर वास्तव में परिस्थितियों की गंभीरता के कारण यह स्थिति पैदा हुई थी। निमिषा के प्रकरण का संबंध केवल आरोपों से न होकर यह भारत के लिए आह्वान है कि वह अपने एक नागरिक की सुरक्षा के लिए कदम उठाए। हूती-नियंत्रित सना में परिवेश जोखिम से भरा है और वहां न्यायोचित सुनवाई या समस्या के शांतिपूर्ण समाधान की उम्मीद बहुत कम है।

यह स्थिति एक अंतरराष्ट्रीय राजनयिक चुनौती है जो भारत के तत्काल हस्तक्षेप की मांग करती है। यमन सालों से टकरावों का शिकार है जिसके चलते हूती विद्रोहियों ने राजधानी पर कब्जा कर लिया है। सत्ता समीकरणों में लगातार हो रहे परिवर्तनों को देखते हुए न्याय व्यवस्था विखंडित हो गई है तथा खासकर भारत जैसे देशों के नागरिकों पर संकट बढ़ गया है। भय है कि यदि बिना राजनयिक हस्तक्षेप के निमिषा प्रिया को अकेला छोड़ दिया जाए तो उसे कठोरतम परिणामों का सामना करना पड़ सकता है जिसमें मनमाने दंड या इससे भी बुरी स्थिति शामिल है। यमनी संस्कृति में 'ब्लड मनी' की परंपरा है जिसके चलते समाधान का रास्ता निकल सकता है।

यह परंपरा देश के अनेक भागों में प्रचलित है, हालांकि यह आधुनिक न्याय व मानवीय मूल्यों के खिलाफ है जिनका समर्थन भारत करता है। भारत सरकार ने पहले ही इस संकट से निपटने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इस मामले में भारत की राजनयिक प्रतिक्रिया प्रशंसनीय है। उसने तेजी से कार्रवाई कर यह सुनिश्चित किया कि मामला ज्यादा भड़कने न पाए। उल्लेखनीय है कि ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागाछी ने यह मुद्दा हूती राजदूत के समक्ष उठाया जिससे क्षेत्रीय राजनय में इसका महत्व स्पष्ट होता है। यह सहयोग भारत के तत्काल हस्तक्षेप का परिणाम है और इससे बहुपक्षीय राजनय की क्षमता प्रकट होती है कि वह 'ब्लड मनी' जैसे परंपरागत कबीलाई व्यवहारों का अनुसरण किए मामला सुलझा सकती है। भारतीय विदेश नीति ने लंबे समय से मानवाधिकारों और न्याय के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रकट की है। इस मामले में भी भारत सरकार को इन सिद्धान्तों पर मजबूती से डटे रहना चाहिए तथा यह सुनिश्चित करना चाहिए कि निमिषा के जीवन का मूल्य न लगाया जाए। खासकर 'ब्लड मनी' की अनुमति निरपराध व्यक्ति की किस्मत तय करने में नहीं दी जानी चाहिए।

भारत द्वारा इस बिंदु पर जोर देने से न केवल उसके जीवन की रक्षा होगी, बल्कि वैश्विक परिदृश्य में न्याय और मानवीय गरिमा के पैरोकार के रूप में भारत की भूमिका मजबूत होगी। राजनीतिक अस्थिरता और सुरक्षा परिवेश के कारण निमिषा प्रिया का जीवन खतरे में है। हूती-नियंत्रित न्याय व्यवस्था से समुचित प्रक्रिया के पालन की वैसी उम्मीद नहीं है जैसी आधुनिक सभ्य समाज में की जाती है। यहां विदेशी नागरिकों के साथ अक्सर तिरस्कार का व्यवहार किया जाता है, ऐसे में निमिषा को सही न्याय मिलना कठिन है। इसे रोकने के लिए भारत को अपने सारे राजनयिक चैनलों से प्रयास करने होंगे जिसमें अनौपचारिक पिछले दरवाजे से बातचीत और 'ट्रैक 2 डिप्लोमेसी' शामिल हैं। ऐसे तरीके जटिल अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों में प्रभावी सिद्ध हुए हैं।

> यह स्थिति एक अंतरराष्ट्रीय राजनयिक चुनौती है जो भारत के तत्काल हस्तक्षेप की मांग करती है। यमन सालों से टकरावों का शिकार है जिसके चलते हूती विद्रोहियों ने राजधानी पर कब्जा कर लिया है।

मध्यपूर्व में भारत का विभिन्न पक्षों से लंबे समय से निकट संबंध रहा है। इन संबंधों का लाभ उठा कर भारत अपनी स्थिति मजबूत कर सकता है। ईरान जैसे देशों के साथ भारत के ऐतिहासिक संबंध हैं। यह स्वागत योग्य है कि ईरान ने इस मामले में मध्यस्थता करने की इच्छा प्रकट की है और उनके विदेश मंत्री अब्बास आरागाछी ने हस्तक्षेप किया है। इस संबंध में 'ट्रैक 2 डिप्लोमेसी' महत्वपूर्ण उपकरण सिद्ध हो सकती है।

विश्वसनीय मध्यस्थों के माध्यम से अक्सर ऐसे परिणाम प्राप्त हो सकते हैं, जबकि आधिकारिक चैनल नौकरशाही और राजनीतिक संवेदनशीलताओं से दबे रहते हैं। भारत राजनयिक रूप से औपचारिक व अनौपचारिक, दोनों प्रकार के चैनलों का प्रयोग करने में सक्षम है। इससे संकट से निपटने में उसकी विशिष्ट क्षमता भी प्रकट होती है। इससे सुनिश्चित हो सकता है कि निमिषा प्रिया मामले का न्यायोचित व उचित समाधान हो। भारत सरकार को इस मामले पर अत्यधिक ध्यान देकर कार्रवाई इसलिए भी करनी चाहिए क्योंकि यह विदेशों में रह रहे अपने नागरिकों की सुरक्षा के प्रति उसकी प्रतिबद्धता की परीक्षा होगी। यह मामला भारत की भावनात्मक राजनय का महत्व उजागर करता है। भारतीय नर्सें मध्यपूर्व में स्वास्थ्यरक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती हैं और उनको न केवल स्वास्थ्यरक्षा प्रदाता, बल्कि भारत के सांस्कृतिक राजदूत की तरह भी देखा जाता है। इस प्रकार विदेश में कार्यरत भारतीय नर्स निमिषा प्रिया के जीवन की रक्षा एक व्यक्तिगत चिन्ता से बहुत आगे जाती है। इससे विदेशों में काम कर रहे अपने नागरिकों की सुरक्षा और उनके प्रति न्यायोचित व्यवहार के मामले में भारत की प्रतिबद्धता स्पष्ट होती है।

इस प्रकरण से सरकार की क्षमता में विश्वास की भी परीक्षा हो रही है कि वह विदेशों में कार्यरत अपने नागरिकों की कहां तक सुरक्षा कर सकती है। भारत सरकार के सक्रिय प्रयासों में राजनयिक संपर्क तथा अंतरराष्ट्रीय साझीदारों से समन्वय शामिल है जिससे विश्व शक्ति के रूप में भारत का बढ़ता कद भी रेखांकित होता है।

भारत की राजनयिक पहुंच बढ़ने के साथ ही भावनात्मक राजनय का महत्व भी स्पष्ट होता है। यह विदेशों में काम करने वाले नागरिकों के माध्यम से सामने आता है। निमिषा का मामला कोई अलग-थलग घटना नहीं है, बल्कि यह भारत को विश्व मंच पर अपने प्रभाव व राजनयिक क्षमता प्रदर्शित करने का माध्यम है। निमिषा को सुरक्षित रखने के सरकार के प्रयास प्रशंसनीय हैं। क्षेत्रीय शक्तियों से संपर्क, बैकचैनल डिप्लोमेसी के प्रयोग तथा न्याय के अंतरराष्ट्रीय मानकों का क्रियान्वयन सुनिश्चित कर भारत वैश्विक मामलों में अपने बढ़ते नेतृत्व का प्रदर्शन कर रहा है। इस रणनीतिक कार्रवाई से भारत एक ऐसे राष्ट्र के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर सकता है जो अपने सभी नागरिकों के लिए मानवाधिकार और न्याय की पैरवी करता है, भले ही वे दुनिया में कहीं भी हों।

कुल मिला कर कहें तो निमिषा प्रिया की स्थिति गंभीर चुनौती का विषय है, पर यह भारत के लिए अपने मूल्यों और अपनी राजनयिक परिपक्वता प्रदर्शित करने का अवसर भी है। त्वरित एवं समग्र कार्रवाई से भारत न केवल निमिषा का जीवन बचाएगा, बल्कि जिम्मेदार विश्व शक्ति के रूप में अपना सम्मान भ्री मजबूत करेगा जो अपने नागरिकों को सुरक्षा देने के साथ्र ही शांति, न्याय और मानवाधिकार मूल्यों को मजबूत करता है। भारत को लगातार दबाव डाल कर सुनिश्चित करना चाहिए कि निमिषा का मामला हल हो तथा उसे समुचित सम्मान मिले। यह विश्व मंच पर भारतीय राजनय की विजय होगी।

तरीका दुःख से निज़ात पाने का

> मनुष्यों को यह सोचने में समझदारी दिखानी चाहिए कि अगर इस स्थिति का इलाज न किया जाए तो यह शोक का प्रतीक बन सकती है।

रवि वलूरी
(लेखक, रेलवे विभाग से संबंधित हैं)

बिल माहेर लिखते हैं, आत्महत्या मनुष्य का ईश्वर से यह कहने का तरीका है: आप मुझे नौकरी से नहीं निकाल सकते, मैं नौकरी छोड़ता हूं। लेकिन क्या बहादुर लोग आत्महत्या करते हैं? डर, चिंता, भावनात्मक उथल-पुथल, अप्रिय भावनाएं, घबराहट के दौरे और भय सभी एक नाजुक और नाजुक दिमाग के लक्षण हैं। यह खतरे या दर्द के डर से उत्पन्न एक अप्रिय भावना की अभिव्यक्ति है।

एक खंडित मन हमेशा तर्कहीन भय का शिकार होता है। ऐसा व्यक्ति यह भेद करने में असमर्थ होता है कि क्या तर्कसंगत है और क्या नहीं। लोग अत्यधिक या तर्कहीन भय या घृणा से पीड़ित होते हैं। यह कुछ और नहीं बल्कि फोबिया (डर के लिए ग्रीक शब्द) कहलाता है। डर को बढ़ाने में हमारी दबी हुई भावनाएं भी योगदान देती हैं। ये भावनाएं तर्कसंगत या वैज्ञानिक सोच पैटर्न पर आधारित नहीं होती हैं। हम सुसंगत और स्पष्ट दृष्टि से प्रतिक्रिया करने के बजाय हिंसक या तर्कहीन तरीके से प्रतिक्रिया करते हैं।

मनुष्यों को यह सोचने में समझदारी दिखानी चाहिए कि अगर इस स्थिति का इलाज न किया जाए तो यह शोक का प्रतीक बन सकती है। एक व्यक्ति मनोदैहिक बीमारियों, भूख न लगना, आत्म-हीन व्यवहार या यहां तक कि सिज़ोफ्रेनिया से पीड़ित हो सकता है।

यह रुग्ण विचारों, उत्पीड़न जटिलताओं और यहां तक कि मतिभ्रम के रूप में कई गुना प्रभाव डालता है। शायद डर का एक तत्व आवश्यक है, क्योंकि तब हम अपने बाड़ों पर निगरानी रख सकते हैं। हालांकि, इसे झूठी बहादुरी से अलग करने की जरूरत है।

ऐसा रवैया केवल दिखावा या दिखावा करने के बराबर होगा। मस्तिष्क एक अंग है और मन हमारी बुद्धि है। डर पर विजय पाने के लिए मन की शक्ति को बढ़ाया और बढ़ाया जाना चाहिए। मन एक मूवी थियेटर है जहां हमारे जीवन का सोप ओपेरा खेला जाता है। हम बहुत सारी फिल्में चलाते हैं, रिवाइंड करते हैं और फिर से चलाते हैं। ये हमारी विशिष्टताओं और विचारों की गुणवत्ता पर आधारित हैं। विचार इस बात से प्रभावित होते हैं कि हम किस तरह का भोजन करते हैं (तामसिक, राजसिक, सात्विक), हम किस तरह की संगत करते हैं और हम कितना आराम करते हैं। भोजन की गुणवत्ता (गुण) हमारे स्वभाव और जीवन के प्रति दृष्टिकोण को प्रभावित करती है। तामसिक भोजन हमें सुस्त बनाता है, राजसिक भोजन हमें बुखार या बेचैनी से ग्रस्त बनाता है और सात्विक भोजन हमें शांत महसूस कराता है।

पहले दो हमें भयभीत स्थितियों की ओर ले जाते हैं। अगर हम ऐसे लोगों के करीब हैं जिनकी सोच नकारात्मक है, तो हम ऐसे गुणों को अपनाते हैं और ऐसे व्यवहार पैटर्न को प्रदर्शित करते हैं। मनुष्य अपनी संगति से जाना जाता है एक बहुत पुरानी कहावत है और इसी तरह मनुष्य स्वतंत्र पैदा होता है लेकिन हमेशा जंजीरों में बंधा रहता है।

मान लीजिए कि हमारे आस-पास प्रेरणादायी मित्र और सफल लोग हैं, तो हम इस तरह के रास्ते पर चलेंगे। पर्याप्त शारीरिक और मानसिक आराम करना बहुत ज़रूरी है। अगर हम आराम करते हैं, तो हम शांत रहते हैं और शिकायत या झगड़ा नहीं करते। तब हम शारीरिक और मानसिक रूप से सतर्क और उच्च-उपजाऊ होते हैं। हमारे दिमाग में, हमें बस उस कचरे को फेंकने के लिए जगह बनाने की ज़रूरत है जो रीसायकल बिन में गायब हो जाता है, फिर कभी दिखाई नहीं देता।

हमें अपने जुनून, शौक पूरे करने चाहिए, खेलकूद में शामिल होना चाहिए, पाठ्येतर गतिविधियों में भाग लेना चाहिए, नकारात्मक संगत से बचना चाहिए, पहल करनी चाहिए, ध्यान का अभ्यास करना चाहिए, मन को व्यस्त रखना चाहिए, ट्रेडमिल पर पैर रखना चाहिए, लंबी सैर करनी चाहिए, ट्रेकिंग करनी चाहिए और उद्यमियों और सफल व्यक्तियों की आत्मकथाएँ पढ़नी चाहिए। अन्य लोग प्राणायाम का अभ्यास करके, योग सीखकर, आर्ट ऑफ़ लिविंग कोर्स करके या विपश्यना तकनीक के माध्यम से सांसों का अवलोकन करके आध्यात्मिक मार्ग अपनाते हैं। ये समग्र तकनीकें मन को वर्तमान क्षण में रहने और भय पर विजय पाने के लिए रूपांतरित करती हैं।

भय पर विजय पाने के लिए, हमें अपने आराम क्षेत्र से बाहर निकलने की आवश्यकता है ताकि भय का वायरस हमारे ऑपरेटिंग सिस्टम में प्रवेश न कर सके। और अगर कुछ भी काम न आए, तो व्यक्ति को ईश्वर के सामने आत्मसमर्पण कर देना चाहिए और आभारी महसूस करना चाहिए।

आप की बात

पर्यटन विभाग ध्यान दे

मैं मसूरी का उदाहरण बताते हुए भारत तथा राज्यों के पर्यटन विभागों को सभी पर्यटन स्थलों पर कुछ बातों को ध्यान में रखने का सुझाव देना चाहता हूं। मसूरी में केम्पटी फाल के बिल्कुल पास तथा गन हिल के संपूर्ण किनारे पर दुकानें तथा रेस्टोरेंट की भरमार होने के कारण पर्यटकों के खड़े रहकर प्राकृतिक सौंदर्य देखने की जगह नहीं बची। इन दोनों जगहों पर लोग खरीददारी के लिए नहीं, प्राकृतिक सौंदर्य देखने जाते हैं जिसके लिए जगह नहीं होने पर पर्यटक वहां आना बहुत कम हो जाएंगे तो दुकानें भी नहीं चलेंगी। कुछ रेस्टोरेंट की अनुमति ऐसी जगहों पर दी जाना चाहिए कि पर्यटकों को परेशानी न हो।पर्यटन विभाग ने स्थानीय भ्रमण के लिए (अप्रैल 2024 की स्थिति) टेक्सी, बस आदि की भी व्यवस्था भी नहीं की तथा सूचना केंद्रों पर स्थानीय दर्शनीय स्थलों, नक्शों, होटलों, आवागमन के साधनों आदि की जानकारी वाले प्रिंटेड फोल्डर, ब्रोशर आदि भी उपलब्ध नहीं हैं, कह दिया जाता है कि इंटरनेट पर सब उपलब्ध है। जबकि हिमाचल पर्यटन विभाग के सूचना केंद्रों पर हर प्रकार की विस्तृत जानकारी के साथ बुकलेट, फोल्डर आदि उपलब्ध हैं। मसूरी में मॉल रोड पर वाहन तेजी से भगाए जाते हैं और पर्यटकों के एक्सीडेंट का बहुत डर रहता है। 1990 के दशक में मसूरी में ये परेशानियां नहीं थीं।

– **ललित दुबे**, रतलाम

विविधता एवं संघर्ष

भाषाओं और बोलियों की संख्या और विविधता की दृष्टि से भारत जैसा समृद्ध देश विश्व में अन्य कोई भी नहीं है, इस विविधता ने अविभाजित भारतीय समाज में विघटन नहीं अपितु परस्पर समरसता और सामंजस्य का ही वातावरण रहा । किन्तु 1947 में अर्जित तथाकथित स्वतंत्रता और उसके उपरान्त 1950 में अंगीकृत संविधान के अन्तर्गत भाषायी निर्णयों के परिणामस्वरूप भाषायी संघर्ष जिस गति से बढ़ा है वह चिंतनीय है । भारत की राजभाषा के रूप में स्वीकृत हिन्दी का विरोध केवल दक्षिण भारत में ही नहीं, अन्य राज्यों में भी बढ़ रहा है । पंजाब में पंजाबी भाषा के क्षेत्रीय अधिकार के नाम पर हिन्दी के विरोध के आलोक में देवनागरी लिपि और संस्कृत का पूर्ण बहिष्कार भाषायी सेक्युलरिज्म का वीभत्स रूप है और यह विरोध हिन्दी संस्कृत व देवनागरी से आगे हिन्दू विरोध के रूप में भी परिलक्षित हो रहा है, ठीक इसी प्रकार तमिल भाषा के नाम पर हिन्दी व उत्तर भारत के विरोध के साथ अब सनातन का विरोध तमिलनाडु की राजनीति में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है । मातृभाषा का सम्मान होना ही चाहिए और भारत की राजभाषा हिन्दी अथवा संस्कृत किसी मातृभाषा का विरोध नहीं करतीं बल्कि मातृभाषाओं को समृद्ध करती है किन्तु मातृभाषा के नाम पर भाषायी अल्पसंख्यकवाद भारत की अखंडता को प्रभावित न करे।

– **डॉ जय प्रकाश गुप्ता**, अंबाला छावनी

प्लास्टिक कचरे की समस्या

आज एक टॉफ़ी से लेकर बड़े से बड़ा कोई भी सामान आप बाजार से खरीद लाइए , प्लास्टिक की मौजूदगी उसमे दिख ही जाएगी । प्लास्टिक से रोजमर्रा के जीवन में जितनी सुविधाएं और सहूलियत हुई है उससे सौ गुना अधिक नुकसानदायक प्रतिफल के रूप में इसका कचरा मानव जीवन को भयावह खतरे का संकेत दे रहा है। हर छोटे से छोटे शहर में भी प्रतिदिन औसतन कई सौ टन प्लास्टिक कचरा निकल रहा है इसके निस्तारण का कोई उपाय नहीं है शायद यूज एंड थ्रो की बढ़ती मांग और उत्पादकता ने इस विपत्ति को कहीं ज्यादा बढ़ा दिया है। विकास की इस अंधी दौड़ का नतीजा है कि प्लास्टिक समुद्र के किनारे से लेकर ऊँचे पहाड़ों तक अपना घर बना चुका है जो अब प्रकृति और वन्यजीवों के लिए लगातार खतरा बनता जा रहा है। प्लास्टिक का प्रबंधन, निस्तारण और पुनर्चक्रण की प्रक्रिया बहुत जटिल और महंगी होती है, जिससे समस्या और बढ़ती जा रही है। अब सवाल उठता है कि क्या प्लास्टिक से बेहतर या उसके समकक्ष कोई विकल्प हो सकता है ? अगर फ़िलहाल नहीं तो बेहतर यही होगा कि लोग प्लास्टिक के प्रयोग से बेहतर प्राकृतिक और हस्तशिल्प उत्पादों कपड़े के बैग, बांस से बने उत्पाद, कागज से बने कंटेनर आदि को अपनाकर न केवल पर्यावरण की रक्षा बल्कि पारंपरिक उद्योगों और हस्तकला को भी प्रोत्साहित कर सकते हैं।

– **नितिन रावत**, फिरोजाबाद

ट्रंप का आरोप

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा का यह आरोप वाकई बहुत गंभीर है कि बाइडन प्रशासन भारत के चुनावो में हस्तक्षेप करते हुए किसी और को निर्वाचित कराने की कोशिश कर रहा था। यदि ट्रंप अपने पूर्व समकक्ष पर यह आरोप लगा रहे है तो निश्चय ही कोई तथ्य तो होगा ही। भारत की सामाजिक-आर्थिक व्यवस्था को अस्थिर करने की साजिश करने की विदेशी साजिश की आशंका लंबे समय से व्यक्त की जा रही है। किसान आंदोलन हो या संसद सत्र के पूर्व किसी विदेशी रिपोर्ट का आना ये सभी इसके प्रमाण है। इस साल के बजट सत्र से पहले, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि, पिछले 10 साल में ये पहला संसद सत्र है जिसमें विदेशी धरती से कोई षडयंत्र नहीं किया गया. पीएम मोदी ने कहा कि ऐसा देखा गया है कि हर संसद सत्र से पहले विदेश से कोई ना कोई विवाद खड़ा किया जाता है जिसे हमारे देश में हवा दी जाती है। वैसे भी भारत पश्चिम शक्तियो की आंखो की किरकिरी रहा है। पश्चिमी मीडिया हो या ऐजेंसीया सभी भारत के खिलाफ दुष्प्रचार करती रहती है। बंग्लादेश में शेख हसीना को बेदखल करने के पीछे अमेरिकी साजिश बताई जाती है।

– **विमलेश पगारिया**, बदनावर

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

विद्यार्थी जीवन व्यक्ति के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण कालखण्ड है, इसका सदुपयोग करें : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि विद्यार्थी जीवन प्रत्येक व्यक्ति के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण कालखण्ड होता है। इसी के आधार पर व्यक्ति के भावी जीवन की बुनियाद खड़ी होती है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को कठिन परिश्रम, अनुशासन एवं सदाचार जैसे उत्कृष्ट गुणों को आत्सात करते हुए अपने जीवन के इस महत्वपूर्ण कालखण्ड का सदुपयोग करने को कहा। इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले के गुंडरदेही ब्लॉक के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय अर्जुंदा में आयोजित कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को विदाई समारोह के अवसर पर अपना उद्गार व्यक्त कर रहे थे। इस अवसर पर जनसंपर्क अधिकारी चन्द्रेश ठाकुर, तहसीलदार प्रीतम साहू, डीएमसी अनुराग त्रिवेदी, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय अर्जुंदा के प्राचार्य नीलम कौर सहित शिक्षक-शिक्षिका एवं विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

अध्यापन की उत्कृष्ट व्यवस्था की सराहना की

इस अवसर पर कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय अर्जुंदा के अध्ययन-अध्यापन की उत्कृष्ट व्यवस्था की सराहना भी की। उन्होंने विद्यार्थियों को विद्यालय के इस बेहतर व्यवस्था की लाभ उठाने को कहा। इस अवसर पर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय अर्जुंदा में शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं इस संस्था के समवेत प्रयासों से विद्यालय का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट एवं सराहनीय होगा। उन्होंने विद्यार्थियों को कठिन परिश्रम, लगन एवं धैर्य के साथ विद्या अध्ययन कर जीवन में बड़ी उपलब्धि हासिल करने की शिक्षा भी दी।

विभिन्न कक्षों का किया अवलोकन

उन्होंने विद्यार्थियों को अपने गुरूजनों के सतत मार्गदर्शन तथा अपने लगन एवं मेहनत से उच्च पदों को सुशोभित कर अपने गुरूजन, माता-पिता एवं अपने विद्यालय का नाम रोशन करने को कहा। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यालय के अध्ययन-अध्यापन के उत्कृष्ट व्यवस्था एवं बेहतरीन परिवेश की भूरी-भूरी सराहना की। इस दौरान कलेक्टर ने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के विभिन्न कक्षों का अवलोकन कर संस्था के प्राचार्य एवं शिक्षकों से आवश्यक जानकारी ली।

मानव अधिकार की टीम ने मरीजों से पूछा- आपके साथ भेदभाव तो नहीं होता?

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई
www.dailypioneer.com

मानव अधिकार आयोग की टीम ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई-3 का दौरा किया। जिसमें उन्होंने कुष्ठ रोगी और मानसिक रोगियों को मिलने वाली सुविधाओं और मानव अधिकार के नियमों के तहत विभिन्न स्तरों पर लोगों के अधिकार की जानकारी दी। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई-3 के बीईटीओ व स्वास्थ्य सुपरवाइजर सैय्यद असलम ने बताया कि मानव अधिकार आयोग के विशेष प्रतिनिधि डॉ प्रदीप्ता नायक, जिला कुष्ठ व क्षय अधिकारी डॉ अभिषेक श्रीवास्तव, राज्य कुष्ठ एन एम एस चित्तरंजन शाहा जिला कुष्ठ समन्वयक डॉ भुनेश कोसमा और जिला कुष्ठ सुपरवाइजर सी एल मैत्री की टीम ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई तीन में मितानिन प्रेरकों, मितानिन गण, अस्पताल स्टाफ ओर कुष्ठ के चिह्नित मरीजों से अलग-अलग चर्चा करते हुए कहा कि कुष्ठ मरीजों और मानसिक रोगियों से किसी भी स्तर पर भेदभाव नहीं होना चाहिए। डॉ प्रदीप्ता नायक ने उनके लिए केंद्र सरकार और राज्य सरकार की योजनाएं के अंतर्गत सुविधाएं उपलब्ध कराने निर्देश दिए। उन्होंने कुष्ठ मरीजों से पूछा कि आप लोगों से भेदभाव तो नहीं किया जाता, दवाइयां निःशुल्क मिलती है कि नहीं और समय पर उपलब्ध रहती है कि नहीं, स्वास्थ्य कर्मियों ओर चिकित्सक आप लोगों के साथ कैसे व्यवहार करते हैं,समाज में लोग आप लोगों से कैसे व्यवहार करते हैं। इधर स्वास्थ्य कर्मचारी और मितानिन प्रेरकों मितानिन गण से चर्चा के दौरान उन्होंने कहा हम जीतेंगे और कुष्ठ ओर मानसिक रोग का उन्मूलन करने सरकार का प्रयास सार्थक होगा इसमें चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ, स्वास्थ्य विभाग के बी ई ईटीओ व सुपरवाइजर ओर अस्पताल कर्मियों ओर मैदानी स्वास्थ्य अमले एएनएम, मितानिन, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजिका व संयोजक की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि आप सभी को मानसिक रोगियों की पहचान करना सिखाया गया है। अब आपकी जिम्मेदारी है उन का इलाज संवेदना से करें और उनके अधिकार का हनन ना होने दें। उसी तरह कुष्ठ रोगियों को भी स्नेह प्रेम सहयोग के साथ सम्पूर्ण इलाज की जरूरत है। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के ओपीडी रजिस्ट्रेशन, दवा का स्टाफ, इत्यादि का मुआयना किया। दिल्ली से आए डा प्रदीप्ता नायक का शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। उन्होंने मितानिन द्वारा कुष्ठ रोग पर रंगोली और कन्या उ मा शाला भिलाई 3 स्कूली छात्रों की पोस्टरो का निरीक्षण किया। जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ अभिषेक श्रीवास्तव ने कहा कि दुर्ग जिले में कुष्ठ की पहचान और उपचार व निदान अभियान में अच्छा काम किया गया है।

क्षेत्र क्रमांक 14 में एक भाजपा से समर्थित तो दूसरा खुद को बता रहे लोकप्रिय, ग्रामीण मतदाता असमंजस

पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com

रविवार को तीसरे चरण का मतदान संपन्न होना है। गुरुर ब्लॉक अंतर्गत जिला पंचायत के क्षेत्र क्रमांक 14 से जहां कांग्रेस ने जितेंद्र यादव को अधिकृत प्रत्याशी बना मैदान में उतारा है, तो वही भाजपा ने किसी को भी अधिकृत न कर यह सीट स्वतंत्र छोड़ी है। क्योंकि इस सीट से भाजपा नेत्री और दो बार की जिला पंचायत सदस्य मीना साहू एवं भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष आदित्य पीपरे ने चुनाव लड़ने की मंशा जाहिर की थी। लेकिन भाजपा ने दोनों में सहमति नहीं बनाते हुए यह सीट स्वतंत्र छोड़ दी। जिसके फलस्वरूप यहां से भाजपा के दो कार्यकर्ता शैलेन्द्र सिंह सोरी और तेजराम साहू चुनाव लड़ रहे है। शैलेन्द्र सिंब सोरी अपने चुनावी प्रचार प्रसार वाले बैनर पोस्टर में खुद को भाजपा से समर्थित बता रहे है, तो तेजराम साहू हम ही बनाए हैं हम ही सवारेंगे का नारा बुलंद कर खुद को भाजपा से प्रत्याशी बता रहे हैं। इतना ही नहीं दोनों ने अपने प्रचार प्रसार वाले बैनर एवं पोस्टर में भाजपा के शीर्ष एवं आला नेताओं के फोटो को स्थान दिया है। अब ऐसे में ग्रामीण मतदाता असमंजस कि स्तिथि में हैं। बता दे की जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 14 से मीना साहू एवं आदित्य पीपरे ने चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर की थी, दोनों नहीं अपने-अपने स्तर से पार्टी से अधिकृत होने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा दिया, बावजूद जब कोई परिणाम नहीं निकल कर नही आया, तो संगठन ने इस क्षेत्र को स्वतंत्र छोड़ दिया।

जिले में द्वितीय चरण में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया मतदान में

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत दुर्ग जिले में द्वितीय चरण में जनपद पंचायत पाटन अंतर्गत 108 ग्राम पंचायत के 294 मतदान केन्द्रों में 20 फरवरी को शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हुआ। महिला, पुरूष, जवान, वृद्ध और नये मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक मतदान में भाग लिया। मतदान केन्द्रों में मतदाताओं ने लाईन में लगकर अपनी बारी का इन्तजार के साथ उत्साहपूर्वक मतदान किये। द्वितीय चरण में पंच, सरपंच के अलावा चार जिला पंचायत सदस्य और 25 जनपद पंचायत सदस्य हेतु मतदान संपन्न हुआ। जिला प्रशासन द्वारा मतदान केन्द्रों में छाया, पेयजल, बिजली, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किये गये थे। मतदान समाप्ति के निर्धारित समय 3 बजे तक अनअतरिम मतदान का प्रतिशत 74.51 रहा है। पुरूष मतदाताओं का अनअतरिम प्रतिशत 70.15 एवं महिला मतदाताओं का अनअतरिम प्रतिशत 78.96 रहा। 3 बजे तक 1,25,517 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किये। जिसमें पुरूष मतदाता 59,680 और महिला मतदाता 65,837 शामिल है। विकासखण्ड के अनेक मतदान केन्द्र में 3 बजे तक पहुंचे मतदाताओं को पर्ची दी गई है, जिसके अनुसार मतदान की प्रक्रिया जारी है। मतदान की समाप्ति पश्चात् मतदान प्रतिशत में बढ़ोत्तरी होगी।

नव विवाहित वर ने भी मतदान कर अपने कर्त्तव्य निभाया

त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के द्वितीय चरण अंतर्गत आज मतदान दिवस पाटन विकासखण्ड के ग्राम मानिकचौरी के नव विवाहित वर सगे भाई होमेन्द्र साहू और पीकू साहू ने बारात के ग्राम वापसी पश्चात् लोकतंत्र में एक मतदाता के कर्त्तव्य को ध्यान में रखकर पहले ग्राम के मतदान केन्द्र क्रमांक 120 में पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग की। तत्पश्चात् अपने दुल्हन को लेकर निवास गृह के लिए प्रस्थान किये।

दो दिवसीय डाक टिकट प्रदर्शनी ट्विनसिटी पेक्स 2025 का हुआ शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

भारतीय डाक विभाग दुर्ग संभाग द्वारा भिलाई सिविक सेंटर स्थित कला मंदिर में दो दिवसीय डाक टिकट प्रदर्शनी ट्विनसिटी पेक्स 2025 के आयोजन का शुभारंभ मुख्य अतिथि संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता निदेशक डाक सेवाएं छत्तीसगढ़ परिमण्डल रायपुर दिनेश कुमार मिस्त्री और आयोजक प्रवर अधीक्षक डाकघर दुर्ग संभाग बी.एल. जांगड़े द्वारा की गई। इस दौरान छत्तीसगढ़ की प्राचीन धरोहर देवबलोदा चरोदा स्थित शिव मंदिर पर विशेष कव्हर का विमोचन किया गया। विमोचन के माध्यम से प्राचीन छहमासी शिव मंदिर देव-बलोदा के धार्मिक महत्व को आम लोगों तक पहुँचाने का डाक विभाग के द्वारा सफल प्रयास किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर ने डाक विभाग, संचार मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित छात्रवृत्ति परीक्षा में चयनित दुर्ग जिले के 40 प्रतिभागी विद्यार्थियों को दीनदयाल स्पर्श योजना वर्ष 2024-2025 के अंतर्गत छात्र/छात्राओं को 6 हजार रूपए की छात्रवृति एवं प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया। मुख्य अतिथि संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर ने सभी प्रतिभागी बच्चों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज यहां आकर दुर्लभ प्रदर्शनी देखने को मिली। उन्होंने कहा कि पहले संदेश डाक के माध्यम से भेजा जाता था। अब मोबाइल से संदेश भेजा जाता है। डाक टिकट के महत्व को बढ़ाने की जरूरत है। प्रदर्शनी में हमारे देश व विश्व की भौगोलिक, वाणिज्यिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक और पारंपरिक पृष्ठभूमि से संबंधित डाक टिकतों का संग्रह है। यहां सामान्य ज्ञान का अदभूत भंडार है। आम नागरिकों को इसका लाभ लेना चाहिए। दो दिवसीय डाक टिकट प्रदर्शनी में वरिष्ट वर्ग से 12, कनिष्ट वर्ग से 13 व आमंत्रित वर्ग में 07 प्रतिभागियों के फिलाटेली डाक टिकट के संग्रह की प्रदर्शनी लगाई गई है। इस प्रदर्शनी में देश-विदेश के दुर्लभ डाक टिकटों को आम नागरिकों के लिये प्रदर्शित किया गया है।

जिला पंचायत सदस्य के चार विजयी प्रत्याशियों को दिया गया प्रमाण पत्र

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

जिला पंचायत सदस्य के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 05 से 08 का सारणीकरण कर आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में रिटर्निंग अधिकारी बजरंग दुबे ने विजयी प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र वितरित किया। जिसमें जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 05 से जितेन्द्र यादव, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 06 से प्रिया साहू, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 07 से आशा विक्की मिश्रा, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 08 से श्रद्धा साहू शामिल है।

विभागीय परीक्षा के लिए अधिकारी-कर्मचारियों की लगाई गई ड्यूटी

दुर्ग। छत्तीसगढ़ शासन, गृह-सी विभाग (विभागीय परीक्षा प्रकोष्ठ) मंत्रालय नया रायपुर द्वारा 03 से 10 मार्च 2025 तक विभागीय परीक्षा आयोजित किया जाना है। संभाग आयुक्त श्री एस.एन. राठौर द्वारा विभागीय परीक्षा के सुचारू रूप से संपादन हेतु अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्य दायित्व सौपे गये हैं। जिसके अनुसार डिप्टी कलेक्टर दुर्ग हितेश पिस्दा को परीक्षा केन्द्र एवं प्रश्न पत्र प्रभारी, कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग के सहायक संचालक के.के. शुक्ला को सहायक परीक्ष केन्द्र प्रभारी, नायब तहसीलदार दुर्ग ज्योत्सना कलिहारी एवं नायब तहसीलदार दुर्ग वसुमित्र दीवान को वीक्षक (इन्व्हीजिलेटर), जिला कार्यालय दुर्ग के सहायक ग्रेड-3 श्री एस. अभिषेक और जिला कार्यालय दुर्ग के सहायक ग्रेड-3 लेखू राम पटेल को लिपिकीय कार्य का दायित्व सौंपा गया है।

जनपद पंचायत दुर्ग के 24 प्रत्याशी विजयी घोषित

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

जनपद पंचायत दुर्ग के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 01 से 24 तक के जनपद पंचायत सदस्य का सारणीकरण कर 24 नवनिर्वाचित को रिटर्निंग आफिसर (पंचायत) पंचराम सलामे ने प्रमाण पत्र वितरित किया गया। जिसमें निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 01 से कुलेश्वरी सुकदेव देवांगन, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 02 से मिलंतीन रेवाराम ठाकुर, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 03 से नन्द कुमार (नन्दू साहू), निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 04 से राजेन्द्र ठाकुर, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 05 से संतोषी कृष्णा देशमुख (केडी), निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 06 संतोष निषाद, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 07 से रजनी कुमारी साहू, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 08 से पूर्णिमा वर्मा, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 09 से प्रतिभा देवांगन, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 10 से गोकुल वर्मा, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 11 से गोपाल कुमार यादव, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 12 से प्यारी बाई निषाद, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 13 से बेला बाई यादव, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 14 से संगीता माखन साहू, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 15 से किशोरी लाल देशमुख, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 16 से दामिनी साहू, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 17 से लीलावती रूपेश देशमुख, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 18 से अजीत कुमार चन्द्राकर, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 19 लोमश चन्द्राकर (रिन्कू), निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 20 से जितेन्द्र टण्डन, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 21 राकेश कुमार हिरवानी, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 22 से झमित गायकवाड़, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 23 से बिन्दु दिनेश देशलहरे एवं निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 24 से ढालेश साहू (राजू) शामिल है।

कलेक्टर के स्नेहील एवं मधुर व्यवहार से नन्हें बच्चे नज़र आये बहुत ही प्रसन्नचित

कलेक्टर ने प्राइमरी स्कूल कुरदी के बच्चों से बातचीत कर अध्ययन-अध्यापन की व्यवस्थाओं का किया पड़ताल, अंग्रेजी गणित विषय के पूछे प्रश्न

पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने गुंडरदेही ब्लॉक के शासकीय आयुर्वेद चिकित्सालय कमरौद एवं प्राथमिक शाला कुरदी का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर ने प्राइमरी के नन्हें-मुन्हें बच्चों से बातचीत कर अध्ययन-अध्यापन की व्यवस्थाओं का पड़ताल किया। तो वही उन्होंने कमरौद के अस्पताल में इलाज हेतु पहुँचे मरीजों से बातचीत कर उनका हालचाल पूछा। इसके अलावा उन्होंने मौके पर उपस्थित मरीजों एवं ग्रामीणों से अस्पताल के व्यवस्थाओं के संबंध में भी जानकारी ली। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने अस्पताल में इलाज की व्यवस्था, दवाईयों की उपलब्धता एवं इलाज हेतु अस्पताल में आने वाले मरीजों को उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। मौके पर इलाज हेतु पहुँचे ग्राम पिरीद निवासी मुकुंदराम निर्मलकर, सेवकराम एवं सुरेश कुमार ने शासकीय आयुर्वेद अस्पताल कमरौद में इलाज की बेहतर व्यवस्था के अलावा समुचित मात्रा में दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित होने की जानकारी दी। मरीजों एवं ग्रामीणों ने अस्पताल की बेहतर व्यवस्था की सराहना भी की।

बेहतर से बेहतर इलाज प्रदान करने के निर्देश

इस दौरान कलेक्टर ने शासकीय आयुर्वेद अस्पताल के औषधि संधारण कक्ष का भी निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित जिला आयुर्वेद अधिकारी एवं शासकीय आयुर्वेद अस्पताल के प्रभारी चिकित्सक से अस्पताल एवं औषधालय में उपलब्ध दवाईयों के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने शासकीय आयुर्वेद अस्पताल के अधिकारी-कर्मचारियों को अस्पताल में आने वाले मरीजों एवं उनके परिजनों से आत्मीय एवं मधुर बातचीत कर उन्हें बेहतर से बेहतर इलाज की सुविधा प्रदान करने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम प्रतिमा ठाकरे झा एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

कलेक्टर ने नन्हे मुन्हे बच्चों से की मधुर बातचीत - कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने शासकीय प्राथमिक शाला कुरदी का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कक्षा पहली के नन्हें-मुन्हें बच्चों से उनके पढ़ाई-लिखाई के संबंध में आत्मीय एवं मधुर बातचीत कर उनके अध्ययन-अध्यापन के व्यवस्थाओं का पड़ताल किया। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कक्षा पहली के बच्चों से अंग्रेजी एवं गणित विषय से संबंधित प्रश्नों के उत्तर पूछकर उनके भाषायी एवं गणितीय कौशल का मूल्यांकन करने का प्रयास किया। इस दौरान कलेक्टर के स्नेहील एवं मधुर व्यवहार से नन्हें बच्चे बहुत ही प्रसन्नचित नजर आ रहे थे। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं से पूरे लगन एवं प्रतिबद्धता के साथ विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान कर देश के भावी भविष्य के निर्माण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने को कहा। इस दौरान कलेक्टर ने त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला कुरदी में बनाए गए मतदान केन्द्र क्रमांक 181 एवं 182 का भी निरीक्षण किया।

विदाई में भावुक हुए बीएसपी कर्मी, बोले-सोसाइटी की वजह से बना हमारे बच्चों का भविष्य

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई
www.dailypioneer.com

बीएसपी एम्पलाइज को-ऑपरेटिव एंड वेलफेयर सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-4 ने समारोह का आयोजन कर माह जनवरी-25 में भिलाई स्टील प्लांट की सेवा से निवृत्त हुए अपने सदस्य कर्मियों को ससम्मान विदाई दी। सोसाइटी के अध्यक्ष पूरन देवांगन ने रिटायर कर्मियों को सम्मान पत्र, मिठाई, श्रीफल व अंतिम भुगतान का चेक प्रदान कर उन्हें भविष्य की शुभकामनाएं दी। अध्यक्ष पूरन देवांगन ने इस दौरान कहा कि सभी वरिष्ठ कर्मी हमारे मार्गदर्शक हैं और सोसाइटी सदैव इनके सहयोग के लिए आभारी रहेगी। इस दौरान कर्मियों ने सम्मान के लिए आभार जताते हुए अपने विचार रखे। स्टोर्स से रविंद्र कुमार कर्मकार ने कहा कि हमारे बच्चे बाहर में क्रेडिट कार्ड का उपयोग करते हैं क्योंकि उन्हें सोसाइटी की सुविधा नहीं है हम भाग्यशाली हैं कि हमारे पास सोसाइटी है। पर्सनल मैनेजमेंट से कौशल साहू ने कहा- सोसाइटी एक क्रांति है सोसाइटी के माध्यम से बहुत सारे छोटे-छोटे रोजगार उपलब्ध करा कर बेरोजगारी दूर की जा सकती है और ऋण के माध्यम से अपनी जरूरतें पूरी की जा सकती है। मशीन असेंबली एंड री इंजीनियरिंग शॉप-1 से वी कनक राव ने कहा कि भिलाई की दूसरी पीढ़ी के तौर पर हम लोग रिटायर हो रहे हैं।

भागवत कथा आयोजन मनोरंजन की वस्तु नहीं अपितु मोक्ष और ईश्वर प्राप्ति का साधन है: शास्त्री

पायनियर संवाददाता ॽ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

ग्राम मऊ सिद्ध बाबा पीठ मे आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के चौथे दिन आचार्य पंडित झम्मन शास्त्री महाराज ने कहा कि मानव जीवन बड़ा ही दुर्लभ जीवन है। यह बड़े सौभाग्य से प्राप्त होता है तथा मनुष्य जीवन में ही परमात्मा तत्व की प्राप्ति सुलभ हो सकती है। भागवत कथा का आनंद भी इस मनुष्य जीवन में ही जीव को प्राप्त होता है। अन्य योनियों में नहीं क्योंकि मनुष्य भजन, दान ,पूजन, जप, तप इत्यादि करने में सक्षम है। इस मृत्यु लोक में सांसारिक सुख साधनों का भोग करता हुआ। सेवा दान भजन द्वारा परलोक में काम आने वाला पुण्य भी कमा लेता है। जिन पुण्य के द्वारा परलोक से सुख भोंकते हुए परमात्मा की प्राप्ति कर लेता है। जरूरी नहीं है जो कुछ मनुष्य ने संग्रह किया वह भोग स्वरूप प्राप्त हो क्योंकि वह कभी भी मृत्यु का ग्रास बन सकता है ।इसलिए मनुष्य को सेवाधर्म, दान, भजन के द्वारा अपने जीवन को सार्थक कर लेना चाहिए। क्योंकि यह जीवन बड़ा ही अनमोल है। वैसे ही गज, ग्राह, गणिका भी श्री हरि के नाम के प्रभाव से मुक्ति को प्राप्त किये। राम नाम नृरसिंह भगवान है। कलयुग हिरण्यकश्यप के समान है। जप करने वाला मनुष्य प्रहलाद के समान है। कलयुग में दान की विशेष महत्व बताते हुए। महाराज ने बली की दानवीरता का वर्णन किया, प्रहलाद के पौत्र महाराज बलि ने भगवान श्री वामन को अपना सर्वस्व अर्पण कर दिया। समग्र समर्पण करने वाले के यहां स्वयं भगवान ही उनके रक्षक बनकर रहते हैं। सुतल लोक में आज भी भगवान उनके द्वारपाल है। जहां स्वयं माता लक्ष्मी भी मनुष्य वंश में बली को भाई के रूप में सूत्र बांधकर दक्षिणा के रूप में अपने पति भगवान श्री नारायण को मांगने गई थी। जीवन में उपासना करने वालों को मां लक्ष्मी के साथ साथ भगवान श्री नारायण की उपासना करनी चाहिए। हमारे यहां एक-एक अवतार के एक-एक पुराण की रचना हुई है। इस कथा का विस्तार वामन पुराण में तथा मत्स्य पुराण में है। आचार्य शास्त्री ने कथा भाग के चतुर्थ दिवस में समुद्र मंथन एवं वामन अवतार की कथा सुनाएं कहां की भागवत कथा आयोजन कोई मनोरंजन की वस्तु नहीं है। यह मोक्ष और ईश्वर प्राप्ति का साधन है। लेकिन आजकल के कथाकार व्यास पीठ की मर्यादाएं लाग रहे हैं। श्रीमद् भागवत जैसे पुण्य ग्रंथ को मनोरंजन का साधन बनाकर नाच गाना कर रहे हैं। इसके लिए श्रद्धालु दोषी नहीं है। व्यास पीठ के महत्व नहीं समझना और अल्पज्ञ कथाकार ही इसके दोषी हैं। भागवत श्रद्धा का विषय है। इसे शुद्ध हृदय से सांसारिक बंधनों को छोड़कर सुनना चाहिए उन्होंने आगे कहा कि श्रीमद् भागवत कथा को सुनने और सुनने वाले दोनों को इसके प्रति अटूट आस्था और प्रेम होना चाहिए। तभी आयोजन की सार्थकता है। व्यास जी कथा वाचक ने कहा कि हमें प्रतिदिन हनुमान चालीसा का पाठ करने की आवश्यकता है। एवं सप्ताह में एक दिन सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ हो कथा के चतुर्थ दिन समुद्र मंथन और वामन अवतार के दौरान वामन भगवान के दिव्य झांकी निकाली गई। इस अवसर पर समस्त श्रद्धालु भक्त वामन भगवान का दर्शन पूजन किये महाआरती हुई।

विधिक सहायता प्रदान कर पीड़ित व्यक्ति कों किया गया पुनर्वास

बेमेतरा। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के आदेशानुसार एवं अध्यक्ष प्रधान जिला न्यायाधीश बृजेंद्र कुमार शास्त्री के मार्गदर्शन में एवं निधि शर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा के निर्देशन पर अनुतोष' पेंशन एवं जनोपयोगी सेवाओं से वंचित पीड़ित टेकराम चौहान, पिता स्व.जागेश्वर चौहान उम्र 63 वर्ष निवासी ग्राम घठौली, बालसमुंद, जिला-बेमेतरा, छत्तीसगढ़ के द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में विधिक सहायता प्रदान किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पर अविलंब कार्यवाही करने हेतु आवेदक के निवास, परिजन व आर्थिक स्थिति के संबंध में जानकारी प्राप्त करने हेतु सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा के द्वारा अधिकार मित्रों को पीड़ित के निवास स्थान ग्राम घठौली भेजकर आर्थिक व सामाजिक रिपोर्ट आहूत किया गया। अधिकार मित्रों से प्राप्त रिपोर्ट अनुसार पीड़ित व्यक्ति के रहने व खाने पीने की व्यवस्था नहीं होने तथा दुर्घटना से एक पैर से उनके दिव्यांग होने के कारण बैसाखी के सहारे चलने व उनकी देखभाल करने के लिए परिवार में कोई नहीं होना पाया गया, तत्संबंध में प्राधिकण द्वारा कार्यवाही कर आवेदक के पुनर्वास और उचित देखभाल हेतु वरिष्ठ नागरिक संचालित प्रशामक देखरेख गृह कोबिया, बेमेतरा में उनको आश्रय दिलाया गया।

शिवरीनारायण महोत्सव आज से होगा शुभारंभ, उपमुख्यमंत्री अरूण साव होंगे मुख्य अतिथि

पायनियर संवाददाता ॽ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

नगर में माघ पूर्णिमा से लेकर महाशिवरात्रि तक लगने वाले 15 दिवसीय ऐतिहासिक मेला में शिवरीनारायण महोत्सव का आयोजन 23 फरवरी से 26 फरवरी तक किया जायेगा। अभी तक नगरीय निकाय चुनाव तथा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 के कारण नगर में आयोजित होने वाले शिवरीनारायण महोत्सव के आयोजन पर असमंजस की स्थिति बनी हुई थी। जो अब समाप्त हो गई है, इस वर्ष चार दिवसीय शिवरीनारायण महोत्सव का आयोजन नगर के बिलासपुर रोड में स्थित श्री महंत लाल दास महाविद्यालय मैदान में किया जाएगा। शिवरीनारायण महोत्सव के आयोजन को लेकर नगर पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राहुल थवाईत एवं उनकी टीम द्वारा जिला कलेक्टर आकाश छिकारा से चर्चा की गई। उनकी चर्चा का सार्थक नतीजा यह रहा की जिला जॉजगीर चॉपा कलेक्टर ने उक्त तिथि तक महोत्सव की आयोजन को लेकर हामी भर दी है। शिवरीनारायण महोत्सव का शुभारंभ 23 फरवरी को होगा जिसका शुभारंभ प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरूण साव करेंगे तथा समापन 26 फरवरी को होगा। आयोजन समिति के द्वारा शिवरीनारायण महोत्सव के लिए सभी प्रकार की आवश्यक तैयारीयां तथा महोत्सव में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तैयार की जा चुकी है। चार दिवसीय शिवनारायण महोत्सव में प्रतिदिन प्रदेश व देशभर के कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। शिवरीनारायण महोत्सव आयोजन को लेकर लोगों में काफी उत्साह है।

शपथ ग्रहण को दरकिनार कर नपं का कार्यभार संभालते हुए नगर पंचायत शिवरीनारायण के लेटर पैड का किया उपयोग, मेला अवधि बढ़ाने कलेक्टर को लिखा पत्र

पायनियर संवाददाता ॽ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

राहुल थवाईत
अध्यक्ष
नगर पंचायत, शिवरीनारायण

प्रति,
कलेक्टर
जिला-जांजगीर चाम्पा छ0ग0

दिनांक 20/02/2025

विषय :- माघीपूर्णिमा मेला वर्ष 2025 की अवधि को दो दिवस बढ़ाने बावत।

महोदय,

निवेदन है कि माघीपूर्णिमा मेला वर्ष 2025 दिनांक 12.02.2025 से 26.02.2025 तक प्रस्तावित था। चूंकि वर्तमान में स्थानीय त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव संचालित है। जिसके कारण माघीपूर्णिमा मेला में आये व्यापारियों की व्यवसाय प्रभावित हो रही है। मेला परिसर के सभी व्यापारियों की मांग पर इस वर्ष माघीपूर्णिमा मेला वर्ष 2025 की अवधि को दिनांक 28.02.2025 तक दो दिवस बढ़ाने तथा पुलिस सुरक्षा व्यवस्था को भी उक्त अवधि तक व्यवस्था कराने कृपा करेंगे।

राहुल थवाईत
अध्यक्ष
नगर पंचायत शिवरीनारायण
जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)

नगर पंचायत शिवरीनारायण के अध्यक्ष पद के चुनाव में राहुल थवाईत के विजयी होते ही वे अपने शपथ ग्रहण को नजरअंदाज कर अपने कर्तव्य-अधिकार का बखूबी इस्तेमाल कर नगर पंचायत शिवरीनारायण का कार्यभार संभालते हुए कार्यालय नगर पंचायत शिवरीनारायण जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) के लेटर पैड से कलेक्टर-जांजगीर चांपा छ.ग. को माघी पूर्णिमा मेला अवधि को दो दिवस बढ़ने विषयक 20.02.2025 को अपना हस्ताक्षरित पत्र लिखा है। नगर पंचायत शिवरीनारायण के अध्यक्ष राहुल थवाईत ने कार्यालय नगर पंचायत शिवरीनारायण के लेटर पैड में कलेक्टर जांजगीर-चांपा से निवेदन किया है कि माघी पूर्णिमा मेला वर्ष 2025 12.02.2025 से 26.02.2025 तक प्रस्तावित था। चूंकि वर्तमान में स्थानीय त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव संचालित है। जिसके कारण माघी पूर्णिमा मेला में आए व्यापारियों की व्यवसाय प्रभावित हो रही है। मेला परिसर के सभी व्यापारियों की मांग पर इस वर्ष माघी पूर्णिमा मेला वर्ष 2025 की अवधि को 28.02.2025 तक दो दिवस बढ़ाने तथा पुलिस सुरक्षा व्यवस्था उक्त अवधि तक व्यवस्था कराने की कृपा करेंगे। नगर पंचायत शिवरीनारायण के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राहुल थवाईत द्वारा कार्यालय नगर पंचायत शिवरीनारायण के लेटर पैड में लिखा यह पत्र सोशल मीडिया के अनेक महत्वपूर्ण व्हाट्सएप ग्रुपों में वायरल हो रहा है। जिसमें नगर के अनेक गणमान्य व्यक्तियों, नवनिर्वाचित अनेक पार्षद सहित नगर पंचायत शिवरीनारायण के मुख्य नगर पालिका अधिकारी आरके साहू भी विशेष रूप से शामिल हैं। कार्यालय नगर पंचायत शिवरीनारायण जिला जांजगीर चांपा छत्तीसगढ़ के लेटर पैड में कमल फूल का निशान से सभी हतप्रभ हैं। नवनिर्वाचित नपं. अध्यक्ष राहुल थवाईत की इन अपूर्व कार्यशैली की नगर में व्याप्त चर्चाओं के बीच यह मांग बलवती हो रही है कि जांजगीर-चांपा जिले के एकमात्र नगर पंचायत शिवरीनारायण हेतु छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 100 वर्षीय मास्टर प्लान स्वीकृत नगर की इस वृहद योजना के क्रियान्वयन हेतु वार्ड क्रमांक 01, 09, 12, 13, 14, 15 आदि की अरबों रुपए की बेशकीमती शासकीय व सेवा भूमियों पर कब्जा करने वालों को नवनिर्वाचित नपं.अध्यक्ष यथाशीघ्र बेदखली कराएं।

कलेक्टर ने मतदान दलों को शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराने दी शुभकामनायें

पायनियर संवाददाता ॽ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 अंतर्गत तृतीय चरण में जिले के जनपद पंचायत बलौदाबाजार अंतर्गत 277 और पलारी के 275 मतदान केंद्रों में रविवार 23 फरवरी को मतदान होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी ने शनिवार को मतदान सामग्री वितरण केंद्र पण्डित चक्रपाणी शुकल स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बलौदाबाजार एवं बृजलाल वर्मा शासकीय महाविद्यालय पलारी पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शितापूर्ण मतदान और मतगणना सम्पन्न कराने जरुरी निर्देश देते हुए मतदान दलों को शन्तिपूर्ण मतदान संपन्न कराने शुभकामनायें दिये। सामग्री प्राप्ति एवं मिलान के उपरांत अपने-अपने सेक्टर अधिकारी की निगरानी में दोनों जनपद पंचायत के मतदान दल आवंटित मतदान केंद्र के लिए रवाना हुए। मतदान प्रातः 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक मत पत्र से होगी। इस दौरान अपर कलेक्टर मिथलेश डोंडे सहित आरओ एवं एआरओ भी मौजूद थे। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत बलौदाबाजार में 93358 पुरुष, 93598 महिला कुल 1,86,956 एवं जनपद पंचायत पलारी में 80824 पुरुष, 81472 महिला एवं 1 अन्य कुल 1,62,297 मतदाता मतदान करेंगे। जनपद पंचायत बलौदाबाजार में पंच पद के 1027, सरपंच के 105, जनपद सदस्य के 25 एवं जिला पंचायत सदस्य के 4 सीटों क्षेत्र क्रमांक 8,9,10 एवं 11 के लिए मतदान होगा। पंच पद के लिए 2509, सरपंच के लिए 488, जनपद सदस्य के लिए 115 एवं जिला पंचायत सदस्य के लिए 23 अभ्यर्थी चुनाव लड़ रहे है। इसी प्रकार जनपद पंचायत पलारी में पंच पद के 899, सरपंच के 99, जनपद सदस्य के 25 एवं जिला पंचायत सदस्य के 3 पदों के लिए क्षेत्र क्रमांक 12, 13 एवं 14 के लिए मतदान होगा। पंच पद के लिए 2066, सरपंच के लिए 489, जनपद सदस्य के लिए 122 एवं जिला पंचायत सदस्य के लिए 28 अभ्यर्थी चुनाव लड़ रहे हैं।

डॉग लवर राहुल चंद्राकर का कार्य कबीले तारीफ है : श्याम जायसवाल

दल्लीराजहरा। नगर के युवा राहुल चंद्राकर लगातार आवारा कुत्तों का ध्यान रखते है। डॉग लवर राहुल चंद्राकर रोज शहर के अलग अलग इलाकों में आवारा कुत्तों को भोजन उपलब्ध कराते है। अपने खुद के व्यवस्था से राहुल चंद्राकर यह कार्य कर रहे इनके इस कार्य से युवाओं के बीच इन्हें डॉग लवर के नाम से भी जाना जाता हैं। सुबह जब चौपाटी में सुबह सुबह भाजपा युवा नेता श्याम जायसवाल ने इनके कार्य को देखा तो इनकी सराहना करते हुए श्याम जायसवाल ने कहा कि युवाओं को राहुल से सीखना चाहिए। आज के समय में लोग सिर्फ अपने मतलब से मतलब रखते है, ऐसे में राहुल के द्वारा बेजुबान जानवरों के लिए अपने खुद के पैसों से इतना कुछ करना कबीले तारीफ है। श्याम जायसवाल ने आगे कहा कि शीघ्र ही इसकी जानकारी भाजपा के नेताओं यशवंत जैन, पवन साहू, राकेश यादव सहित भाजपा के बालोद जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख व नगरपालिका अध्यक्ष तोरण साहू को उपलब्ध करा कर ऐसे आवारा कुत्तों के देखभाल हेतु नगरपालिका से इनके उचित देखभाल हेतु योजना बनाने की चर्चा किया जायेगा। जिसमें डीएमएफ फंड से कुछ राशि की व्यवस्था कर आवारा कुत्तों के देखरेख हेतु प्रस्ताव बनाने का निवेदन किया जायेगा व इस कार्य हेतु राहुल चंद्राकर जैसे युवाओं की टीम बना इन्हें जिम्मेदारी सौंपने की भी बात किया जाएगा।

कलेक्टर ने ली पीएमश्री स्कूल के प्रचार्यों की बैठक, मापदंड अनुरूप व्यवस्थाएं दुरुस्त करने दिये निर्देश

बलौदाबाजार। कलेक्टर दीपक सोनी नें पीएमश्री स्कूल के प्रचार्यो की बैठक लेकर शैक्षणिक, गैर शैक्षणिक कार्यक्रम, अधोसंरचना, मानव संसाधन आदि के सम्बन्ध में विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने निर्धारित मानदण्ड अनुरूप स्कूल संचालन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिये। कलेक्टर नें कहा कि पीएमश्री स्कूल केंद्र प्रायोजित योजना के तहत संचालित किये जा रहे हैं जिसका उद्देश्य न्यायसंगत, समवेशी और मनोरंजनपूर्ण वातावरण में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करना है। उन्होंने जिले में संचालित सभी 12 पीएमश्री स्कूल को निजी स्कूलों की तर्ज पर सुविधाएं उपलबध कराने एवं बेहतरीन प्रदर्शन हेतु प्रतिबद्ध रहने के निर्देश दिये। उन्होंने स्कूलों के लिए वित्तीय वर्ष के लिए आवंटित राशि का उपयोग 31 मार्च तक की स्थिति के लिए आकलन करनें तथा राशि शेष रहने की स्थिति में समर्पण की कार्यवाही एक सप्ताह में पूर्ण करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही अधूरे निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा कराने लगातार मॉनिटरिंग के भी निर्देश दिये। उन्होंने आगामी बोर्ड परीक्षा में कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं का उत्कृष्ट परिणाम लाने भरसक प्रयास करने कहा। बताया गया कि जिले में 12 पीएमश्री स्कूल संचालित हैं जिसमें 6 प्राथमिक एवं 6 हायर सेकेण्डरी स्कूल हैं। इन स्कूलों में पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला सुनसुनिया, पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला सुरखी, पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला डोंगरीपारा मानपुर, पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला छड़िया, पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला मुड़पार, पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला बरपाली रोड टुंडरा, पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय लवन, पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय सिमगा,पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शासकीय शिवलाल मेहता उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय भाटापारा, पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शासकीय विष्णुदत्त वर्मा उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय पलारी, पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय सुहेला शामिल हैं। बैठक में डीईओ हिमांशु भारतीय, डीएमसी एम.एल. ब्राम्हनी सहित प्राचार्य उपस्थित थे।

ग्रामीण पुलिस ने लूट की घटना कारित करने वाले 1 आरोपी को किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ॽ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

मन्नू साहू निवासी ग्राम अर्जुनी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 19.02.2025 को वह रात्रि के समय ग्राम डिग्गी से मोटरसाइकिल के माध्यम से वापस अपने घर अर्जुनी आ रहा था। कि इसी बीच ग्राम फरहदा के पास लगभग 02:15 बजे दो व्यक्तियों द्वारा प्रार्थी का रास्ता रोका गया एवं अपने पास रखे फरसानुमा हथियार को दिखाकर प्रार्थी से रुपए की मांग किया गया। आरोपियों द्वारा प्रार्थी को जान से मारने की धमकी देते हुए प्रार्थी के साथ हांथ मुक्का से मारपीट किया गया तथा प्रार्थी के पास रखे 70,000 को लूट कर दोनों आरोपी फरार हो गए की रिपोर्ट पर थाना भाटापारा ग्रामीण में अपराध क्र. 116/2025 धारा 126(2), 311,3(5) बीएनएस एवं 25,27 आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण में थाना भाटापारा ग्रामीण पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट के 12 घंटे के भीतर एक आरोपी भुनेश्वर उर्फ गब्बर वर्मा को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर उसके द्वारा अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर फरसानुमा दिखाकर, डराते हुए प्रार्थी के साथ मारपीट कर 70,000 लूट कर भाग जाना स्वीकार किया गया।

आयरन ओर गोल्ड कप आल इंडिया फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ॽ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

आयरन ओर गोल्ड कप आल इंडिया फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ किया गया, जहां पर समस्त अतिथियों के बीच बीएनआर कोलकाता वर्सेस सेंट्रल एक्साइज चेन्नई का शानदार मैच खेला गया। जानकारी के अनुसार दल्लीराजहरा में आयरन ओर गोल्ड कप आल इंडिया फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह 20 फरवरी 2025 दिन गुरुवार को संध्या 7.30 बजे मुख्य अतिथि बिपिन गिरि, आर बी गहरवार, जय प्रकाश एवं जी के आर्य द्वारा किया गया। उसके पश्चात बीएनआर कोलकाता वर्सेस सेंट्रल एक्साइज चेन्नई के साथ फुटबॉल टूर्नामेंट का प्रारंभ किया गया। जहां पर सेंट्रल एक्साइज चेन्नई द्वारा बहुत ही जबरदस्त प्रदर्शन रहा वहीं बीएनआर कोलकाता का प्रदर्शन भी अच्छा रहा दोनों टीमों ने अपने शानदार प्रदर्शन से दर्शकों के दिलों पर राज किया। वहीं दर्शकों द्वारा पीले टी शर्ट पहने बीएनआर कोलकाता के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते देखा गया। साथ ही लाल काले टी शर्ट पहने सेंट्रल एक्साइज चेन्नई के टीमों को नवयुवकों द्वारा जबरदस्त आवाज लगाकर हौसला अफजाई किया जा रहा है। मैच प्रारंभ से हाफ टाइम तक एक भी गोल दोनों टीमों द्वारा नहीं किया गया था। जिसके चलते दर्शकों की धड़कनें बढती जा रही थी कि कौन सी टीम पहले मैच में पहला गोल करके अपना नाम दर्ज करायेगी। चेन्नई टीम के जर्सी न, 18 धनशेकर ने दो गोल मारकर टीम को जीत दिलाई दोनों गोल सेकंड हाफ में किया गया। फुटबॉल टूर्नामेंट आगामी 28 फरवरी 2025 तक होगा जहां पर प्रतिदिन रात्रिकालीन चार टीमों के बीच दो मैच खेला जाएगा, जिसमें पहला मैच संध्या 6-00 बजे से और दूसरा मैच रात्रि 8-00 बजे प्रारंभ होगा। इसके प्रथम पुरस्कार की राशि एक लाख पचास हजार रुपए एवं द्वितीय पुरस्कार की राशि एक लाख रुपए रखी गई है, जिसे फायनल मैच खेलने वाले टीमों को दिया जाएगा। सीएसआरआईओसी दल्लीराजहरा एवं भिलाई स्टील प्लांट द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया है। शानदार फुटबॉल प्रतियोगिता में बीएसपी के आला अधिकारियों सहित नगर के गणमान्य व पत्रकार साथी उपस्थित थे।

जनपद पंचायत बेरला और साजा में 2.96 लाख से अधिक मतदाता करेंगे मतदान का प्रयोग

पायनियर संवाददाता ॽ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा जिले के जनपद पंचायत बेरला और साजा में रविवार को त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन के तृतीय चरण का मतदान होगा। जनपद पंचायत बेरला में मतदान कर्मी मतदान सामग्री वितरण केंद्रों मे पहुँचे और द्य मतदान सामग्री प्राप्त कर सामग्री का मिलान कर रहे है। उसके बाद अपने अपने मतदान केंद्रों कि ओर रवाना होंगे। रविवार को सुबह 7 बजे से अपराह्न 3 बजे तक मतदान होगा। बेरला 148,424 (पुरुष 74,562, महिला 73,817) साजा 148,501 (पुरुष 74,562, महिला 73,939) इस प्रकार बेरला और साजा मे कुल मतदाता 296,925 (पुरुष 149,169, महिला 147,756) जो अपने-अपने क्षेत्र के पंच, सरपंच और सदस्य जनपद और जिला पंचायत के लिए मतदान करेंगे। जिला प्रशासन द्वारा चुनाव की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं, ताकि मतदाता निर्बाध रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। जिला प्रशासन और निर्वाचन आयोग ने यह सुनिश्चित किया है कि मतदान प्रक्रिया सुचारू और पारदर्शी ढंग से संपन्न हो। दोनों जनपदों में 3210 पुरुष महिला अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गई है। पुरुष मतदान कर्मी बेरला 1020, साजा 1044, कुल 2064 इसी प्रकार महिला मतदान कर्मी बेरला 566, साजा 580, कुल 1146 मतदान और मतगणना की प्रक्रिया पूरी करेंगे। मतदान वेलेट पेपर से होगा। शनिवार को बेरला में मतगणना रणबीर शर्मा ने मतदान दलों को आवश्यक चुनाव सामग्री का वितरण कराया और बसों कों हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बेरला के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय (सेजेस) में मतदान सामग्री वितरण वापसी के 16 और सेक्टर अधिकारी के 21 काउंटर बनाये गए थे। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने मतदान दलों से कहा कि किसी भी परिस्थिति में धैर्य और संयम बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। सभी मतदान कर्मियों को सतर्क रहकर अपने कर्तव्यों का पालन करने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर उपस्थित अधिकारी और कर्मचारी पूरी निष्ठा के साथ काम करें और किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए तत्पर रहें। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कहा कि प्रशासन का लक्ष्य शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और सुरक्षित चुनाव कराना है। इसके लिए मतदाता और मतदान कर्मियों दोनों के लिए आवश्यक सभी व्यवस्थाएं की गई हैं। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी टेकचंद्र अग्रवाल, उप निर्वाचन अधिकारी अंकिता गर्ग और एसडीएम एवं रिट्रनिग ऑफिसर बेरला पिंकी मनहर उपस्थित थे। मतदान दलों को दिए गए इन निर्देशों के बाद सभी दलों ने अपने-अपने मतदान केंद्रों की ओर कड़ी सुरक्षा के बीच प्रस्थान किया।

पुलिस द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव मतदान प्रक्रिया के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु किया गया है, व्यापक सुरक्षा प्रबंध

पुलिस अधीक्षक द्वारा आवश्यक सुरक्षा प्रबंध बनाए रखने के संबंध में निर्देश देते हुए ड्यूटी में लगे समस्त पेट्रोलिंग बल को किया गया ब्रीफिंग

पायनियर संवाददाता ॽ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा जिले में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव मतदान प्रक्रिया के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु व्यापक स्तर पर सुरक्षा प्रबंध किया गया है, जिसके तहत संपूर्ण बलौदाबाजार एवं पलारी विकासखंड को 02 अनुविभाग में विभाजित किया गया है। मतदान प्रक्रिया के तहत जिले में समस्त 552 मतदान केंद्रों में पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बल की तैनाती की गई है। प्रत्येक मतदान केंद्र में पुलिस बल के साथ पर्याप्त संख्या में होमगार्ड के जवान, वनकर्मी एवं ग्राम कोटवारों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अतिरिक्त संपूर्ण जिले में पुलिस की 42 पेट्रोलिंग पार्टियां लगाई गई है, जिनके द्वारा शनिवार सुबह से ही क्षेत्र अंतर्गत लगातार सघन पेट्रोलिंग कर सुरक्षा प्रबंध किया जा रहा है। जिले में संपूर्ण त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्वक निष्पादन करने हेतु कुल 1200 की संख्या में सुरक्षा बल आदेशित किया गया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव मतदान प्रक्रिया पेट्रोलिंग ड्यूटी में लगे सुरक्षा बल को आवश्यक सुरक्षा प्रबंध बनाए रखने के संबंध में निर्देशित करते हुए ब्रीफिग किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि शांतिपूर्वक एवं निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया संपादित कराना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए पूरी तत्परता एवं तन्मयता के साथ अपनी ड्यूटी करें।

न्यायालय:-प्रतीक टेम्भुरकर, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, पिथौरा, जिला- महासमुन्द (छ.ग.)

// अभियुक्त व्यक्तिगत की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा //

(द.प.सं. 1973 की धारा 82 के अनुसार एवं प्रारूप क्रं. 0-4 के अनुरूप)

इस न्यायालय के समक्ष आरोपी लखेश्वर साहू पिता खेमलाल साहू उम्र 51 वर्ष, निवासी- ग्राम व पोस्ट- मेमरा, थाना व तहसील- पिथौरा, जिला महासमुन्द छ.ग. के विरूद्ध परकाम्य लिखत अधिनियम 1881 की धारा-138 के तहत् परिवाद प्रकरण क्रमांक- 89/2021 एवं 90/2021, राधेश्याम साहू विरूद्ध लखेश्वर साहू लंबित है और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी वारंट वर्तमान में आरोपी कहां रह रहा है पता नहीं चल पाने तथा आस-पास के लोगों से पूछे जाने पर आरोपी कहीं बाहर कमाने-खाने जाना बताने की टीप के साथ अदम तामिल वापस इस न्यायालय को प्राप्त हो रहा है जिससे यह दर्शित होता है कि अभियुक्त वारंट की तामिली से बचने के लिए वह अपने आपको छिपा रहा है और समाधानप्रद के रूप में यह दर्शित कर दिया गया है कि उक्त आरोपी लखेश्वर साहू फरार हो गया है।

इसलिए इस न्यायालय द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि आरोपी लखेश्वर साहू पिता खेमलाल साहू उम्र 51 वर्ष, निवासी ग्राम व पोस्ट मेमरा, थाना व तहसील- पिथौरा, जिला महासमुन्द छ.ग. के उक्त से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद प्रकरण का उत्तर देने के लिए व्यवहार न्यायालय पिथौरा में तारीख 18.03.2025 को हाजिर हो।

दिनांक:- 12.02.2025

मुहर

प्रतीक टेम्भुकर
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी,
पिथौरा, जिला- महासमुन्द (छ.ग.)



'भारत के एडिसन' जीडी नायडू की बायोपिक की घोषणा, माधवन निभाएंगे मुख्य भूमिका

निर्देशक कृष्णकुमार रामकुमार 'भारत के एडिसन' के नाम से मशहूर वैज्ञानिक जीडी नायडू की बायोपिक बनाएंगे। निर्माताओं ने फिल्म का टाइटल जारी कर दिया है। टाइटल 'जी.डी.एन' रखा गया है, जिसमें अभिनेता आर. माधवन मुख्य भूमिका में दिखेंगे।

वैज्ञानिक पर आधारित बायोपिक का भारत में शेड्यूल मंगलवार से शुरू हो चुका है, जिसमें आर माधवन के साथ अभिनेता प्रियामणि, जयराम और योगी बाबू भी शामिल होंगे। फिल्म में संगीत गोविंद वसंता ने दिया है। अभिनेता माधवन ने इंस्टाग्राम पर फिल्म के टाइटल की घोषणा करते हुए एक पोस्टर शेयर किया। उन्होंने लिखा, आप सभी के आशीर्वाद और शुभकामनाओं की जरूरत है। जानकारी के अनुसार, फिल्म की पूरी शूटिंग कोयंबटूर में की जाएगी, जो वैज्ञानिक का जन्मस्थान है। खास बातचीत में फिल्म के कार्यकारी निर्माता मुरलीधरन सुब्रमण्यम ने बताया था, फिल्म का लगभग 95 प्रतिशत हिस्सा कोयंबटूर में शूट किया जाएगा और बाकी पांच प्रतिशत विदेश में शूट किया जाएगा। पांच प्रतिशत का एक छोटा हिस्सा, जो विदेश में शूट किया जाना था, वह पिछले साल ही पूरा हो चुका है। बाकी हिस्से की शूटिंग जारी है। मुरलीधरन ने कहा, निर्देशक और उनकी टीम ने वैज्ञानिक के जीवन पर तीन से पांच साल से भी अधिक समय तक रिसर्च किया है। टीम का उद्देश्य था कि जीडी नायडू, विज्ञान और समाज में उनके योगदान का कोई भी हिस्सा ना छूटे।

'रॉकेट्री- द नंबी इफेक्ट' को साल 2022 में सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म के लिए मिले राष्ट्रीय पुरस्कार के बाद वर्गीज मूलन पिक्चर्स और ट्राइकलर फिल्म्स इस प्रोजेक्ट के लिए फिर से साथ आ रहे हैं। 'रॉकेट्री- द नंबी इफेक्ट' में नंबी नारायणन की भूमिका निभाने वाले माधवन अब जीडी नायडू की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म का निर्माण वर्गीज मूलन पिक्चर्स के वर्गीज मूलन और विजय मूलन तथा ट्राइकलर फिल्म्स के आर. माधवन और सरिता माधवन करने के लिए तैयार हैं। अरविंद कमलानाथन फिल्म के सिनेमैटोग्राफर और क्रिएटिव प्रोड्यूसर के रूप में काम करेंगे।

मिसेज के बाद साइंस बेस्ड मूवी करेंगी सान्या

सान्या मल्होत्रा की फिल्म मिसेज हाल ही में सा रिलीज हुई। यह मलयालम फिल्म द ग्रेट इंडियन किचन की रीमेक है। इसे आरती कड़व ने डायरेक्ट किया। फिल्म में सान्या ने एक ऐसी हाउसवाइफ का किरदार निभाया, जो अपने जीवन में बड़ा मुकाम हासिल करना चाहती है लेकिन परिवार उसे सिर्फ किचन तक सीमित रखना चाहता है। यह सोच इरादतन नहीं, बल्कि पितृसत्तात्मक मानसिकता के कारण बनी रहती है। आरती ने इसी सोच को फिल्म में दिखाया है।

फिल्म को मिली जबरदस्त तारीफ

आरती कहती हैं... फिल्म को उम्मीद से ज्यादा प्यार मिला। मैंने इसे जिम्मेदारी से बनाया था। मुझे लगा था कि लोग इस विषय पर चर्चा करेंगे लेकिन इतनी तारीफ मिलेगी, यह सोचा नहीं था। कई दर्शकों ने अपनी मां और बहनों की जिंदगी से जुड़ी कहानियां साझा कीं, जो फिल्म के किरदार से मेल खाती थीं। यह जानकर दुख भी हुआ कि समाज में अब भी ऐसी दकियानूसी सोच बनी हुई हैं।

थिएटर में रिलीज का इरादा नहीं था

आरती ने बताया कि फिल्म को थिएटर में लाने का कोई इरादा नहीं था। इसलिए डायरेक्ट ओटीटी पर रिलीज करना सही फैसला रहा। आगे साइंस फिक्शन जॉनर की फिल्म भी लाऊंगी। पहले कार्गो नाम की फिल्म बनाई थी। ऐसी फिल्मों के लिए बड़े बजट की जरूरत होती है। सान्या को दो साइंस फिक्शन कहानियां सुनाई हैं। मुमकिन है कि जल्द ही सान्या की कोई साइंस फिक्शन फिल्म आए।

नॉर्थ इंडियन दर्शकों के लिए फिल्म में किए गए थे बदलाव

मूल फिल्म मलयाली दर्शकों के लिए बनी थी। हिंदी वर्जन में इसे नॉर्थ इंडियन दर्शकों के हिसाब से बदला गया। साउथ वर्जन में सबरीमाला विवाद को दिखाया गया था, जहां महिलाओं को घर में बंद कर दिया गया था। हिंदी वर्जन में इसे करवा चौथ से जोड़ा गया। मूल फिल्म में घर में मेड नहीं थी लेकिन हिंदी वर्जन में मेड का किरदार जोड़ा गया।

फिल्में बदलाव ला सकती हैं...

आरती का मानना है कि फिल्मों से बदलाव की शुरुआत होती है। जब किसी मुद्दे पर बातचीत होती है, तो पॉलिसी लेवल पर भी बदलाव का माहौल बनता है। हालांकि यह प्रयास पर्याप्त नहीं होते लेकिन जरूरी होते हैं।

फेंचाइज बनाने की प्लानिंग नहीं है...

आरती ने कहा कि मिसेज में कामकाजी महिलाओं से जुड़े कई जरूरी मुद्दे हैं। इसे फेंचाइज बनाना प्राथमिकता नहीं है। सान्या इस फिल्म के मुद्दे से इतनी जुड़ गई थीं कि शूटिंग के बाद भी उन्हें इससे बाहर आने में महीना भर लगा था।

कौशलजीस वर्सेस कौशल के लिए अजय देवगन ने शुभकामनाएं दी

बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन ने हाल ही में सोशल मीडिया पर आगामी फिल्म कौशलजीस वर्सेस कौशल के लिए शुभकामनाएं दी। फिल्म के ट्रेलर को अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर करते हुए, सिंघम अभिनेता ने लिखा, पीढ़ियां आपस में टकरा सकती हैं, लेकिन प्यार हमेशा एक रास्ता खोज लेता है। कौशलजीस वर्सेस कौशल में परिवार, प्यार और हंसी के मजेदार दिल को छू लेने वाले सफर के लिए तैयार हो जाइए। इस शुक्रवार 21 फरवरी को केवल जिओ हॉटस्टार पर स्ट्रीमिंग होगी। सोमवार को आगामी पारिवारिक ड्रामा कौशलजीस वर्सेस कौशल के निर्माताओं ने इसका ट्रेलर जारी किया। फिल्म के ट्रेलर में दिल को छू लेने वाली कहानी की झलक मिलती है।

फिल्म को सीमा देसाई और ज्योति देशपांडे द्वारा निर्देशित किया गया है। फिल्म की कहानी 27 साल के युग कौशल की जिंदगी के इर्द-गिर्द घूमती है, जो कन्नौज में अपने छोटे शहर की जड़ों को पीछे छोड़कर दिल्ली चला जाता है। निर्देशक सीमा देसाई ने एक बयान में कहा, कौशलजीस वर्सेस कौशल की कहानी जो जटिल होते हुए भी खूबसूरत है। यह परिवार के बारे में है। हम अक्सर युवा जोड़ों की प्रेम कहानियां देखते हैं, लेकिन उन लोगों का क्या जो दशकों से साथ हैं? यह फिल्म शादी पर एक हल्की-फुल्की लेकिन मार्मिक नजर डालती है और पूछती है, क्या होगा अगर वर्षों के संघर्ष के बाद भी प्यार खत्म न हो। मुझे भरोसा है कि दर्शक प्यारे किरदारों से जुड़ेंगे, हंसेंगे, रोएंगे और अपने परिवार की झलक स्क्रीन पर देखेंगे। यह दिल से दिलों के लिए बनाई गई एक अच्छी फिल्म है। कौशलजीस वर्सेस कौशल में शीबा चड्ढा, पावेल गुलाटी, ईशा तलवार, बृजेंद्र काला और ग्रुशा कपूर भी हैं। यह फिल्म 21 फरवरी को जिओ हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

शिवाजी महाराज की जीवन यात्रा को पर्दे पर दिखाना मेरे लिए बेहद खास है

आज छत्रपति शिवाजी महाराज की 395वीं जयंती है। इस मौके पर ऋषभ शेट्टी की अपकमिंग फिल्म छत्रपति शिवाजी महाराज के मेकर्स ने फिल्म का नया पोस्टर जारी किया है। इस नए पोस्टर में वीर शिवाजी बने ऋषभ शेट्टी देवी मां की विशाल मूर्ति के सामने खड़े नजर आ रहे हैं।

ऋषभ शेट्टी ही बनेंगे शिवाजी महाराज

बॉलीवुड से लेकर मराठी सिनेमा तक कई सारे सितारे शिवाजी महाराज के किरदार में नजर आ चुके हैं। अब छत्रपति शिवाजी महाराज पर बन रही आगामी फिल्म द प्राइड ऑफ भारत- छत्रपति शिवाजी महाराज में ऋषभ शेट्टी शिवाजी महाराज का किरदार निभाते नजर आने वाले हैं।

ऋषभ शेट्टी ने कही ऐसी बात

पोस्टर रिलीज के मौके पर ऋषभ शेट्टी ने कहा, छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर हम सभी गर्व महसूस करते हैं। वे केवल एक योद्धा नहीं थे बल्कि स्वराज्य की आत्मा थे। उन्हें हमेशा धैर्य, बुद्धि और भक्ति का प्रतीक माना जाता है। उनकी जीवन यात्रा को पर्दे पर दिखाना वाकई मेरे लिए बेहद खास है। मैं आशा करता हूं कि उनकी विरासत को मैं अच्छे तरीके से पर्दे पर दिखा सकूं। सभी भारतीयों को उनकी अमर वीरता का एहसास दिला सकूं।

फिल्म में नजर आएंगे ये सितारे

स्वराज्य का सपना देखने वाले छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर इस फिल्म की टीम के बारे में भी मेकर्स ने बताया है। फिल्म की कहानी सिद्धार्थ - गरिमा ने लिखी है। फिल्म को संगीत प्रीतम ने दिया है। गानों ने बोल प्रसून जोशी ने लिखे हैं। वहीं, सिनेमेटोग्राफी रवि वर्मन ने की है। गणेश हेगड़े ने कोरियोग्राफी की है। फिल्म के कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा हैं।

इस दिन रिलीज होगी फिल्म

यह फिल्म 21 जनवरी 2027 में हिंदी समेत छह अन्य भाषाओं में रिलीज होगी। यह फिल्म भारत और विदेशों में भी शिवाजी के स्वराज्य का सपना दिखाने वाली है।

शबाना आजमी ने बताई डब्बा कार्टेल का हिस्सा बनने की वजह

एक्सेल एंटरटेनमेंट की नई सीरीज 'डब्बा कार्टेल' के ट्रेलर लांच इवेंट पर शबाना आजमी की अदाओं ने लोगों का खूब मनोरंजन किया। महबूब स्टूडियो में इस कार्यक्रम का आयोजन शानदार तरीके से हुआ। लोगों में काफी उत्साह रहा लेकिन, आदतन प्रोग्राम अपने समय से ही शुरू हुआ। जनता बेसब्री से ट्रेलर का इंतजार करी दिखी। महबूब स्टूडियो में जब बारी इस ट्रेलर लॉन्च की आई तो मामला बहुत ही रोचक हो गया है। आहिस्ता आहिस्ता किरदारों पर से परदा हटा और जब बारी शबाना आजमी की आई तो फिर तो माहौल बदलना ही थी। इवेंट में मीडिया के साथ सवाल जवाब के समय शबाना आज़मी ये कहा कि इस सीरीज की पूरी कास्टिंग घर का मामला था। शिबानी अख्तर ने क्रिएट किया ये प्रोजेक्ट और मुझे हुक्म दिया, एक्टिंग करने के लिए। बहू को कैसे मना कर सकती थी और बेटा तो प्रोड्यूसर ही है। साथ ही उन्होंने एक कन्फेशन ये भी किया की जब इस सीरीज की कास्टिंग चल रही थी तो वह नहीं चाहती थीं कि अभिनेत्री ज्योतिका को इसमें कास्ट किया जाए। इवेंट के दौरान ही शबाना आजमी ने इसके लिए ज्योतिका से माफी भी मांगी और कहा कि अच्छा हुआ शिबानी ने उनकी नहीं सुनी और दोनों ने साथ काम किया। सीरीज के निर्देशक हितेश भाटिया ने इस मौके पर बताया कि शुरू में तो वह काफी परेशान थे लेकिन जब सारे लोग साथ आ गए तो उनकी घबराहट भरोसे में बदल गई। ज्योतिका के मुताबिक उन्हें ये प्रोजेक्ट इसलिए काफी पसंद आया क्योंकि इसमें महिलाओं की अहम भूमिका है। वह कहती हैं, 卐इस सीरीज में सिर्फ किरदार ही नहीं, बल्कि पूरी टीम में भी महिलाओं की बहुत भागीदारी रही। हमारे क्रू में लगभग 60-70न्न महिलाएं थीं, जो हर विभाग में शानदार काम कर रही थीं। यह देखकर बहुत गर्व महसूस हुआ। अभिनेता आदर्श रावल के साथ फिल्म 'बमफाड़' से हिंदी सिनेमा में अपना करियर शुरू करने वाली साउथ सिनेमा की अभिनेत्री शालिनी पांडे ने भी ज्योतिका की बात का समर्थन किया और कहा कि यह शो महिलाओं के दम पर आगे बढ़ा है। उन्होंने उलाहना दिया कि शानदार अभिनेता गजराज राव के साथ उनका एक भी सीन नहीं है। वहीं, गजराज राव ने कहा, आमतौर पर मैं सिर्फ अपने डायलॉग्स याद करता हूँ, लेकिन इस बार सबसे ज्यादा मेहनत फार्मास्युटिकल्स के नाम याद करने में करनी पड़ी। और, अब तो मुझे इतने नाम याद हो गए हैं कि मेडिकल इंडस्ट्री में भी एंट्री ले सकता हूं! नेटफ्लिक्स की नई सीरीज 'डब्बा कार्टेल' 28 फरवरी को रिलीज होगी।

सनम तेरी कसम की री-रिलीज की सफलता पर भावुक हुए हर्षवर्धन राणे

हर्षवर्धन राणे अपनी रोमांटिक ड्रामा फिल्म सनम तेरी कसम की सफलता का जश्न मना रहे हैं। यह फिल्म सभी रिकॉर्ड तोड़ रही है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई कर रही है। आज भी अभिनेता ने एक इमोशनल नोट शेयर किया और सभी प्रशंसकों को उनके प्यार के लिए धन्यवाद दिया। अभिनेता ने पोस्टर साझा कर लिखा- एक प्रेम कहानी जो लंबे समय तक नहीं चलनी थी। हर्षवर्धन ने आगे लिखा- फिर भी हम यहां हैं, 10 दिन बाद, अभी भी हर पल ऐसा महसूस कर रहे हैं जैसे यह पहली बार हो। अभिनेता ने आगे लिखा- किसी ऐसे व्यक्ति को टैग करें जो इसे दोबारा देखने की योजना बना रहा है। सनम तेरी कसम अब तब बॉक्स ऑफिस पर 36.01 करोड़ रुपये की कमाई की।

मांग वृद्धि अनुरूप बिजली उत्पादन से वितरण तक सक्षम तंत्र का विस्तार बड़ी चुनौती : सुबोध सिंह

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रदेश और देश में तेज विकास और विकसित भारत के निर्माण की पहली शर्त पर्याप्त बिजली की उपलब्धता और विद्युत आपूर्ति की विश्वसनीयता होगी। यह लक्ष्य हासिल करने के लिए नई टेक्नोलॉजी को अपनाने की चुनौती भी है। जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता समाप्त करने के लिए नवाचार की आवश्यकता है। साथ ही डेटा सुरक्षा व साइबर सुरक्षा को नई चुनौतियों के रूप में देखा जाना चाहिए। उक्ताशय के विचार ऊर्जा विभाग के प्रमुख सचिव तथा छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह ने नेशनल सस्टेनेबल एनर्जी इनोवेशन कॉन्क्लेव में व्यक्त किए। इस कॉन्क्लेव का आयोजन रायपुर में एक स्वतंत्र मीडिया संस्था द्वारा किया गया था। जिसमें भारत सरकार की विभिन्न संस्थाओं, विभिन्न राज्यों के ऊर्जा विभाग के प्रतिनिधि तथा निजी संस्थाएं शामिल हुए। इस अवसर पर सुबोध कुमार सिंह ने कहा कि बिजली के बिना भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की कल्पना नहीं कर सकते। जिस गति से बिजली की प्रति व्यक्ति खपत बढ़ रही है, उसी तेजी से हमें बिजली के उत्पादन, पारेषण और वितरण प्रणाली को बढ़ाना होगा। हमें नई तकनीकों का इस्तेमाल करते हुए बिजली की लागत में कमी करने काम करना होगा। जहां तक छत्तीसगढ़ का सवाल है तो हम छत्तीसगढ़ में 10 हजार मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता बढ़ाने की योजना पर कार्य कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी राष्ट्रीय संयुक्त उपक्रमों के सहयोग से यह लक्ष्य पूरा करेगी। निजी क्षेत्र को भी यहां बहुत अवसर है। प्रदेश में उत्पादन से लेकर पारेषण और वितरण क्षेत्र की क्षमता बढ़ाने के लिए दो लाख करोड़ रूपए का निवेश होगा। हम वैकल्पिक उत्पादन हेतु सौर ऊर्जा, पंप स्टोरेज प्लांट और बैटरीज स्टोरेज प्लांट की ओर मजबूती से कदम बढ़ा रहे हैं। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, पीएम कुसुम जैसी

योजनाओं को बेहतर तरीके से लागू करना होगा। क्रेडा के सीईओ राणा ने कहा कि सौर ऊर्जा के क्षेत्र में हमने कृषि पंपों के ऊर्जीकरण में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। भविष्य में हम सोलर विलेज बनाने की योजना पर काम कर रहे हैं। उत्पादन कंपनी के प्रबंध निदेशक एसके कटियार ने विद्युत उत्पादन की नई परियोजनाओं की जानकारी दी। साथ ही उत्पादन परियोजनाओं की चुनौतियों के संबंध में विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विषय विशेषज्ञों से समस्याओं के हल के संबंध में विमर्श तेज करने की अपील की ताकि न्यूनतम समय में नए बिजलीघर स्थापित किए जा सके और उनमें अक्षय स्त्रोतों की प्रमुखता हो। पारेषण कंपनी के प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के समय से लेकर अब तक पारेषण ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता 7 गुना से अधिक बढ़ गई है। वर्तमान में हमारी पारेषण प्रणाली काफी मजबूत है, इसे और सुदृढ़ करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक भीमसिंह कंवर ने कहा कि हमारी पीक डिमांड 6000 मेगावाट को पार कर गई, जिसमें हमने कुशलतापूर्वक आपूर्ति करने में सफलता प्राप्त की। हमें भविष्य की जरूरत के अनुसार अपनी क्षमता विस्तार करने होगा ताकि उपभोक्ताओं तक 24 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति हो सके। कॉन्क्लेव में विद्युत मंत्रालय भारत सरकार, सीईए, राज्य विद्युत विनियामक आयोग, एनटीपीसी, आरईसी, एसजेवीएन के साथ ही तेलंगाना, कर्नाटक, केरल, आंध्रप्रदेश, असम, पश्चिम बंगाल, ओडीशा राज्यों की राज्य पॉवर कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल हुए। पांच सत्रों में विषय विशेषज्ञों ने चर्चा की। जिसमें नवीकरणीय एवं टिकाऊ ऊर्जा (रिन्यूएबल एंड सस्टेनेबल एनर्जी), विद्युत उत्पादन क्षेत्र की चुनौतियों पर प्रबंध निदेशक एसके कटियार ने पैनल डिस्कशन किया। इसमें सीईएससीएल प्रबंध निदेशक (उत्पादन) के बृजेश सिंह, नेशनल पॉवर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट की महानिदेशक डॉ. तृप्ता ठाकुर एवं केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय के पूर्व सदस्य एमएलपीके सिंह ने भाग लिया। उन्होंने विद्युत उत्पादन की लागत में कमी लाने और हरित ऊर्जा के क्षेत्र में हो रहे नवाचार पर बात रखी। इसी तरह डिजिटल ट्रांसफार्मेशन इन संस्टेनेबल इंफ्रास्ट्रक्चर फ्रॉम डाटा, सायबर सिक्युरिटी, भारत में ट्रांसमिशन एवं डिस्ट्रीब्यूशन प्रणाली तथा ऊर्जा क्षेत्र में वित्तीय एवं विनिवेश पर भी चर्चा हुई, जिसमें दुबई से आए साइबर एक्सपर्ट निखिल महादेश्वर, एनर्जी एफिसिएंसी सर्विस के वेद प्रकाश डिंडौरे सहित अन्य विषय विशेषज्ञों ने चर्चा की।

छात्र-छात्राओं की प्रस्तुतियों ने मन मोह लिया

हिन्द इंग्लिश मीडियम स्कूल में हुआ वार्षिकोत्सव

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

हिन्द इंग्लिश मीडियम स्कूल, आर.डी.ए. प्लाट, संजय नगर रायपुर का सातवाँ वार्षिकोत्सव, गरीब नवाज हॉल संजय नगर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर आनंद मेला का भी आयोजन किया गया। वार्षिकोत्सव में शाला में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की प्रस्तुतियों ने अतिथियों एवं अभिभावकों का मन मोह लिया। वार्षिक उत्सव में शाला के छात्र-छात्राओं को खेलकूद प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं अन्य गतिविधियों के लिए अतिथियों ने पुरस्कार वितरण किया। समस्त अतिथियों ने छात्र-छात्राओं का भरपूर उत्साहवर्धन किया तथा उन्हें शुभकामनाऐं दीं। वार्षिकोत्सव में अतिथिगण सच्चिदानंद उपासने, पूर्व प्रवक्ता भा.ज.पा, छगन मुंदड़ा सदस्य भाजपा प्रदेश कार्यसमिति, लोकेश कावड़िया सदस्य भाजपा प्रदेश कार्यसमिति, मिर्जा एजाज बेग, सदस्य भा.ज.पा. प्रदेश कार्यसमिति, नवनियुक्त पार्षद बद्रीप्रसाद गुप्ता, हिन्द इंग्लिश मीडियम स्कूल की अध्यक्ष हज्जन रेहाना बेगम, मिर्जा इजहार बेग, हाजी अनवर रिजवी, नईम अख्तर, असलम खान, जय देवांगन, साजिद पठान, आयुष्मान दीक्षित, वाइस प्रिंसिपल रूही नाज विशेष रूप् से सम्मिलित हुए। वार्षिकोत्सव में शाला की शिक्षिका तसलीम, शबाना, संध्या केवलानी, बबली शेख, नकीबा शेख, सनोवर मिर्जा, रंजना, गुलासा, वंदना, रूही, रूखसार, जासमीन शेख, कमरूननिशा, अफीफा शेख, भारती साहू, गौसिया सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उनके अभिभावक, स्थानीय गणमान्य नागरिकगण उपस्थित थे।

एनटीपीसी सीपत संगवारी महिला समिति द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को किया गया प्रोत्साहित

पायनियर संवाददाता ◄ सीपत
www.dailypioneer.com

एनटीपीसी सीपत संगवारी महिला समिति द्वारा उमंग मेला 2025 में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लेने वाले स्वामी आत्मानंद विद्यालय सीपत एवं हाई स्कूल दर्राभांठा के विद्यार्थियों को स्टेशनरी किट प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। ज्ञात हो संगवारी महिला समिति द्वारा 04 एवं 05 जनवरी 2025 को दो दिवसीय उमंग मेला का आयोजन किया गया। जिसके दूसरे दिवस 05 जनवरी को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें नगर परिसर में संचालित बाल भारती पब्लिक स्कूल एवं आसपास के ग्रामीण विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर मॉडल के माध्यम से अपने वैज्ञानिक विचार को प्रदर्शित किया। ग्रामीण विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने हेतु मेले के दौरान भी प्रोत्साहन राशि प्रदान किया गया था। संगवारी महिला समिति की अध्यक्षा साधना पाण्डेय एवं उपाध्यक्षा नम्रता शरण के नेतृत्व में संगवारी महिला समिति की सदस्याओं ने स्वामी आत्मानंद विद्यालय सीपत एवं हाई स्कूल दर्राभांठा के शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं से भेंटकर उन्हे स्टेशनरी किट प्रदान कर प्रोत्साहित किया। प्रतिभागियों तथा स्कूल प्रबंधन ने संगवारी महिला समिति के इस पहल की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। अध्यक्षा संगवारी महिला समिति साधना पाण्डेय ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएँ दी।

प्रयागराज कुम्भ के लिये सपरिवार निकले सूने घर में चोरों ने धावा बोला

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

संजय वार्ड स्थिति कैलाश बावला के निवास मे अज्ञात चोरों ने धावा बोल दिया। मिली जानकारी के अनुसार मकान मालिक अपने परिवार के साथ प्रयागराज कुम्भ स्नान के लिये 19 फरवरी को निकले थे। जिसके बाद आसपास के लोगों को 21 तारीख के देर रात को घर मे चोरी होने कि जानकारी मिली। जिसकी सूचना तत्काल पुलिस को दिया गया। चोरी के मामले के सूक्ष्मता से जाँच के लिये क्राईम स्काईड व डाग स्काईड व फारेंसिक फिंगर प्रिंट के टीमे पहुंची हुई थी। वही उक्त मामले के जानकारी मिलने पर पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल भी पहुंचे हुये थे। वहीं जानकारी लेने पर शहर थाना प्रभारी परिवेश तिवारी ने बताया कि बहुत कुछ सोने व नगदी समान चोरों के नजर नही पड़ने के कारण वह सुरक्षित है, परंतु चोरों द्वारा कितने समान व नगदी चोरी किया गया है, यह मकान मलिक के प्रयागराज से भाटापारा पहुंचने पर ही आकलन लगाया जा सकता है। फिलहाल उक्त मामले के तस्दीक को लेकर पुलिस एड़ी चोटी का जोर लगा रही है।

भागवत कथा के दौरान द गोल्डन पाम क्लब का हुआ उद्घाटन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

अशोका पाम मिडोज डूंडा पुराना धमतरी रोड में भागवत कथा के दौरान द गोल्डन पाम क्लब का उद्घाटन हुआ। विगत दिनो अशोका पॉम मिडोज डूंडा पुराना धमतरी रोड रायपुर स्थित भव्य टाऊनशिप में भागवत कथा का आयोजन किया गया। भागवत कथा के समापन दिवस पर द गोल्डन पॉम क्लब का उद्घाटन मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह के द्वारा एवं अजम जामवाल, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री भाजपा तथा पवन साय, प्रदेश संगठन महामंत्री के विशेष उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। उद्घाटन अवसर पर आरती ग्रुप में राजीव अग्रवाल, छगनलाल मूंदड़ा, डायरेक्टर ऋभूराज अग्रवाल, राजीव मूंदड़ा आदि गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। द गोल्डन पॉम क्लब में टाउनशिप निवासियों के लिए जिम, स्विमिंग पूल बैडमिंटन टेनिस कोर्ट के अलावा इंडोर गेम्स प्ले एरिया और मेडिटेशन योगा सेंटर भी है क्लब में अनुभवी विशेषज्ञों द्वारा खेल एवं योग के लिए सेवाएं उपलब्ध रहेगी।

स्वर्गीय श्यामलाल गोयल मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ आगाज

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर के सडडू में स्थित स्व. श्यामलाल गोयल मेमोरियल क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया, जिसमें बैंक ऑफ इंडिया, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, आईसीआईसीआई बैंक, नाकोड़ा टीएमटी, इंडसइंड बैंक, एचडीएफसी बैंक, इंडियन ओवरसीज बैंक, एक्सिस बैंक, यूको बैंक, हेक्टर पाइप, कर्नाटका बैंक और इंडियन बैंक की टीमें सम्मिलित हुई। यह दो दिवसीय क्रिकेट मैच का शुभारंभ शनिवार को हुआ और फाइनल मैच के साथ समापन रविवार को होगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रायपुर उत्तर के विधायक पुरन्दर मिश्रा सम्मिलित होंगे और विजयी टीम को ट्राफी प्रदान करेंगे। नाकोड़ा इस्पात लिमिटेड के नाकोड़ा ग्रुप स्पोर्ट्स एंड कल्चरल विंग द्वारा प्रति वर्ष स्वर्गीय श्यामलाल गोयल के स्मृति में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन करती आ रही है और इस टूर्नामेंट में नाकोड़ा ग्रुप के साथ विभिन्न बैंकों की टीम सम्मिलित होती है।

परिचालनीक कारणो से सारनाथ एवं नौतनवा एक्सप्रेस ट्रेन रदद रहेगी

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

परिचालनीक कारणो से गाड़ी संख्या 15160 / 15159 दुर्ग छपरा दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस ट्रेन 19, 20 एवं 21 फरवरी 2025 को दुर्ग से चलने वाली गाड़ी संख्या 15160 दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस एवं 21, 22 एवं 23 फरवरी को छपरा से चलने वाली गाड़ी संख्या 15159 छपरा दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस को रदद किया गया था। नव सूचना के अनुसार परिचालनीक कारणो से 22, 23, 24, 25 एवं 26 फरवरी को दुर्ग से चलने वाली गाड़ी संख्या 15160 दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस रदद रहेगी एवं 24, 25, 26, 27, 28 फरवरी को छपरा से चलने वाली गाड़ी संख्या 15159 छपरा - दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 26 फरवरी को दुर्ग से चलने वाली गाड़ी संख्या 18201 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस रदद रहेगी। इसी प्रकार वापसी में 28 फरवरी को नौतनवा से चलने वाली गाड़ी संख्या 18202 नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस रदद रहेगी।

महाशिवरात्रि पर सुंदरकाण्ड पाठ व भजन संध्या, विनय अग्रवाल एण्ड पार्टी देगी प्रस्तुति, भंडारे का भी आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर श्री चिंताहरण हनुमान मंदिर चौबे कालोनी में 26 फरवरी बुधवार को सुंदरकाण्ड पाठ, भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मशहूर भजन सम्राट विनय अग्रवाल एण्ड पार्टी प्रस्तुति देंगे। आयोजक रीना हेमंत जैन ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर मंदिर में सुबह रूद्राभिषेक, पूजा-अर्चना के साथ ही पूरे मंदिर परिसर को आकर्षक फूलों से सजाया जाएगा। संध्या 5 बजे से भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। तत्पश्चात फलिहार व भंडारा का आयोजन किया गया है। महाशिवरात्रि भारतीयों का एक प्रमुख त्यौहार है। यह भगवान शिव का प्रमुख पर्व है। फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को महाशिवरात्रि पर्व मनाया जाता है। माना जाता है कि सृष्टि का प्रारम्भ इसी दिन से हुआ था। पौराणिक कथाओं के अनुसार इस दिन सृष्टि का आरम्भ अग्निलिंग जो महादेव का विशालकाय स्वरूप है के उदय से हुआ। महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव व प ी पार्वती की पूजा होती हैं। साल में होने वाली 12 शिवरात्रियों में से महाशिवरात्रि को सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है महाशिवरात्रि पर भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था। इसके अलावा हर महीने आने वाली चतुर्थी तिथि का विशेष महत्व बताया गया है।

डॉक्टर खूबचंद बघेल की पुण्यतिथि पर नवनिर्वाचित पार्षद अवतार बागल महिलाओं, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं, गणमान्यजनों ने किया स्मरण

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य के प्रणेता प्रथम दृष्टा डॉक्टर खूबचंद बघेल की पुण्यतिथि पर राजधानी शहर रायपुर के जी. ई. मार्ग पर स्थित नवीन मार्केट फूल चौक के समीप उनकी मूर्ति स्थल के समक्ष उन्हें सादर नमन करने नगर पालिक निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में नगर निगम जोन क्रमांक 4 के सहयोग से संक्षिप्त पुष्पांजलि आयोजन रखा गया, जिसमें नगर निगम रायपुर के इंदिरा गाँधी वार्ड नम्बर 27 के नवनिर्वाचित वार्ड पार्षद अवतार बागल सहित महिलाओं, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं, गणमान्यजनों ने डॉक्टर खूबचंद बघेल को उनकी पुण्यतिथि पर नमन करते हुए मूर्ति स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

जोता मे भब्य कलश यात्रा प्रारम्भ हुई शिव महापुराण पुराण कथा

सबका कल्याण करते हैं भगवान शिव : आचार्य नंदकुमार शर्मा

पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

समीपस्थ ग्राम जोता मे 22 फरवरी से 26 फरवरी तक पंच दिवसीय श्री शिव महापुराण का आयोजन समस्त ग्रामवासी जोता द्वारा किया गया है। कथा के प्रथम दिवस शनिवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। जिसमें नव निर्वाचित ग्राम सरपंच देवेन्द्र वर्मा, पूर्व सरपंच अमिता रमेश गेंदरे सभी पंच गण सहित समस्त ग्रामवासी शामिल हुए। कथा वाचक आचार्य पंडित नंदकुमार शर्मा निनवा वाले ने बड़े ही सरल शब्दों के साथ शिव महापुराण कथा को श्रद्धालुओं को श्रवण कराए। आचार्य ने कहा भगवान शिव की कथा मानव जाति को सुख समृद्धि व आनंद देने वाली है क्योंकि भगवान शिव कल्याण एवं सुख के मूल स्त्रोत हैं। आचार्य शंकर शब्द की व्याख्या करते हुए बताया कि शं का अर्थ कल्याण और कर का अर्थ है करने वाला, वे संपूर्ण विद्याओं के ईश्वर, समस्त भूतों के अधीश्वर, ब्रह्मवेद के अधिपति तथा साक्षात परमात्मा हैं। जो प्राणी भगवान शिव की शरण में चला जाता है, चाहे वह कैसा भी हो, भगवान शिव उसको अपनाकर उसका कल्याण कर देते हैं। भगवान भोलेनाथ की कथा में गोता लगाने से मानव को प्रभु की प्राप्ति होती है लेकिन कथा सुनने व उसमें उतरने में अंतर होता है। सुनना तो सहज है लेकिन इसमें उतरने की कला हमें केवल एक संत ही सिखा सकता हैं। उन्होंने बताया कि भगवान शिव ने लोक कल्याण के लिए हलाहल विष का पान कर लिया और अमृत देवताओं को देकर सारी मानव जाती के सामने एक सन्देश रखा कि यदि महान बनना चाहते है तो त्याग की भावना से पोषित होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि जब तक मानव अज्ञानता के गहन अंधकार से त्रस्त रहेगा तब तक उसका सर्वांगीण विकास संभव नहीं हैं। जिस प्रकार बाहर के प्रकाश से बाह्य अंधकार दूर होता है उसी प्रकार आंतरिक ज्ञान प्रकाश से आंतरिक अज्ञान तमस नष्ट होता है। ज्ञान की प्राप्ति किसी पूर्ण गुरू की शरण में जाकर ही होगी, जो मानव के भीतर उस ईश्वरीय प्रकाश को प्रकट कर देते हैं। भगवान शिव के पूजन की विधि सबसे आसान और सहज है। सृष्टि के कल्याणकारी देव महादेव शिव शंकर ही ऐसे देव हैं जो मात्र एक लोटा जल श्रद्धा भाव से ग्रहण कर ही मानव के जीवन को सरल बना देते हैं। शिव हम सभी के आसपास ही विराजमान रहते हैं। न जाने किस रूप में वे अपने भक्तों को दर्शन दे जाएं। आचार्य शिव पुराण महात्म्य के अन्तर्गत बिन्दुग ब्राह्मण और चंचुला की कथा सुनाए। उन्होंने बताया कि चंचुला जो कि पाप कर्मो से युक्त थी शिव पुराण की कथा सुनते सुनते अपने प्राण त्याग दी। जिसके बाद चंचुला को शिव लोक के प्राप्ति हो गई। उन्होंने कहा कि जो भी जीव मरण काल मे शिव की कथा सुनता है या शिव जी के नामों का स्मरण करता वह जी सारे पापो से मुक्त होकर शिव लोक को प्राप्त कर लेता है।

सरपंच प्रत्याशी दुलौरिन गौर सिंह धुव ने ग्रामवासियों का अभार व्यक्त किया

पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

ग्राम पंचायत बिलाड़ी में सरपंच प्रत्याशी दुलौरिन गौर सिंह धुव ने रिकार्ड मतो से जीत हासील की है। उन्होंने अपनी जीत का श्रेय कार्यकताओं व जनता का प्यार व आर्शिवाद को दिया है। तिल्दा नेवरा रायपुर जिला के जनपद पंचायत क्षेत्र तिल्दा ब्लॉंक के ग्राम पंचायत बिलाड़ी में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में सरपंच प्रत्याशी दुलौरिन गौर सिंह धुव्र ने रिकार्ड मतो से जीत हासिल की है। ग्राम बिलाड़ी में सरपंच पद के लिए पाच प्रत्याशि दौड़ में थे। प्रत्याशियों ने अपने किसमत अजमाये, जिसमें मुकाबला देखने लायक था। दुलौरिन गौर सिंह धुव्र ने भारी मतो से विजयी घोषित हुई। मतगणना स्थल पर देर रात्रि तक चुनाव परिणाम की घोषणा की आसुकता उनके समर्थको व ग्रामीणों में थी। सरपंच चुनाव परिणाम की घोषणा देर रात्रि तक रिज्लट आने के बाद उनके सर्मथक व ग्रामीणों ने पटाके व खूब आतिश बाजी कर खुशिया मनाई गई। साथ ही निवार्चित सरपंच को बधाई देने के लिए रात्रि में ग्रामीणों की लंबी कतारे लग गई। दूसरे दिन ग्रामीणों व समर्थको के साथ नव निवार्चित सरपंच वह नव निर्वाचित पंच एवं ग्रामीण महिलाओं ने अभार रैली निकालकर मतदताओं से भेट मुलाकत कर आशिवार्द ली गई। वह अभार रैली में डी जे साऊड, गड़वा गाजे बाजे के साथ यादव समाज के लोगों द्वारा सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी गई। वही छोटे छोटे बच्चें भी डीजे साऊंड में छत्तीसगढ़ी गीतो में खूब थिरकते हुए दिखे। वहीं ग्रामीणों में काफी खुशी व उत्साह का महौल था। नव निर्वाचित सरपंच दुलौरिन गौर सिंह धुव्र ने जनता का अभिवादन करते हुए आश्वस्त किया है कि उनकी आशाओं पर मै खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगी।

फरसाबहार, कांसाबेल और पत्थलगांव जनपद पंचायत क्षेत्रों में आज होगा निर्वाचन

तीनों जनपद पंचायत क्षेत्रों में बनाए गए हैं 581 मतदान केंद्र, मतदान के लिए मतदान दलों को किया गया रवाना

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के अंतर्गत तीसरे चरण में आज जनपद पंचायत क्षेत्र फरसाबहार, कांसाबेल और पत्थलगांव में मतदान होना है। जिसके लिए इन तीनों जनपद पंचायत क्षेत्रों में कुल 581 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जिनमें फरसाबहार जनपद पंचायत क्षेत्र के लिए 158, जनपद पंचायत क्षेत्र पत्थलगांव के लिए 293 और जनपद पंचायत क्षेत्र कांसाबेल के लिए 130 मतदान केंद्र हैं। मतदान सम्पन्न कराने के लिए मतदान दलों को रवाना किया गया। मतदान दलों की रवानगी से पूर्व रिटर्निंग अधिकारी की उपस्थिति में मतदान दलों को मतदान सामग्री का वितरण किया गया। जहां सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारी, सेक्टर अधिकारी, पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी उपस्थित रहे। जहां सभी को राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का पालन करने और मतदान एवं मतगणना के समय रखी जाने वाली वाली सावधानियों के संबंध में बताया गया। तीसरे चरण में जनपद पंचायत क्षेत्र फरसाबहार, कांसाबेल और पत्थलगांव में मतदान होना है। तीनों जनपद पंचायत क्षेत्रों में 182 सरपंच पदों, पंच के 2787 पदों, जनपद पंचायत सदस्य के 62 पदों एवं जिला पंचायत सदस्य के 6 पदों हेतु मतदान किया जाएगा। जिसमें जनपद पंचायत क्षेत्र फरसाबहार में 58 सरपंच पदों, पंच के 868 पदों एवं जनपद पंचायत सदस्य के 22 पदों के लिए मतदान होंगे। वहीं जनपद पंचायत क्षेत्र कांसाबेल में 40 सरपंच पदों, 588 पंच पदों और जनपद पंचायत सदस्य के 15 पदों के लिए मतदान होंगें। इसी तरह जनपद पंचायत पत्थलगांव क्षेत्र में 84 सरपंच पदों, 1331 पंच पदों और जनपद पंचायत सदस्य के 25 पदों के लिए निर्वाचन प्रक्रिया की जाएगी। जिला पंचायत सदस्य हेतु फरसाबहार में 2, कांसाबेल में 01 और पत्थलगांव में 3 पदों के लिए भी मतदान किया जाएगा।

बोर्ड परीक्षा के संबंध में जिला स्तरीय बैठक सह प्रशिक्षण आयोजित

केन्द्राध्यक्षों, सहायक केन्द्राध्यक्षों व संकुल शैक्षिक समन्वयकों को परीक्षा संचालन के लिए दिए गए आवश्यक निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी वाई.डी. साहु के नेतृत्व में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, दुर्गावती चौक, कवर्धा में जिला स्तरीय बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस बैठक में सहायक संचालक एम.के. गुप्ता, यू.आर. चन्द्राकर, डी.जी. पात्रा एवं एम.आई.एस. प्रशासक सतीश कुमार यदु उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी वाई.डी. साहु ने 1 मार्च से आरंभ होने वाली बोर्ड परीक्षा के सुव्यवस्थित एवं सफल संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

राज्य स्तर पर प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर एवं सेजेस कचहरीपारा, कवर्धा के प्राचार्य आर.एस. धुर्वे ने उपस्थित प्रशिक्षार्थियों को छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल, रायपुर द्वारा जारी निर्देशों के आधार पर कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं के संचालन और मूल्यांकन प्रक्रिया पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों में बैठक व्यवस्था, स्वच्छता, ठंडे पेयजल की उपलब्धता, हवादार एवं प्रकाशयुक्त परीक्षा कक्ष, बोर्ड द्वारा निर्धारित पंजियों, प्रपत्रों और निर्देशों के समयानुसार समुचित क्रियान्वयन के संबंध में विशेष जोर दिया। इसके अलावा, कक्षा 5वीं एवं 8वीं की केंद्रीकृत मूल्यांकन परीक्षा के सुचारु संचालन के लिए राज्य कार्यालय से प्राप्त दिशा-निर्देशों को साझा करते हुए आवश्यक कार्ययोजना पर भी चर्चा की गई।

बैठक में प्री-बोर्ड परीक्षा 2025 की समीक्षा, वार्षिक परीक्षा (कक्षा 9वीं व 11वीं), बोर्ड परीक्षा (कक्षा 10वीं व 12वीं) और प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों की शेष कक्षाओं की परीक्षा तैयारी की समीक्षा की गई। साथ ही, अपार आईडी निर्माण की प्रगति, छात्रवृत्ति, सीजी स्कूल डॉट इन पोर्टल पर ऑनलाइन प्रविष्टि, शिक्षकों की वरिष्ठता सूची, आईपीआर अपलोड की स्थिति और लंबित अवकाश आवेदनों के त्वरित निराकरण को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए। इस एक दिवसीय बैठक सह प्रशिक्षण में जिले के चारों विकासखंडों के विकासखंड शिक्षा अधिकारी, खंड स्रोत समन्वयक, 75 परीक्षा केंद्रों के केन्द्राध्यक्ष, सहायक केन्द्राध्यक्ष, रिजर्व केन्द्राध्यक्ष एवं 150 संकुलों के संकुल शैक्षिक समन्वयक उपस्थित रहे।

मुंगेली नगरपालिका की टीम ने किया विधायक देवेंद्र यादव का गर्मजोशी से स्वागत

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

मुंगेली नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष रोहित शुक्ला ने पार्षदों के साथ भिलाई विधायक देवेंद्र यादव का कुम्हारी टोल प्लाजा में गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान देवेंद्र यादव ने रोहित शुक्ला को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी और जल्द ही मुंगेली आने का वादा किया। तदउपरांत पार्षदों की टीम पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया। खनिज विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष गिरीश देवांगन ने भी प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय में रोहित शुक्ला और पार्षदों को बधाई दी। इस अवसर पर कांग्रेस प्रदेश प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गेंदू ने भी सभी विजयी पार्षदों को शुभकामनाएं दीं और जल्द ही उपाध्यक्ष पद के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा पर्यवेक्षक नियुक्त करने की घोषणा की। इस अवसर पर कांग्रेस के नेता हेमेंद्र गोस्वामी, स्वतंत्र मिश्रा, संजय यादव, संजय जायसवाल, एजाज़ खोखर, राजेश छैदईया, ठाकुर, मनीष चौबे, विनय चोपड़ा, सूरज यादव, अरविंद वैष्णव, कुलदीप पाटले, रवि कोसले, संजय चंदेल, मकबूल खान, नारद देवांगन, दिलीप सोनी, सूरज मंगलानी, नीरज यादव, राजा मल्लाह ,गौरव जैन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने मतदान दलों को शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराने दी शुभकामनायें

पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 अंतर्गत तृतीय चरण में जिले के जनपद पंचायत बलौदाबाजार अंतर्गत 277 और पलारी के 275 मतदान केंद्रों में रविवार को मतदान होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी ने शनिवार को मतदान सामग्री वितरण केंद्र पण्डित चक्रपाणी शुक्ल स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बलौदाबाजार एवं बृजलाल वर्मा शासकीय महाविद्यालय पलारी पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शितापूर्ण मतदान और मतगणना सम्पन्न कराने जरुरी निर्देश देते हुए मतदान दलों को शन्तिपूर्ण मतदान संपन्न कराने शुभकामनायें दिये। सामग्री प्राप्ति एवं मिलान के उपरांत अपने- अपने सेक्टर अधिकारी की निगरानी में दोनों जनपद पंचायत के मतदान दल आवंटित मतदान केंद्र के लिए रवाना हुए।

मतदान प्रातः 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक मत पत्र से होगी। इस दौरान अपर कलेक्टर मिथलेश डोंडे सहित आरओ एवं एआरओ भी मौजूद थे। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत बलौदाबाजार में 93358 पुरुष, 93598 महिला कुल 1,86,956 एवं जनपद पंचायत पलारी में 80824 पुरुष, 81472 महिला एवं 1 अन्य कुल 1,62,297 मतदाता मतदान करेंगे। जनपद पंचायत बलौदाबाजार में पंच पद के 1027, सरपंच के 105, जनपद सदस्य के 25 एवं जिला पंचायत सदस्य के 4 सीटों क्षेत्र क्रमांक 8,9,10 एवं 11 के लिए मतदान होगा। पंच पद के लिए 2509, सरपंच के लिए 488, जनपद सदस्य के लिए 115 एवं जिला पंचायत सदस्य के लिए 23 अभ्यर्थी चुनाव लड़ रहे है। इसीप्रकार जनपद पंचायत पलारी में पंच पद के 899, सरपंच के 99, जनपद सदस्य के 25 एवं जिला पंचायत सदस्य के 3 पदों के लिए क्षेत्र क्रमांक 12, 13 एवं 14 के लिए मतदान होगा। पंच पद के लिए 2066, सरपंच के लिए 489, जनपद सदस्य के लिए 122 एवं जिला पंचायत सदस्य के लिए 28 अभ्यर्थी चुनाव लड़ रहे हैं।

आदिशक्ति दुर्गा धाम एवं दुर्गाधाम समिति ने आयोजित की संगीतमय शिवमहापुराण कथा

पायनियर संवाददाता ◄ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

आदिशक्ति दुर्गा धाम एवं दुर्गाधाम समिति के द्वारा आयोजित संगीतमय शिवमहापुराण कथा का आयोजन शुक्रवार से शुरू हुआ। इस कथा के पूर्व एक भव्य कलश यात्रा भी निकाली गई, जो आमाखेरवा स्थित आदिशक्ति धाम में पहुंची। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और धार्मिक वातावरण को महसूस किया।

कथा के मुख्य विषयों में नारदमोह सतिचरित, दक्ष यज्ञ विध्वंस, शिव-पार्वती विवाह, त्रिदेव उत्पत्ति, गणेश जन्म, त्रिपुर वध, अर्धनारी अवतार, दधीचि प्रसंग, द्वादश ज्योतिर्लिंग का वर्णन, और महादेव के अंगों द्वारा देवी उत्पत्ति जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक प्रसंग शामिल हैं। ये सभी प्रसंग श्रद्धालुओं को भगवान शिव और देवी दुर्गा की महिमा का अनुभव कराने के लिए सुनाए जाएंगे। कथा का वाचन विनोदानंद महराज, जो सद्गुरु सेवा सदन अयोध्या धाम के प्रमुख हैं, करेंगे। वे प्रतिदिन दोपहर में 3 बजे से कथा का वाचन शुरू करेंगे, और श्रद्धालु उनके द्वारा बताए गए संदेशों को सुनने के लिए आकर्षित होंगे। इस कथा के समापन पर, 1 मार्च 2025 को एक विशेष आयोजन होगा, जिसमें पार्थिव पूजन और रुद्राभिषेक का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन भक्तों के लिए एक अद्वितीय अवसर होगा, जिसमें वे भगवान शिव की पूजा अर्चना कर सकते हैं और रुद्राभिषेक के माध्यम से आशीर्वाद प्राप्त कर सकते हैं। श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि वे इस धार्मिक आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लें और भगवान शिव तथा देवी दुर्गा की कृपा प्राप्त करें।

तृतीय चरण में होने वाले चुनाव के लिए विकासखण्ड पथरिया क्षेत्र में सभी तैयारी पूरी

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप तृतीय चरण में होने वाले चुनाव के लिए विकासखण्ड पथरिया क्षेत्र में सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल देव के निर्देशानुसार, मतदान केंद्रों में पेयजल, छाया, बिजली और सुरक्षा जैसी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं।

कलेक्टर ने क्षेत्र के सभी मतदाताओं से लोकतंत्र के इस पर्व में अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की है। वहीं, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देशानुसार मतदान केंद्रों में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने भी सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने का आग्रह किया है। मतदान प्रक्रिया 23 फरवरी को प्रातः 07 बजे से प्रारंभ होगी और दोपहर 03 बजे तक चलेगी। वहीं मतदान प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद संबंधित केंद्र में मतगणना भी की जाएगी। जनपद पंचायत पथरिया क्षेत्र अंतर्गत शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए विकासखंड मुख्यालय स्थित मंगल भवन में मतदान दलों को सामग्री वितरण किया गया। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक रामप्रसाद चैहान ने मतदान दलों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय, अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, पथरिया एसडीएम बी.आर. ठाकुर सहित संबंधित अधिकारियों ने मतदान दलों को शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न कराने शुभकामनाएं दी और हरी झंडी दिखाकर निर्धारित मतदान केंद्र के लिए रवाना किया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी मेनका प्रधान ने बताया कि पथरिया जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत 96 ग्राम पंचायत के लिए 297 मतदान केन्द्र और केन्द्रों तक पहुंचने के लिए 82 रूट बनाए गए हैं। मतदान केंद्रों में शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए सेक्टर ऑफिसर लगातार निगरानी करेंगे। रिजर्व सहित 356 मतदान दलों द्वारा मतदान प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी।

बलरामपुर रामानुजगंज जिले का मामलाः राजपुर पहाड़ी कोरवा आश्रम की छात्रा निकली 6 माह की गर्भवती

पायनियर संवाददाता ◄ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

जिले के राजपुर पहाड़ी कोरवा कन्या शिक्षा परिसर में पढ़ने वाली कक्षा दसवीं की नाबालिग छात्रा गर्भवती हो गई। महिला एवं बाल विकास, बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) से सूचना मिलने पर राजपुर पुलिस ने मामले में रेप का अपराध दर्ज किया है। छात्रा करीब छह माह की गर्भवती है। मामले में पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पहाड़ी कोरवा कन्या शिक्षा परिसर में रहकर कक्षा दसवीं में अध्ययनरत 16 वर्षीय छात्रा के बीमार होने पर हॉस्टल की अधीक्षिका ने उसे जांच के लिए हॉस्पिटल भेजा और जांच कराई। जांच में छात्रा के छह माह की गर्भवती होने का पता चला। परिजनों ने इसकी शिकायत बलरामपुर महिला एवं बाल विकास, बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) को दी।

सीडब्ल्यूसी के पत्र पर दर्ज हुआ अपराधः सीडब्ल्यूसी के बसंत मिंज ने बताया कि छह दिन पहले इसकी शिकायत मिली थी। बाल कल्याण समिति ने छात्रा का बयान दर्ज किया। बयान के आधार पर सीडब्ल्यूसी द्वारा एफआईआर दर्ज करने के लिए आवेदन राजपुर थाना प्रभारी को भेजा गया।

तत्पश्चात राजपुर पुलिस ने छात्रा के परिजनों को थाने बुलाया और मामले में आरोपी के विरुद्ध धारा 376,पास्को एक्ट की धारा 4,6 के तहत केस दर्ज कर लिया। तत्पश्चात राजपुर थाना प्रभारी चंदन सिंह ने बताया कि छात्रा के बयान के आधार पर पुलिस ने सन्नी देवल 19 वर्ष को गिरफ्तार कर पूछताछ प्रारंभ की गई तो आरोपी ने बताया कि छात्रा से उसका प्रेम संबंध कुछ सालों से चल रहा था। छात्रा जब गांव गई हुई थी, तब दोनों के बीच शारीरिक संबंध बने थे, जिसके बाद छात्रा गर्भवती हो गई। पुलिस ने आरोपी सन्नी देवल को कोर्ट में पेश किया जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

सूरज लाल जनबंधु का मृत शरीर मानवता के भलाई के लिए समर्पित

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com

मानवता की भलाई के लिए सूरज लाल जनबंधु के मरणोपरांत उनका पार्थिव शरीर चिकित्सा अध्ययन के लिए समर्पित की गई है। आदर्श नगर चरौदा भिलाई निवासी जनबंधु परिवार के सभी सदस्यों कि सहमति से व दिवंगत सूरज लाल जनबंधु ने अपने जीवन काल में देहदान कि घोषणा पत्र पं.जवाहर लाल नेहरू स्मृति मेडिकल कालेज रायपुर के लिए की थी। रेलवे से सेवानिवृत्त दिवंगत सूरज लाल जनबंधु जी का देहांत 88 वर्ष कि उम्र में सेक्टर -9 हास्पीटल भिलाई में हो गया जिसकी सूचना परिजनों द्वारा महामानव मल्टीपर्पस सोसायटी के अध्यक्ष आशीष चौहान को दी गई। इसके पश्चात देहदान के लिए वाहन व्यवस्था के अलावा अन्य औपचारिकताएं पूरी महामानव मल्टीपर्पस सोसायटी द्वारा कि गई। देहदानी सूरज लाल जनबंधु के अंतिम यात्रा में उनकी पत्नी सरिता जनबंधु दोनों पुत्र व पुत्रवधु रेखा पुरूषोत्तम जनबंधु व भावना भीमराव जनबंधु व पुत्री सुगंधा दिलीप खोबरागड़े व रूपा विजय टेम्भुरकर दामाद एवं रिश्तेदारों के अलावा दुर्ग, भिलाई, चरौदा के बौद्ध समाज के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी शामिल थे।

महामानव मल्टीपर्पस सोसायटी द्वारा छत्तीसगढ़ के विभिन्न मेडिकल कालेजों में अध्ययन व अध्यापन के लिए लोगों को देहदान, नेत्रदान, स्किन दान के लिए प्रेरित किया जाता है इसी कड़ी में मानवता के भलाई के लिए जनबंधु परिवार ने दिवंगत सूरज लाल जनबंधु के पार्थिव शरीर को पं.जवाहर लाल नेहरू स्मृति मेडिकल कॉलेज रायपुर को समर्पित किया इस अवसर पर कालेज कि एनाटॉमी विभाग कि प्रमुख डॉ. जाग्रति अग्रवाल ने परिवार के सभी सदस्यों के समक्ष सम्मान पत्र प्रदान किया व नेक काम के लिए मेडिकल कॉलेज कि और से साधुवाद दिया।

रोबोटिक तकनीक का उद्देश्य तेजी से डिस्चार्ज और रिकवरी को बढ़ाना

एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स ऑफ इंडिया के सीजी स्टेट चैप्टर का 23वां वार्षिक सम्मेलन आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

रामकृष्ण केयर अस्पताल, रायपुर द्वारा एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स ऑफ इंडिया के सीजी स्टेट चैप्टर का 23वां वार्षिक सम्मेलन सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। रामकृष्ण केयर अस्पताल रायपुर में सर्जिकल एक्सीलेंस ब्रिजिंग इनोवेशन विद केयर विषय पर दो दिवसीय व्यापक सम्मेलन आयोजित किया गया। इस वैज्ञानिक भव्य आयोजन में देश भर से प्रतिष्ठित राष्ट्रीय संकायों ने भाग लिया। लाइव सर्जरी सत्र इंटरैक्टिव थे और सर्जरी के क्षेत्र में हाल ही में हुई प्रगति और दर्शकों की सीखने की अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए सोचे-समझे थे। इन सत्रों में कुल 250 से अधिक प्रतिभागियों और 10 राष्ट्रीय संकायों ने भाग लिया। प्रख्यात सर्जनों के नेतृत्व में जटिल सर्जिकल मामलों की एक श्रृंखला ली गई। इसमें सर्जनों के लिए एक पोस्टर और पेपर प्रेजेंटेशन भी शामिल था। प्रतिभागियों ने विभिन्न पेपर और पोस्टर प्रेजेंटेशन के रूप में अपने कौशल और सीखने का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर बोलते हुए विजेताओं को पुरस्कार भी दिए गए, बॉम्बे अस्पताल के प्रसिद्ध जनरल, लेप्रोस्कोपिक और कोलोरेक्टल सर्जन डॉ. निरंजन अग्रवाल ने कहा, सर्जिकल तकनीकों में उन्नति और एआई सक्षम रोबोटिक तकनीक का उद्देश्य तेजी से डिस्चार्ज और रिकवरी को भी बढ़ाता है, जिससे उपचार अधिक लागत प्रभावी हो जाता है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने छोटे शहरों के सर्जनों के लिए निरंतर ज्ञान उन्नयन के महत्व पर प्रकाश डाला, उन्हें नई तकनीकों और सीखने के अवसरों से परिचित कराया, जिन्हें विभिन्न क्षेत्रों में सर्जिकल परिणामों को बेहतर बनाने के लिए दोहराया जा सकता है। एएसआई के अध्यक्ष, प्रोफेसर और एचओडी, सर्जरी विभाग और एमजीएम मेडिकल कॉलेज, औरंगाबाद के डिप्टी डीन डॉ प्रवीण राजेंद्र सूर्यवंशी ने स्वास्थ्य सेवा में सामर्थ्य के महत्व के बारे में कहा। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि टियर 2 शहरों में उच्च तकनीक वाली चिकित्सा तकनीक शुरू करने से उन्नत उपचार विकल्पों को सुनिश्चित करते हुए लागत कम करने में मदद मिलती है। उन्होंने किफायती देखभाल में महत्वपूर्ण विकास का भी उल्लेख किया और उपचार की समग्र लागत में वृद्धि किए बिना गुणवत्ता के परिणाम बनाए रखने के लिए सर्जिकल चेकलिस्ट के उपयोग पर जोर दिया। अन्य प्रतिष्ठित संकायों में डॉ सोमशेखर एस पी, रोबोटिक सर्जन, एस्टर अस्पताल, बेंगलुरु, डॉ जी दिवाकर, सचिव एएसआई, डॉ आर पार्थसारथी, जीईएम अस्पताल, कोयंबटूर और कई अन्य शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन रायपुर के रामकृष्ण केयर अस्पताल की पूरी सर्जिकल टीम द्वारा किया गया, जिसका नेतृत्व डॉ. संदीप दवे (प्रबंधन सह चिकित्सा निदेशक और एचओडी, रोबोटिक सर्जरी) और उनकी लेप्रोस्कोपी और रोबोटिक सर्जनों की टीम ने किया, जिसमें डॉ. सिद्धार्थ तामस्कर, डॉ. विक्रम शर्मा और डॉ. जवाद नकवी और डॉ. अजीत मिश्रा और डॉ. धीरज प्रेमचंदानी (हेपेटोबिलरी सर्जरी विभाग) की पूरी ओटी टीम, क्लिनिकल और नॉन-क्लिनिकल, प्रशासन और नर्सिंग स्टाफ शामिल थे।

मोतीपुर, सांकरा ग्राम पंचायत के भार लोधी समाज के कंधों पर, दो युवा नेता पर ग्रामीणों का भरोसा

पायनियर संवाददाता ◄ अम्लेश्वर
www.dailypioneer.com

जनपद पंचायत पाटन अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत मोतीपुर सांकरा के सरपंच बने दो युवा नेता रवि सिंगौर और मोहन लोधी। आपको बता दें ग्राम पंचायत सांकरा के सरपंच बने रवि सिंगौर और मोतीपुर ग्राम पंचायत के सरपंच बने मोहन लोधी। दोनों पंचायत की कमान लोधी समाज के कंधों पर है। दो युवा नेता के ऊपर ग्राम वासियों ने भरोसा जताया है। लोधी समाज के सरपंच बनने पर समाज के प्रमुखों ने बधाई देकर उज्जवल भविष्य की कामना की है। साथ ही लोधी समाज में खुशी की लहर है।

नगर पंचायत के पर्यवक्षक हुए नियुक्त

मनेन्द्रगढ़। भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंग देव ने भाजपा जिलाध्यक्ष एमसीबी चम्पा देवी पावले की सहमति से नगर पंचायत झगड़ाखांड के लिए कृष्ण बिहारीजायसवाल, खोंगापानी के लिए जमुना पाण्डेय,नई लेदरी के लिए डमरू बेहरा और जनकपुर के लिए राहुल सिंह को उपाध्यक्ष चयन हेतु प्रयवेक्षक नियुक्त किया गया।

राम मूर्ति देवी अग्रवाल का निधन

रायपुर। रायपुर निवासी राम मूर्ति देवी अग्रवाल उम्र 79 वर्ष (पी पुरुषोत्तम दास अग्रवाल) खरसिया वाले, निवासी 32, सिग्नेचर होम्स, मैग्नेटो मॉल के पास, रायपुर का स्वर्गवास शनिवार को हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा रविवार को प्रातः 10:00 बजे निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशान घाट, बूढ़ातालाब पहुंचेगी।

अंबिका सहाय का निधन

रायपुर। देवेन्द्र नगर सी5 सेक्टर 3 निवासी इलाहाबाद बैंक के सेवानिवृत ब्रांच मैनेजर अंबिका सहाय का 77 वर्ष की उम्र में नारायणा हॉस्पिटल में निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा रविवार को सुबह 11 बजे देवेन्द्र नगर स्थित निवास से देवेन्द्र नगर मुक्ति धाम के लिए निकलेगी। वे अनुष और पीयूष के पिता थे और ओंकार सहाय, विष्णु सहाय और रविन्द्र सहाय के भाई थे।

भाजपा का आरोप : कांग्रेस में नोटिस और निष्कासन भी पैसे कमाई का जरिया

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

कांग्रेस में शायद नोटिस और निष्कासन भी पैसे के लिए किए जाते है कांग्रेस के अंदर की गजब कहानी यही कहती है जिसमें कांग्रेस के पूर्व विधायक, विनय जायसवाल ने पहले कांग्रेस पर पैसे लेकर टिकट बेचने का आरोप लगाया, फिर 6 साल के लिए निष्कासित हुए, 6 साल तो नहीं पर 6 महीने के अंदर वो पार्टी में न सिर्फ वापिस आए बल्कि महापौर का टिकट भी ले आए। जो आरोप कांग्रेस पर लगाया था उसी प्रकिया से वो खुद महापौर प्रत्याशी बन गए अतः कांग्रेस में बाप बड़ा न भैया सबसे बड़ा रुपैया। भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कांग्रेस की कलह पर हमला करते हुए पत्रकारवार्ता से चर्चा करते हुए कहा पिछले दिनों कांग्रेस ने

दो बार के विधायक कुलदीप जुनेजा ने प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के बारे में कहा कि उनके नैतिकता नहीं है इतनी बार पार्टी को हरवाने के बाद भी उन्होंने इस्तीफा नहीं दिया और बोलना पड़ रहा है यह शर्म की बात है अब इस बात फिर कुलदीप जुनेजा को कारण बताओ नोटिस दिया गया है अब कहानी फिर वही है कुलदीप जुनेजा जिन्होंने कांग्रेस पार्टी पर निष्काशित लोगो को पैसे लेकर फिर से पार्टी में लेने का आरोप लगाया था अब फिर वो खुद पैसे देकर अपने ऊपर कार्यवाही से बचेंगे। कांग्रेस अब एक राजनीतिक दल नहीं लुटेरी गैंग बन के रह गई है जो सब को लूट रही है। श्रीवास्तव ने कहा कांग्रेस अपने आपराधिक कृत्यों की वजह से आंतरिक कलह के चक्रव्यूह में फंस चुकी है। पूर्व मंत्री अमरजीत भगत बड़े नेताओं को हार का जिम्मेदार मान रहे है और खुलेआम बयानबाजी कर रहे है कि हम टॉप लीडरशिप की वजह से चुनाव हार रहे है, जिसमें दीपक बैज, भूपेश बघेल, टीएस सिंहदेव का नाम वो बार बार बोल रहे है नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत, टीएस बाबा के ही नेतृत्व में चलने की बात कर रहे है ऐसे में कांग्रेस में किसी को किसी का नेतृत्व स्वीकार नहीं है हर कोई एक दूसरे पर केवल आरोप ही लगा रहा है। भाजपा ने जहां बूथ, मंडल, जिला और प्रदेश के सभी संगठन के चुनाव समय पर कर लिए परन्तु कांग्रेस चार शर्मनाक हारो के बाद कलह के दल दल में डूबती जा रही है। पत्रकारवार्ता में भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी, प्रदेश प्रवक्ता अमित साहू,राजीव चक्रवती, निशिकान्त पांडे मौजूद रहे।

भाजपा ने नगर पालिका-पंचायतों में उपाध्यक्ष चयन के लिए नियुक्त किए पर्यवेक्षक

कौशिक को रायपुर, पांडेय को बिलासपुर और शर्मा को बनाया गया अंबिकापुर का पर्यवेक्षक

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने नगर निगमों में सभापति और नगरपालिकाओं-नगर पंचायतों में उपाध्यक्ष के निर्वाचन के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। भाजपा नगरीय निकाय चुनाव समिति के प्रदेश प्रभारी भूपेंद्र सिंह सवन्नी ने यह जानकारी दी है। नगर निगमों में सभापति निर्वाचन हेतु नियुक्त पर्यवेक्षकों की सूची में बिलासपुर संतोष पाण्डेय, कोरबा पुरंदर मिश्रा, रायगढ़ ललित चंद्राकर, अम्बिकापुर शिवरतन शर्मा, चिरमिरी गोमती साय, रायपुर धरमलाल कौशिक, धमतरी मोतीलाल साहू, दुर्ग संजय श्रीवास्तव, राजनांदगाँव रूपकुमारी चौधरी और जगदलपुर नारायण चंदेल।

नगरपालिकाओं में उपाध्यक्ष निर्वाचन हेतु नियुक्त पर्यवेक्षकों की सूची में रायपुर सम्भाग : आरंग चंदूलाल साहू, तिल्दा संतोष उपाध्याय, मंदिरहसौद ओमप्रकाश देवांगन, अभनपुर रंजना साहू, गोबरा-नवापारा अंजय शुक्ला, बलौदाबाजार जयंती पटेल, भाटापारा देवजीभाई पटेल, सिमगा सुभाष तिवारी, गरियाबंद किशोर महानंद, महासमुन्द प्रफुल्ल विश्वकर्मा, बागबाहरा श्रीचंद सुंदरानी, सरायपाली अवधेश जैन, दुर्ग सम्भाग : अहिवारा संदीप शर्मा, अमलेश्वर राजीव अग्रवाल, कुम्हारी डॉ. सियाराम साहू, बेमेतरा प्रदीप गांधी, बालोद रिकेश सेन, दल्लीराजहरा शंकर अग्रवाल, डोंगरगढ़ लाभचंद बाफ्ना, कवर्धा लोकेश कावड़िया, पण्डरिया गौरीशंकर श्रीवास, बस्तर सम्भाग : काँकेर अभिषेक शुक्ला, कोण्डागाँव डॉ. सुभाऊ कश्यप, नारायणपुर शालिनी राजपूत, दन्तेवाड़ा बृजमोहन देवांगन, किरन्दुल सत्यजीत सिंह चौहान, बड़े बचेली बैदूराम कश्यप, सुकमा विधाशरण तिवारी, बीजापुर लच्छुराम कश्यप, बिलासपुर सम्भाग : रतनपुर डॉ. खिलावन साहू, बोदरी गुलाब चंदेल, तखतपुर दुर्गा महेश्वर, गौरेला शैलेष शिवहरे (कोरिया), पेण्ड्रा सुशांत शुक्ला, लोरमी किशोर राय, मुंगेली अवधेश चंदेल, सक्ती जोगेश लाम्बा, जांजगीर-नैला प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, चाँपा विजय अग्रवाल, अकलतरा विकास महतो, दीपका राकेश तिवारी, कटघोरा हर्षिता पाण्डेय, बांकीमोंगरा दिनेश सिंह, खरसिया संयोगिता सिंह जूदेव, सरगुजा सम्भाग : जशपुरनगर निर्मला सिन्हा, सूरजपुर अम्बिकेश केशरी, बलरामपुर ओमप्रकाश सिन्हा, रामानुजगंज अखिलेश सोनी, मनेन्द्रगढ़ रितेश गुप्ता।

जेल से छूटते ही देवेंद्र यादव पर यातायात प्रभावित करने पुलिस ने किया एफआईआर दर्ज

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

बलौदा बाजार हिंसा मामले में जमानत पर छूटे कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव के खिलाफ रायपुर पुलिस ने एक और केस दर्ज किया है। गंज निरीक्षक की शिकायत पर देवेंद्र यादव, सुबोध हरितवाल, आकाश शर्मा समेत 13 लोगों के खिलाफ नामजद शिकायत हुई है। गंज निरीक्षक यशवंत प्रताप सिंह की शिकायत पर ये केस दर्ज हुआ है। पुलिस ने जश्न के दौरान सड़क जाम करने के आरोप में एफआईआर दर्ज की है। शिकायतकर्ता निरीक्षक यशवंत प्रताप सिंह ने अपनी शिकायत में बताया, कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर देवेंद्र यादव

को केंद्रीय जेल रायपुर से रिहा किया गया। उनकी रिहाई के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जेल के बाहर जमकर नारेबाजी की और मुख्य सड़क पर जाम लगा दिया। करीब 500-600 कांग्रेस कार्यकर्ता सड़क पर उतर आए और फाफाडीह चौक से कचहरी चौक जाने वाली सड़क को जाम कर दिया, जिससे आम जनता को भारी परेशानी हुई। आधे घंटे तक यातायात बाधित रहा, जिससे एम्बुलेंस और यात्री बसों का आवागमन भी प्रभावित हुआ। पुलिस ने कार्यकर्ताओं से आवागमन सुचारू करने की अपील की, लेकिन वे नहीं माने। देवेंद्र यादव ने भी अपने समर्थकों को सड़क पर ही संबोधित किया।

बदहाल कानून व्यवस्था में 24 घंटे दुकाने कैसे खुलेगी ? : बैज

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्य में 24 घंटे दुकाने खुली रखने के निर्णय पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि यह सरकार दिन में तो लोगों को सुरक्षा नही दे पा रही है। प्रदेश में कानून की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। रोज हत्याये, चाकूबाजी, डकैती की घटनाये की हो रही है, लोग घर से बाहर निकलते है तो कौन से चौराहे में कौन नशेड़ी व्यक्ति चाकू मार देगा इसकी कोई गारंटी नही है। महिलाये रात को घर से बाहर

निकलने को डरती है। जब राजधानी में दिन दहाड़े हत्या हो रही है, गोलियां चल रही ऐसे में आम आदमी के बीच जो भय का वातावरण है उसे दूर करने में भाजपा सरकार नाकामयाब साबित हुई है सरकार बताये रात में जब दुकाने खुलेगी तो आम आदमी और व्यापारियों की सुरक्षा की गारंटी कौन लेगा? प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि ऐसे असुरक्षित वातावरण में कौन घर से सामान खरीदने बाजार जायेगा? 24 घंटे दुकाने खोलने का अनुमति दे भी रहे तो ऐसा वातावरण तैयार करना चाहिये कि लोग अपने घर से बाहर खरीदारी करने निकले तो सुरक्षा प्रदान की जा सके। प्रदेश में कानून की स्थिति बदतर हो गयी है कि लोग घर से बाहर निकलने के लिये डरते है। ऐसे में रात में दुकाने खोलने की अनुमति दे भी दिये तो लोग डर के कारण समान खरीदने नही जायेंगे। पहले वातावरण और कानून व्यवस्था सुधारने की आवश्यकता है।

राज्यपाल डेका से प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्ववरीय विश्ववविद्यालय के संचालक ने की सौजन्य भेंट

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्यपाल रमेन डेका से राजभवन में प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की संचालक ब्रम्हकुमारी सविता दीदी ने सौजन्य भेंट की। उन्होंने डेका को शिवरात्रि पर्व के अवसर में प्रजापति ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के लिए आमंत्रित किया। इस अवसर पर बी. के रश्मि, बी. के. पूर्णिमा, मनीष दूधवानी उपस्थित थे।

डॉ. महंत की अध्यक्षता में कांग्रेस विधायक दल की बैठक 24 को

रायपुर। विधानसभा का बजट सत्र 24 फरवरी से 21 मार्च तक चलेगा। कांग्रेस विधायक दल की बैठक 24 फरवरी को

शाम 6 बजे शांति नगर सी-05 नेता प्रतिपक्ष निवास में आयोजित होगी। बैठक विधायक दल के नेता डॉ. चरणदास महंत की अध्यक्षता में संपन्न होगी। बैठक में रणनीति तैयार करने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व उपमुख्यमंत्री टी. एस. सिंहदेव, पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया, पूर्व मंत्री अमरजीत भगत, पूर्व मंत्री जयसिंग अग्रवाल, पूर्व मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम, पूर्व मंत्री रूद्र गुरू, पूर्व पीसीसी अध्यक्ष धनेन्द्र साहू, पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा, पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर, पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ल, पूर्व मंत्री उमेश पटेल, पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया, पूर्व मंत्री मोहन मरकाम, सहित सभी सम्मानित कांग्रेस विधायकगण उपस्थित रहेंगे।

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मोर मकान मोर आस में मठपुरैना, सोनडोंगरी, दलदल सिवनी, कचना के 180 परिवारों को नगर निगम में लॉटरी पद्धति से आवासों का आबंटन किया गया

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री आवास योजना केन्द्र सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके अंतर्गत प्रदेश भर में आवासहीन परिवारो को किफायती दर पर स्वयं का पक्का आवास उपलब्ध कराया जाता है। छत्तीसगढ़ राज्य महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना का क्रियान्वयन नगरीय निकायों के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व और उपमुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग अरूण साव के मार्गदर्शन में किया जा रहा है और पात्रतानुसार नागरिकों को आवास योजना के तहत उपलब्ध करवाये जा रहे है। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत मोर मकान मोर आस के तहत

रायपुर जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार एवं नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम रायपुर के चतुर्थ तल सामान्य सभा कक्ष में मठपुरैना, सोनडोंगरी, दलदलसिवनी, कचना स्थल के 180 परिवारो को आवास आबंटन किया गया। आवासो का आबंटन समस्त हितग्राहियों प्रधानमंत्री आवास योजना शाखा के अधीक्षण अभियंता संजय बागड़े, प्रभारी सहायक अभियंता अमित बोस, उप अभियंता मानसी सिंघानिया की उपस्थिति में लॉटरी पद्धति से पूर्ण पारदर्शिता के साथ किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के एएचपी घटक अंतर्गत कुल 11044 मकान स्वीकृत है। जिसमें से 8986 मकानो का आबंटन पूर्ण कर हितग्राहियो को हितग्राही अंशदान की राशि पूर्ण रूप से जमा करने उपरांत सर्वसुविधायुक्त मकान का पजेशन दिया जा रहा है। निर्माणकर्ता एजेंसियों को 02 वर्ष की अवधि तक निर्मित आवासों में आने वाले लीकेज, सीपेज, पेंटिग, प्लास्टर क्रैक एवं अन्य समस्याओं का सुधार करना होगा।

नवीन सड़क निर्माण में बरती जा रही कोताही, साइड सोल्डर पर डाला जा रहा मिट्टी युक्त मुरुम ग्रामीणों में नाराजगी

हल्दी–पसौद सड़क नवीनीकरण कार्य में ठेकेदार द्वारा बरती जा रही अनियमितता

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

ग्राम भेंगारी के मुख्य मार्ग से हल्दी-पसौद सड़क नवीनीकरण का कार्य हो रहा है। निर्माण कार्य में ठेकेदार की मनमानी सामने आई है। यहां पर सड़क के किनारे पटरी भराई में मुरुम की जगह मिट्टी युक्त मुरुम डाला जा रहा है। साइड सोल्डर में मिट्टी डालने से सड़क कितने दिन तक टिकाऊ रहेगा, इस पर संदेह है। जब सड़क का किनारा ही कमजोर होगा तो सड़क की गुणवत्ता का अंदाजा लगाया जा सकता है। ग्रामीणों में गुणवत्ताहीन निर्माण को लेकर रोष का माहौल है। इसके अलावा कार्य मे कई अनियमितताएं देखने को मिल रही है। सड़क निर्माण में की जा रही गड़बड़ी को विभाग के फील्ड इंजीनियर द्वारा नजरअंदाज किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में सड़क की मजबूती व गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। कार्य की गुणवत्ता पर शुरू से सवाल उठते रहे हैं, लेकिन फील्ड अधिकारियों की लापरवाही के परिणाम स्वरूप गुणवत्ताहीन निर्माण बदस्तूर जारी है।

गुणवत्ता जांचने समय नहीं

आपको बता दे की हल्दी-पसौद सड़क नवीनीकरण का कार्य हो रहा है। निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा नियमों को ताक में रख कर मुरुम की जगह मिट्टी का उपयोग किया जा रहा है। और ग्राम पसौद में कई जगह मुरुम ही नही डाला गया है, जिसके चलते ग्रामीणों में नाराजगी देखी जा रही है। बावजूद इसके निर्माण एजेंसी के जिम्मेदार अधिकारी मौके पर जाकर गुणवत्ता जांचने गंभीर नहीं है।

सूचना बोर्ड का अता पता नहीं

आपको बता दे कि जहा सड़क निर्माण किया जाता है, वहा विभाग द्वारा कार्य के पहले ही सूचना बोर्ड लगाया जाता है। जिससे ग्रामीण व राहगीरों को पता चल सके कि सड़क कहा से कहा और कितनी लागत से बन रही है या बनी है। लंबाई, चौड़ाई, मीटर और किस विभाग द्वारा बनाई जा रही है, ये पता चल सके।

एक ही बारिश में उखड़ जाएगी सड़क

निर्माणाधीन सड़क के किनारे मिट्टी युक्त मुरुम डालने से सड़क जल्द ही उखड़ जाएगी। बावजूद इसके जिम्मेदार विभाग के अधिकारी मौके पर कार्य की मानिटरिंग करने नहीं जा रहे हैं। घटिया निर्माण को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीण रिखीराम साहू, गुहरी राम साहू, बिमला बाई साहू, खोमेश साहू, डिगेश्वर सिन्हा, दौलत राम साहू एवं धुला बाई साहू ने बताया कि मिट्टी डालने से यह सड़क टिकाऊ नहीं रहेगा। गांव में कई जगह मुरुम ही नही डाला गया है। सड़क में काम करने वाले लोगो से कहा गया गया तो बाद में डालेंगे कह कर बहाने बना रहे है। कई जगह मुरुम नही डालने पर ग्रामीण अपने घर के निकले हुए कुड़चुल को सड़क किनारे बिछाए हुए है ताकि उनको चलने में दिक्कत न हो।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403